CMYK

दैनिक

जयपुर,सीकर, झुंझुनूं, चुरू,नागौर एवं अलवर से एक साथ प्रकाशित

# जयपुर टाइम्स

नई सोच नई रफ्तार

वर्ष : 10 अंक : 319 ■ डाक पंजीयन संख्या : जयपुर सिटी / 007/2017-19 जयपुर, रविवार 14 दिसम्बर, 2025 ■ RNI.No.RAJHIN/2016/70162 मूल्य : 1.50 रुपए पृष्ठ : 8+st

# भजनलाल ने आमजन को दिलाई सड़क सुरक्षा की शपथ, यातायात नियमों की पालना करने की की अपील







जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने शनिवार को जयपुर के जनपद स्थित अमर जवान ज्योति पर आयोजित सड़क सुरक्षा अभियान के राज्य स्तरीय समारोह में शिरकत की उन्होंने इस दौरान सड़क सुरक्षा अभियान से संबंधित पोस्टर का विमोचन किया तथा उपस्थित लोगों को सड़क सुरक्षा की शपथ दिलाते हुए यातायात नियमों का पालन करने कीअपील की मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कार्यक्रम में सड़क दुर्घटनाओं में घायलों की जान बचाने वाले नागरिकों को भी सम्मानित किया। शर्मा ने इन जीवन रक्षक का हौसला बढ़ाते हुए उनके नेक कार्य की प्रशंसा की। सम्मानित होने वालों में संदीप गुप्ता, नितेश यादव, सुनील, संजय कुमार और सुरता देवी शामिल रहे शर्माने कार्यक्रम में सड़क सुरक्षा जन जागृति रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया ।उन्होंने 500 ऑटो रिक्शा को भी फ्लैग ऑफकिया। यह सभी वहां विभिन्न क्षेत्रों में जाकर आम जन को सड़क सुरक्षा के लिए जागरूक करेंगे शर्मा ने इस अवसर पर दिव्यांग जनों को हेलमेट वितरण किया तथा व्यावसायिक वाहनों पर रिफ्लेक्टिव टेप स्थापित की। मुख्यमंत्री ने कार्यक्रम में सड़क सुरक्षा का संदेश देने वाले गुब्बारे हवा में छोड़कर आमजन को जागरूक किया। इस दौरान उपमुख्यमंत्री डॉ प्रेमचंद बेरवा मुख्य सचिव श्रीनिवास सहित विभिन्न विभागों के उच्च अधिकारी बड़ी संख्या में स्कूल कॉलेज के छात्र-छात्राएं एवं आमजन उपस्थित थे। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने उपस्थित लोगों से कहा कि यह जीवन अनमोल है थोड़ी सी गलती और थोड़ी सी लापरवाही कई बार मौत को आमंत्रण दे देती है इसलिए लोगों को भी ट्रैफिक और परिवहन विभाग केनियमों की पालन करने के साथ-साथ अपने बच्चों को भी हमेशा ट्रैफिक और परिवहन विभाग के नियमों की पालना करने के लिए हमेशा उन्हें प्रेरित करते रहें और उन्हें आवश्यक मार्गदर्शन और दिशा निर्देश देते रहे मुख्यमंत्री शर्मा ने कहा कि अगर माता-पिता और स्कूल में गुण अपने बच्चों को इस बाबत शुरू में ही उन्हें सड़क सुरक्षा के लिए प्रेरित करें तो इसके अच्छे परिणाम भी सामने आएंगे उन्होंने कहा कि नशा जीवन के लिए अभिशाप है इसलिए नशे में ड्राइविंग करना मौत को बुलवा देना है नशे में कभी भी ड्राइविंग नहीं करें और हमेशा ट्रैफिक रूल्स का पालन करें उन्होंने कहा कि सरकार हर स्तर पर सड़क सुरक्षा के लिए नए-नए तरीकों और नए-नए प्रयोगों के माध्यम से लोगों को जागरूक करने का प्रयास करती रहती है इसलिए आमजन को भी इसमें पूरा सहयोग करना चाहिए और यह कार्यक्रम सरकार ने आमजन की जिंदगी को बचाने के लिए ही संचालित कर रही है इसलिए खुद भी ट्रैफिक रूल्स का पालन करें औरअपने परिजनों को हमेशा रोजाना ट्रैफिक रूल्स के नियमों की पालना करने के लिए प्रेरित करें उन्होंने कहा कि आजकल कोई दुर्घटना हो जाती है तो लोग दुर्घटना में घायल व्यक्ति को बचाने की वजह वहां पर वीडियो रेल्स बनाने में व्यस्त हो जाते हैं यह ठीक नहीं है यह मानवता के लिए भी ठीक नहीं है उन्होंने लोगों से अपील की कि वे सड़क दुर्घटना में घायल लोगों को तुरंत अस्पताल में पहुंचने में मदद करें इसके लिए तुरंत पुलिस को भी सूचित करें ।

## भजनलाल आज जल महल की पाल पर करेंगे सफाई, कलेक्टर और आयुक्त गौरव सैनी ने लिया व्यवस्थाओं का जायजा



जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** सरकार के 2 साल के कार्यकाल के पूरा होने के अवसर पर मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा प्रदेश वासियों को सफाई के प्रति जागरूक करने के लिए आज खुद प्रमुख पर्यटन स्थल जल महल की पाल पर सफाई करेंगे जल महल की पाल पर व्यवस्थाओं का जायजा लेने के लिए शनिवार को जिला कलेक्टर जितेंद्र कुमार सोनी और निगम आयुक्त गौरव सैनी सहित प्रशासन और निगम के कई अधिकारी मौके पर पहुंचे और मुख्यमंत्री शर्मा के आगमन से जुड़ी सभी व्यवस्थाओं का जायजा लिया मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा का मानना है कि वर्तमान हालातो में साफ सफाई और पर्यावरण बहुत जरूरी है अगर साफ सफाई और पर्यावरण अच्छा रहेगा तो कई तरह की बीमारियों से छुटकारा मिल सकेगा गंदगी और बीमारियों का सीधा संपर्क रहता है जहां गंदगी है वहां कई तरह की बीमारियां होना बिल्कुल तय है इसलिए सफाई व्यवस्था को लेकर मुख्यमंत्री शर्मा शुरू से ही काफी गंभीर रहे हैं विश्व पर्यटन के क्षेत्र में राजधानी जयपुर का अपना एक अलग अस्तित्व है दुनिया भर के लोग यहां पर हर साल घूमने आते हैं इसलिए राजधानी जयपुर में साफ सफाई की व्यवस्था को मजबूत करने के लिए नगर निगम प्रशासन की ओर से हर संभव कोशिश भी की जा रही है यही वजह है कि जयपुर की सफाई व्यवस्था में भी तेजी से सुधार हो रहा है लोग सफाई के प्रति और जागरूक हो इसके लिए मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा आज खुद जल महल की पाल पर सफाई और श्रमदान के कार्य में खुद की भागीदारी सुनिश्चित करेंगे मुख्यमंत्री के प्रस्तावित दौरे को देखते हुए जल महल और आसपास के इलाके में सुरक्षा के मजबूत प्रबंध कर दिए गए हैं शहर पुलिस के अधिकारियों ने भी मौके पर जाकर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया है मुख्यमंत्री के दौरे के दौरान किसी भी तरह का कोई प्रदर्शन और लोगों के विरोध करने जैसी कोई स्थिति पैदा नहीं हो इसके लिए जिला प्रशासन और पुलिस के अधिकारियों ने शनिवार को पहले ही मौके पर पहुंचकर सभी व्यवस्थाओं का जायजा लिया ।

## भजनलाल सरकार ने 2 साल में हर क्षेत्र में विकास के नए आयाम स्थापित किया : दिया कुमारी

**ब्यावर में विकास रथों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया और पत्रकारों के समक्ष सरकार के 2 साल के कामकाज का लेखा-जोखा प्रस्तुत किया, इस मौके पर सरकार के मंत्री अविनाश गहलोत झाबर सिंह खर्रा भी मौजूद रहे**




जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी ने शनिवार को ब्यावर में संवाददाता सम्मेलन में जोर देकर कहा कि पिछले 2 साल में प्रदेश की भजनलाल सरकार ने पानी, बिजली, सड़क ,चिकित्सा, उद्योग, कृषि ,महिला, सुरक्षा कानून व्यवस्था हर क्षेत्र में विकास के नए आयाम स्थापित किए हैं उन्होंने कहा कि अभी तो यह भजनलाल सरकार के विकास कार्यों का सिर्फ ट्रेलर है पिक्चर आना तो बाकी है उन्होंने कहा कि विधानसभा चुनाव के दौरान भारतीय जनता पार्टी ने प्रदेश की जनता से जो वादे किए थे उनमें 70 प्रतिशत वादे या तो पूरे हो गए या फिर प्रक्रिया में चल रहे हैं इसी तरह से भजनलाल सरकार की ओर से राजस्थान विधानसभा में जो बजट पारित किए गए उन बजट में करीब 73 प्रतिशत विषयों पर या तो काम पूरा हो गया है या फिर प्रक्रिया में है इस तरह से 2 साल में ही हमारी सरकार ने वह कार्य कर दिखाया जो पिछली कांग्रेस पार्टी की सरकार ने पूरे 5 साल में नहीं किया था। दिया कुमारी ने कहा कि हमारी सरकार भ्रष्टाचार में जीरो टॉलरेंस की नीति पर काम कर रही है पिछले 2 साल में हमारी सरकार ने एक तरफ जहां पिछले कांग्रेस पार्टी की सरकार में व्यापक स्तर पर किया विभिन्न तरह के भ्रष्टाचार की जांच करते हुए कई लोगों को गिरफ्तार किया है पेपर लीक मामले जो पूरे 5 साल तक गहलोत सरकार में चर्चा का विषय बन रहे थे और दो दर्जन से ज्यादा सरकारी भर्ती परीक्षाओं में पेपर लीक हुए थे जिसकी वजह से प्रदेश के युवाओं की नौकरी नहीं लग पाई और प्रदेश के युवाओं का तत्कालीन सरकार से भरोसा उठ गया था आज भजनलाल की सरकार के अब तक के कार्यकाल में जितनी भी भर्ती परीक्षाओं का आयोजन हुआ है उनमें एक में भी पेपर लीक नहीं हुआ सभी परीक्षाएं पारदर्शक ढंग से आयोजित हुई और पिछले 2 साल में हमने करीब 1 लाख सरकारी नौकरी दे दी है और डेढ़ लाख सरकारी नौकरी प्रक्रिया में चल रही है इसके अलावा निजी क्षेत्र में भी बड़ी संख्या में युवाओं को रोजगार उपलब्ध करवाया जा रहा है स्किल डेवलपमेंट के माध्यम से युवाओं को और महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाया जा रहा है उन्होंने कहा कि पानी के क्षेत्र में बड़े-बड़े कार्य किए हैं ईआरसीपी योजना हरियाणा जल समझौता देवास योजना इत्यादि बड़ी-बड़ी जल परियोजनाओं के माध्यम से प्रदेश के सभी जिलों के लोगों को पीने का पानी और किसानों को खेत में पानी उपलब्ध करवाने की दिशा में तेजी से कार्य शुरू किया है सौर ऊर्जा के क्षेत्र में राजस्थान पूरे देश में नंबर वन पर है किसानों को सोर ऊर्जा उत्पादक बनाया जा रहा है इसके लिए पश्चिमी राजस्थान में किसानों को ज्यादा सौर ऊर्जा के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है कई तरह की छूट और सब्सिडी देने की वजह से सौर ऊर्जा के क्षेत्र में किसान ज्यादा आकर्षित हो रहे हैं इसलिए बिजली के उत्पादन में भी राजस्थान बहुत जल्दी ही आत्मनिर्भर होने वाला है और राजस्थान के किसानों को 2027 में दिन में बिजली उपलब्ध करवा दी जाएगी अभी फिलहाल 22 जिलों में किसानों को दिन में बिजली उपलब्ध करवाई जा रही है इसी तरह से राइजिंग राजस्थान में 35 लाख करोड़ के जो समझौते हुए थे ।

*श्रीगंगानगर में सतीश पूनियां के स्वागत में सुबह 4:00 बजे से लेकर देर रात तक किसानों और कार्यकर्ताओं का उमड़ा सैलाब, कहा, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में विकास के एजेंडे पर काम हो रहा*

## सौभाग्यशाली हूं कि मुझे राजस्थान के कार्यकर्ताओं का अपार प्यार और आशीर्वाद 40 वर्षों से मिलता है; डॉ. सतीश पूनियां

**देश और राजस्थान में सड़कों एवं रेलवे नेटवर्क का तेजी से विस्तार के साथ भारत दुनिया की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनकर उभरा, यह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मजबूत इरादे से संभव हुआ; डॉ. पूनियां**







जयपुर टाइम्स

**श्रीगंगानगर(कासं.), जयपुर,** राजस्थान और हरियाणा के निरंतर प्रवास पर भाजपा हरियाणा प्रभारी एवं भाजपा राजस्थान पूर्व प्रदेश अध्यक्ष डॉ. सतीश पूनियां श्रीगंगानगर जिले के प्रवास पर रहे, जहां वह जयपुर से ट्रेन द्वारा 10 घन्टे का सफर कर सुबह 4:00 बजे श्रीगंगानगर रेलवे स्टेशन पहुंचे, जहां कड़ाके की ठंड में भारी संख्या में कार्यकर्ताओं और पार्टी पदाधिकारियों ने गर्मजोशी से उनका स्वागत एवं अभिनंदन किया। पिछले 40 वर्षों से पूरे राजस्थान में सतीश पूनियां और पार्टी कार्यकर्ताओं का एक दूसरे के प्रति लगाव और समर्पण है कि हर समय, हर क्षण उनका और कार्यकर्ताओं का अपनत्व रहता है और इसी अपनापन, सरलता, सहजता एवं सौम्यता के कारण पूरे राजस्थान में कार्यकर्ता सतीश पूनियां को भाईसाहब बोलते हैं और सतीश पूनिया भी कार्यकर्ताओं के साथ इतने घुले-मिले हैं कि पूरे राजस्थान में और सभी 200 विधानसभा क्षेत्रों में कार्यकर्ताओं को उनके नाम से पहचानते हैं। सतीश पूनियां ने सुबह श्रीगंगानगर सर्किट हाउस में जिलेभर के कार्यकर्ताओं, पदाधिकारी और जनप्रतिनिधियों से मुलाकात की और वहां की स्थानीय समस्याएं सुनकर संबंधित अधिकारियों को उचित समाधान के लिए दिशा निर्देश दिये। इसके अलावा सतीश पूनिया ने पदमपुर, अमरपुरा जाटान, सूरतगढ़, रघुनाथपुरा, जैतसर में भी किसानों एवं कार्यकर्ताओं से संवाद किया। सतीश पूनिया ने रायसिंहनगर नगरपालिका और श्रीविजयनगर नगर पालिका में विभिन्न विकास कार्यों का लोकार्पण किया और रघुनाथपुरा में भी विभिन्न विकास कार्यों की सौगात दी। वहीं श्रीविजयनगर में घोड़ी पर बिठाकर सतीश पूनिया का हजारों की संख्या में कार्यकर्ताओं ने स्वागत-अभिनंदन किया। श्रीगंगानगर के पूर्व जिला प्रमुख एवं पूर्व भाजपा जिला अध्यक्ष सीताराम मौर्य की धर्मपत्नी प्यारी देवी के निधन पर उनके निवास पर पहुंचकर सतीश पूनियां ने श्रद्धांजलि अर्पित की। सतीश पूनियां ने रायसिंहनगर में बाबा दीपसिंह जी गुरुद्वारा में मत्था टेककर देशवासियों की खुशहाली की कामना की। श्रीगंगानगर जिले में कार्यकर्ताओं द्वारा दिए गए प्यार और आशीर्वाद से अभिभूत होकर सतीश पूनिया ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि सोच रहा था कि राजनीति में क्या मिले और क्या नहीं मिला, जन्म तो ईश्वर की कृपा से मिलता है, आदमी पलता बढ़ता है मां-बाप के आशीर्वाद से और राजनीति में किसी भी नेता को कार्यकर्ताओं का आशीर्वाद मिल जाए, उस आशीर्वाद के सामने सब फीके हैं, मैं सौभाग्यशाली हूं कि मुझे राजस्थान के कार्यकर्ताओं का पिछले 40 वर्षों से अपार प्यार और आशीर्वाद मिलता है। राजनीति में कई बार आदमी को आशा निराशा उम्मीद बे-उम्मीद, उतार-चढ़ाव हार जीत, यह सब चलती रहती है, लेकिन संगठन मजबूत रहे, हमारी सरकार जन कल्याण के लिए कार्य करती रहे, कार्यकर्ताओं और जनता की सुनवाई होती रहे और उनके विकास के कार्य होते रहें यह सबसे जरूरी है, और इसी संकल्प के साथ केंद्र में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में एनडीए की सरकार आत्मनिर्भर भारत बनाने से लेकर, युवाओं किसानों और जनकल्याण के लिए कार्य कर रही है और नरेंद्र मोदी के कुशल नेतृत्व में ही राजस्थान, हरियाणा, उत्तर प्रदेश, गुजरात सहित विभिन्न राज्यों में भाजपा की सरकारें सुशासन के लिये संकल्पित होकर कार्य कर रही हैं। उन्होंने कहा कि उत्तरप्रदेश, राजस्थान, हरियाणा, दिल्ली और बिहार में भाजपा केंद्रीय नेतृत्व ने मुझे चुनाव की जो भी जिम्मेदारी दी, उसे पूर्ण निष्ठा के साथ निभाने का काम किया और इन राज्यों में जहां भी मुझे जाने का अवसर मिला तो लोगों से सबसे पहले मैंने यही पूछा कि कांग्रेस की सरकार है अच्छी थी या प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के रूप में भाजपा एनडीए की सरकारी अच्छी है, आप तय करके बताइए, कांग्रेस की सरकार ने काम अच्छे किए हैं या भाजपा की नरेंद्र मोदी सरकार ने काम अच्छे किए हैं, तो मुझे लोगों और कार्यकर्ताओं का यही जवाब मिलने की हमें केंद्र से लेकर और हमारे राज्य में भी भाजपा की सरकार चाहिए क्योंकि वह विकास के एजेंडे पर काम करती है जो सबके विकास और सबके कल्याण के लिए कार्य करती है, पीएम किसान सम्मन निधि से लेकर जनधन, उज्ज्वला, किसान क्रेडिट कार्ड, सड़कों और रेलवे नेटवर्क का तेजी से विस्तार के साथ भारत दुनिया की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनकर उभरा है, यह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मजबूत और कुशल नेतृत्व के इरादे और प्रतिबद्धता से संभव हुआ है, जिससे आज भारत दुनिया के विकसित देशों के साथ आंख से आंख मिलाकर दृढ़ता से बात करता है। कार्यक्रम में विधायक गुरबीर सिंह बराड़, जयदीप बिहानी, जिला अध्यक्ष शरण पाल सिंह, पूर्व केंद्रीय मंत्री निहालचंद मेघवाल, प्रदेश महामंत्री कैलाश मेघवाल, प्रदेश उपाध्यक्ष सुरेंद्र पाल सिंह टीटी, प्रदेश उपाध्यक्ष बिहारी लाल बिश्नोई, श्रीयादे माटी कला बोर्ड अध्यक्ष प्रहलाद राय सिंह टाक, प्रदेश प्रकोष्ठ प्रभारी विजेंद्र पूनिया, पूर्व जिला अध्यक्ष आत्माराम तरण, रायसिंहनगर पूर्व विधायक बलबीर सिंह लूथरा, पूर्व विधायक संतोष बाबरी, पूर्व जिला अध्यक्ष महेंद्र सिंह सोढ़ी इत्यादि सहित गणमान्य लोग और कार्यकर्ता एवं आमजन उपस्थित रहे।

CMYK

## जोहरा का बास स्कूल में जर्सियां वितरित



जयपुर टाइम्स

**अलवर(निसं.)।** राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय जोहरा का बास में सभी विद्यार्थियों को भामाशाह सुरेश चंद गुप्ता मुंडाना की ओर से गर्म जर्सियां वितरित की गई। इस अवसर पर इनके परिवार ने बच्चों को उपहार भी दिए। इस अवसर पर सुनीता गुप्ता, राहुल, शालिनी, मोहित, आंचल, हिमानी, मीना, बीना, घनश्याम दास और सरिता थी। प्रधानाध्यापक पूरण मीना ने आभार जताया। विद्यालय स्टाफ दीपक झाम, मयंक प्रजापत, मधुबाला शर्मा व रविन्द्र ने स्वागत किया।

## भाजपा नेता डॉ. मोहित जसवंत यादव की उपस्थिति में अनेक विकास कार्यों का उद्घाटन

### विधायक कोष से क्षेत्र में निरंतर हो रहा विकास - डॉ मोहित जसवंत यादव



जयपुर टाइम्स

**बहरोड़(निसं.)।** विधानसभा क्षेत्र में विकास कार्यों की निरंतर कड़ी में भाजपा नेता डॉ. मोहित जसवंत यादव की उपस्थिति में विभिन्न गांवों व कस्बों में कई जनहितकारी कार्यों का उद्घाटन एवं घोषणाएं की गईं। ये सभी कार्य बहरोड़ विधायक डॉ. जसवंत यादव की अनुशंसा पर सम्पन्न हुए। कल्याणपुरा में विधायक कोष से 10 लाख रुपये की राशि से विकास कार्यों की घोषणा की गई। बहरोड़ कस्बे में एक होम्योपैथिक क्लीनिक का शुभारम्भ किया गया, जिससे आमजन को सुलभ स्वास्थ्य सुविधाएं मिलेंगी। नांगल खोडिया में पीडब्ल्यूडी द्वारा निर्मित संपर्क सड़क व नाला निर्माण, गुवाना में नई सड़कों का लोकार्पण तथा भगवाड़ी खुर्द में श्मशान घाट चारदीवारी और बोरवेल निर्माण कार्य का शुभारम्भ हुआ। डॉ. मोहित ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी की सरकार जनभावनाओं के अनुरूप विकास को सर्वोच्च प्राथमिकता दे रही है और बहरोड़ क्षेत्र तेजी से प्रगति की ओर अग्रसर है। कार्यक्रम बस्तीराम यादव प्रधान प्रतिनिधि रामनरेश यादव जिला पार्षद प्रशांत यादव वेद प्रकाश वेद कृष्णा अकरम हरीश अधिशासी अभियंता जलदा विभाग बहरोड शो तक रोहित दास सैनी अनिल बोहरा राम सुमन नरेश यादव हवा सिंह सहित जनप्रतिनिधि, अधिकारी, पार्टी कार्यकर्ता एवं बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे।

## जर्सी वितरण से खिले चेहरे




जयपुर टाइम्स

**राजगढ़(निसं.)** राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय बैरेर में समाजसेवी राजेंद्र प्रसाद मीना के सौजन्य से विद्यालय के सभी छात्र-छात्राओं को सर्दी की जर्सी वितरित की गई। कार्यक्रम में गांव के पंच-पटेल, युवा साथी एवं ग्रामीणजन उपस्थित रहे। जर्सी पाकर बच्चों के चेहरों पर खुशी झलकी प्रधानाचार्य सुरेश मीना ने कहा कि 29 वर्षों की सेवा अवधि में यह पहला अवसर है जब किसी भामाशाह ने सभी विद्यार्थियों को जर्सी प्रदान की है। विद्यालय स्टाफ व ग्रामीणों ने इस पहल को सराहनीय बताते हुए समाज के लिए प्रेरणादायी बताया।

### विधायक ने किया विकास रथ रवाना

## विकास रथ से लिया है हमने हर विधानसभा में विकास का संकल्प -विधायक डॉ. यादव

जयपुर टाइम्स

**कोटपूतली-बहरोड(निसं.)।** डॉ. जसवंत यादव, विधायक बहरोड़ ने जिला मुख्यालय पर जिले की सभी विधानसभा क्षेत्रों में विकास को नई गति देने के उद्देश्य से बहरोड़ विधायक डॉ जसवंत यादव ने जिले के प्रभारी मंत्री विजय सिंह चौधरी के साथ 'विकास रथ' को विधिवत रूप से हरी झंडी दिखाकर यात्रा की शुरुआत कराई। इस दौरान स्थानीय ग्रामीणों और कार्यकर्ताओं में विशेष उत्साह देखने को मिला।



यह विकास रथ फिर बहरोड़ क्षेत्र के गिगलाना ग्राम में पहुंचा जहाँ डॉ यादव ने इसे आगे के लिए रवाना किया। इस अवसर पर बहरोड़ विधायक डॉ. जसवंत यादव ने कहा कि विकास रथ जिले के प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र तक पहुंचकर सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं और विकास कार्यों को जन-जन तक पहुंचाने में अहम भूमिका निभाएगा। इससे आमजन की समस्याओं और मांगों को प्राथमिकता के साथ समाधान मिलेगा तथा ग्रामीण व शहरी विकास को नई दिशा और गति प्राप्त होगी। इस कार्यक्रम में बानसूर विधायक देवी सिंह शेखावत, कोटपूतली विधायक हंसराज पटेल, भाजपा नेता देवेंद्र यादव, जिला कलक्टर प्रियंका गोस्वामी, एडीएम ओपी सारण, नगर परिषद आयुक्त नूर मोहम्मद, एएसपी नाजिम अली, संबंधित विभागों के अधिकारी, पार्टी पदाधिकारी एवं बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### जिला प्रभारी मंत्री ने किया विधानसभा वार विकास रथों को रवाना

# राज्य सरकार के दो वर्ष विकास एवं जनकल्याण को समर्पित - जिला प्रभारी मंत्री

जयपुर टाइम्स

**खैरथल-तिजारा।** राज्य सरकार के दो वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर 'नव उत्थान-नई पहचान, बढ़ता राजस्थान-हमारा राजस्थान' थीम पर आयोजित कार्यक्रमों का जिला स्तरीय शुभारम्भ जिले में शनिवार को विकास रथों को रवाना करने के साथ किया गया। कृषि एवं उद्यानिकी ग्रामीण विकास, आपदा प्रबंधन, सहायता एवं नागरिक सुरक्षा जन अभियोग निराकरण मंत्री डॉ किरोडी लाल मीणा ने कलेक्ट्रेट परिसर से राज्य सरकार की दो वर्ष के विकास की थीम से सुसज्जित तीन रथों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। कृषि एवं उद्यानिकी मंत्री ने कहा कि राज्य सरकार के दो वर्ष पूर्ण होने का उत्साह प्रदेश में सभी वर्गों में दिखाई दे रहा है, विकास कार्यों हर आयु वर्ग एवं क्षेत्र विशेष के लिये चलाई गई योजनाओं का लाभ आमजन को मिला है। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा किये गये विकास कार्यों एवं योजनाओं की जानकारी विकास रथों के माध्यम से गांव-गांव तक पहुँचाई जायेगी। इसके लिये जन सम्पर्क विभाग द्वारा विकास रथों को सरकार की थीम




के साथ सुसज्जित करते हुये ऑडियो-वीडियो सिस्टम के साथ तैयार किया गया है। उन्होंने कहा कि इससे आम नागरिकों को प्रदेश में हुये विकास कार्यों की जानकारी लघु फिल्मों के माध्यम से मिल सकेगी। उन्होंने कहा कि रथों को ग्राम पंचायत में आम लोगों के बीच ले जाने का उद्धेश्य प्रदेश में हो रहे नवाचार एवं विकास कार्यों की जानकारी आमजन तक पहुँचाना है। कार्यक्रमों को प्रत्येक पंचायत में एक घंटे रथ के द्वारा प्रचारित किया जायेगा, आमजन स्थानीय समस्याओं के बारे में लिखित सुझाव रथों लगाई गई सुझाव पेटिका में दे सकेंगे। तिजारा विधायक महंत बालक नाथ योगी ने कहा कि प्रदेश के युवा, किसान, महिला-पुरूष सभी वर्गों में उत्साह है। इन रथों के माध्यम से आम नागरिकों को प्रदेश में संपादित विकास कार्यों, योजनाओं एवं नवाचारों की जानकारी लघु फिल्मों और दृश्य-श्रव्य प्रस्तुतियों के जरिए उपलब्ध कराई जाएगी। उन्होंने बताया कि विकास रथों को प्रत्येक ग्राम पंचायत में आमजन के बीच ले जाकर एक निर्धारित अवधि तक प्रचारित किया जाएगा, जिससे सरकार की उपलब्धियाँ सीधे जनता तक पहुँच सकें। विधायक ने जनप्रतिनिधियों एवं गणमान्य नागरिकों से आह्वान किया कि विकास रथों के ग्राम पंचायत में आगमन पर उनका उत्साहपूर्वक स्वागत करें तथा अधिक से अधिक लोगों को कार्यक्रम में भाग लेने हेतु प्रेरित करें, ताकि सरकार की विकासात्मक सोच और जनकल्याणकारी प्रयासों की जानकारी व्यापक स्तर पर जन-जन तक पहुँच सके। अतिरिक्त जिला कलेक्टर शिवपाल जाट ने बताया कि विकास रथ 13 दिसंबर से कार्यक्रमों की समाप्ति तक ग्राम पंचायतों में पहुँचकर जन कल्याणकारी योजनाओं का प्रचार प्रसार करेंगे। रथों को सुसज्जित करने के साथ एलईडी वैन के द्वारा विभिन्न विकास कार्यों की जानकारी की लघु फिल्मों के साथ रवाना किया जा रहा है।

### राज्य सरकार के दो वर्ष विकास एवं जनकल्याण को समर्पित - जिला प्रभारी मंत्री

कृषि एवं उद्यानिकी ग्रामीण विकास, आपदा प्रबंधन, सहायता एवं नागरिक सुरक्षा जन अभियोग निराकरण मंत्री डॉ किरोडी लाल मीणा ने आयोजित प्रेसवार्ता के दौरान कहा कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में विकसित राजस्थान के संकल्प के पथ पर बढते हुये प्रत्येक आयु वर्ग के नागरिकों को योजनाओं का सीधा लाभ मिला है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार के दो वर्ष का कार्यकाल विकास केन्द्रित रहा है, हर क्षेत्र में योजनाओं का सफलता पूर्वक क्रियान्वयन करने से प्रत्येक आयु वर्ग के नागरिकों में उत्साह है। इस दौरान जिलाध्यक्ष महासिंह चौधरी, अतिरिक्त जिला कलेक्टर भिवाड़ी सुमित्रा मिश्र, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अतुल साहू, जिला उपाध्यक्ष राजेश बटवाड़ा, मंडल अध्यक्ष मनीष शर्मा, नगर परिषद उपसभापति वरुण डाटा, नगर परिषद आयुक्त मुकेश कुमार, विकास अधिकारी संजय यादव, अंजली यादव, इंद्र यादव, अशोक डाटा, ओमप्रकाश मांधू, तरुण दुलानी सहित नगर परिषद पार्षद एवं समस्त जिला स्तरीय अधिकारीगण मौजूद रहे।

## संयुक्त गठित टीम द्वारा बिना न्यास स्वीकृति व भू-संपरिवर्तन के संचालित होटल/रिसोर्ट को सीज करने की की गई कार्रवाई

जयपुर टाइम्स

**अलवर(निसं.)।** नगर विकास न्यास सचिव के निर्देशन में न्यास क्षेत्राधिकार के ग्राम किशनपुर में बिना न्यास स्वीकृति व भू-संपरिवर्तन के संचालित देसी ठाठ होटल/रिसोर्ट को नियमानुसार पुनः सीज करने की कार्रवाई की गई। नगर विकास न्यास सचिव धीगदे स्नेहल नाना ने बताया कि जिला कलक्टर के निर्देशन पर संबंधित उपखण्ड अधिकारी की अध्यक्षता में संयुक्त गठित टीम द्वारा किए गए सर्वे रिपोर्ट के आधार पर सरिस्का व अकबरपुर वन क्षेत्र के बफर/सीटीएच में संचाति होटल/रेस्टोरेंट/पेइंग गेस्ट जो बिना भू-संपरिवर्तन के संचालित है व उपखण्ड अधिकारी अलवर की संयुक्त सर्वे रिपोर्ट में न्यास क्षेत्राधिकार के अंतर्गत संचालित होटल/रिसोर्ट में से 10 रिसोर्ट/होटलों को नियमानुसार 4 दिसम्बर को सीज किया गया था। उक्त इकाइयों में से देसी ठाठ होटल संचालक के विरूद्ध विधिक परीक्षण उपरान्त पुनः कार्रवाई कर रिसोर्ट को नियमानुसार सीज किया गया। उन्होंने बताया कि नगर विकास न्यास द्वारा पर्यटन के क्षेत्र में विस्तार हेतु निरन्तर काम किए जा रहे हैं। उन्होने आमजन, व्यावसायिक, निवेशकों से अपील की है कि पर्यटन क्षेत्र को और अधिक समृद्ध बनाने की



योजना में न्यास का सहयोग करें एवं राज्य सरकार के नियमों एवं न्यास अधिनियमों के अनुसार अनुमति, स्वीकृति व भू-संपरिवर्तन प्राप्त कर ही इकाइयों की स्थापना करें। इस दौरान यूआईटी के भूमि अवाप्ति अधिकारी जितेन्द्र सिंह नरूका, नगर विकास न्यास के अतिक्रमण निरोधक अधिकारी मानवेन्द्र सिंह जायसवाल, अधिशासी अभियंता कुमार संभव अवस्थी, अकबरपुर थानाधिकारी सीमा सिनसिनवार, न्यास पटवारी अमित सिंह नरूका, कनिष्ठ अभियन्ता दौलत राम सौगत, अमीचंद सहित न्यास अतिक्रमण दस्ते में खुशीराम, कंवर सिंह मौजूद रहे।

## जिला प्रभारी मंत्री डॉ. मीणा ने सड़क सुरक्षा सप्ताह का किया शुभारंभ

जयपुर टाइम्स




**खैरथल-तिजारा(निसं.)।** कृषि एवं उद्यानिकी ग्रामीण विकास, आपदा प्रबंधन, सहायता एवं नागरिक सुरक्षा जन अभियोग निराकरण मंत्री डॉ. किरोड़ी लाल मीणा ने शनिवार को जलीय सचिवालय खैरथल से सड़क सुरक्षा सप्ताह का शुभारंभ 'नो सीट बेल्ट, नो हेलमेट, नो एंट्री' थीम पर आधारित जागरूकता पोस्टर का विमोचन कर किया। इस अवसर पर उन्होंने कार्यक्रम में उपस्थित आमजन, वाहन चालकों एवं युवाओं को सड़क सुरक्षा की शपथ दिलाई तथा सभी से यातायात नियमों का पालन करते हुए सुरक्षित एवं जिम्मेदार ड्राइविंग अपनाने का आह्वान किया।

डॉ. मीणा ने कहा कि सड़क सुरक्षा सप्ताह का उद्देश्य सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाना, जनहानि रोकना तथा आम नागरिकों में यातायात नियमों के प्रति जागरूकता बढ़ाना है। उन्होंने हेलमेट और सीट बेल्ट के अनिवार्य उपयोग, गति सीमा के पालन, नशे में वाहन नहीं चलाने तथा मोबाइल फोन के उपयोग से बचने पर विशेष जोर दिया। कार्यक्रम के दौरान ट्रैक्टर-ट्रॉली पर रिफ्लेक्टिव टेप लगाकर सड़क दृश्यता बढ़ाने का संदेश दिया गया तथा सड़क सुरक्षा जागरूकता वाहन रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। यह रैली विभिन्न मार्गों से होकर आमजन को सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक करेगी। उन्होंने बताया कि सड़क सुरक्षा सप्ताह के अंतर्गत जिले भर में जागरूकता रैलियाँ, विद्यालयों में कार्यक्रम, यातायात नियमों की जानकारी, पंपलेट वितरण एवं प्रचार गतिविधियाँ आयोजित की जाएंगी, ताकि सुरक्षित यातायात की संस्कृति विकसित हो और दुर्घटनाओं में प्रभावी कमी लाई जा सके। इस दौरान जिलाध्यक्ष महासिंह चौधरी, अतिरिक्त जिला कलेक्टर भिवाड़ी सुमित्रा मिश्र, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अतुल साहू, जिला उपाध्यक्ष राजेश बटवाड़ा, मंडल अध्यक्ष मनीष शर्मा, नगर परिषद उपसभापति वरुण डाटा, नगर परिषद आयुक्त मुकेश कुमार, विकास अधिकारी संजय यादव, जिला परिवहन अधिकारी सविता भारद्वाज, अंजली यादव, इंद्र यादव, अशोक डाटा, ओमप्रकाश मांधू, तरुण दुलानी सहित नगर परिषद पार्षद एवं समस्त जिला स्तरीय अधिकारीगण मौजूद रहे।

## विकास रथों के माध्यम से आमजन तक पहुंचेंगी राज्य सरकार की 2 साल की उपलब्धियां

### जिला प्रभारी एवं कृषि मंत्री डॉ. किरोड़ी लाल मीणा ने विकास रथों को हरी झण्डी दिखाकर किया रवाना

जयपुर टाइम्स

**अलवर(निसं.)।** जिला प्रभारी मंत्री तथा कृषि एवं उद्यानिकी मंत्री डॉ. किरोड़ी लाल मीणा ने राज्य सरकार के 2 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में आयोजित कार्यक्रमों की श्रृंखला में शनिवार को प्रताप ऑडिटोरियम से जिले की विधानसभा क्षेत्रों के लिए 6 विकास रथों को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया। इन विकास रथों पर लगी एलईडी पर ऑडियो-वीडियो के माध्यम से पिछले दो साल में राज्य व जिले में हुए विकास कार्यों, फ्लेगशिप योजनाओं एवं बजट घोषणाओं की क्रियान्विति की जानकारी आमजन को दी जाएगी। जिला प्रभारी मंत्री डॉ. मीणा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के विकसित भारत के संकल्प को साकार करने के उद्देश्य से मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के कुशल नेतृत्व में प्रदेश के चहुंमुखी विकास को निरन्तर गति प्रदान की जा रही है। विगत दो साल के दौरान राज्य सरकार द्वारा प्रदेश एवं जिले के सर्वांगीण विकास के लिए जनकल्याणकारी योजनाएं, महत्वपूर्ण फैसले एवं नीतिगत निर्णय लिए गए है, जिनको इन विकास रथों के माध्यम से 25 दिसम्बर तक प्रत्येक विधानसभा के अंतिम छोर तक के स्थानों पर जाकर आमजन को जानकारी प्रदान की जाएगी जिससे वो योजनाओं का लाभ उठा सके। जिला कलक्टर डॉ. आर्तिका



शुक्ला ने बताया कि विकास रथों के रूटचार्ट के अनुसार यात्रा एवं सुरक्षा की प्रभावी मॉनिटरिंग के लिए विधानसभावार कन्ट्रोल रूम स्थापित किए गए हैं। सभी रथों की जियो टेगिंग के साथ लोकेशन की प्रतिदिन ट्रेकिंग की जायेगी, इसकी मॉनिटरिंग जिला एवं राज्य स्तर पर भी होगी। विकास रथों के साथ राज्य सरकार की विभागवार उपलब्धियों पर आधारित विकास पुस्तिका, पेम्फलेट सहित अन्य प्रचार सामग्री रहेगी। रथों के साथ एक सुझाव पेटिका भी रहेंगी, जिसमें आमजन अपनी समस्याएं, सुझाव आदि दे सकते हैं। इस दौरान रामगढ विधायक सुखवंत सिंह, जिला कलक्टर डॉ. आर्तिका शुक्ला, पुलिस अधीक्षक सुधीर चौधरी, जिलाध्यक्ष अशोक गुप्ता, पूर्व विधायक जयराम जाटव, एडीएम द्वितीय योगेश डागुर, एडीएम शहर बीना महावर, जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी सालुखे गौरव रवीन्द्र, भानूप्रताप सहित संबंधित अधिकारी, जनप्रतिनिधिगण, प्रबुद्ध व्यक्ति एवं बडी संख्या में आमजन मौजूद रहे।

## एसपी विकास सांगवान के निर्देशन में जिले भर में पुलिस का पैदल गश्त अभियान

### पुलिस टीमें आमजन में विश्वास व अपराधियों में भय का दे रही संदेश

जयपुर टाइम्स

**धौलपुर(निस)।** पुलिस अधीक्षक विकास सांगवान के निर्देशन व अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक वैभव शर्मा व अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक एडीएफ बाड़ी कमल कुमार जांगिड़ के सुपरविजन में सभी थानों की पुलिस टीमें लगातार जिले में अपने अपने इलाके के मुख्य बाजारों, शहर व कस्बों आदि में गश्त कर रहे है, सभी थानों के थानाधिकारी अपने अपने इलाको में पुलिस टीमों के साथ पैदल गश्त कर रहे हैं। जिले के सभी अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक व वृताधिकारीगण भी सुचारू गश्त व्यवस्था को चैक करते हैं। पुलिस अधीक्षक विकास सांगवान ने बताया है कि जिले के सभी थानों की पुलिस टीमों की ओर से सुरक्षा




व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखने के उद्देश्य से नियमित तौर पर गश्त की जा रही है, इस दौरान पुलिस बल की ओर से जिले के सभी मुख्य बाजारों, प्रमुख मार्गों, चौराहों, धार्मिक स्थलों एवं संवेदनशील क्षेत्रों में सुरक्षा स्थिति का जायज़ा लिया जा रहा है तथा आमजन से संवाद स्थापित कर पुलिस की ओर से नागरिकों से अपील की जा रही है कि किसी भी संदिग्ध गतिविधि या व्यक्ति की जानकारी तुरंत पुलिस को दें, जिससे जिले में कानून-व्यवस्था व शांति व्यवस्था सुदृढ़ बनी रहे।

# जिला प्रभारी मंत्री डॉ. मीणा ने सडक सुरक्षा जन जागरूकता अभियान के तहत वाहन रैली, पोस्टर विमोचन एवं शपथ के माध्यम से दिया सडक सुरक्षा का संदेश

### सडक सुरक्षा हम सभी के लिए पहली प्राथमिकता - जिला प्रभारी मंत्री डॉ. मीणा

जयपुर टाइम्स

**अलवर(निसं.)।** जिला प्रभारी मंत्री तथा कृषि एवं उद्यानिकी मंत्री डॉ. किरोड़ी लाल मीणा के मुख्य आतिथ्य में राज्य सरकार के 2 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में आयोजित कार्यक्रमों की श्रृंखला में शनिवार को प्रताप ऑडिटोरियम जिला प्रशासन एवं परिवहन विभाग के संयुक्त तत्वावधान में सडक सुरक्षा जनजागरूकता अभियान का जिला स्तरीय कार्यक्रम आयोजित हुआ। इस दौरान प्रभारी मंत्री ने सडक सुरक्षा वाहन रैली को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया तथा सडक सुरक्षा शपथ, नो हैलमेट-नो एंट्री, नो सीट बेल्ट-नो




एंट्री पोस्टर का विमोचन किया एवं सडक सुरक्षा से संबंधित संदेश लिखे बैलून को उडाकर सुरक्षा-जीवन रक्षा का संदेश दिया। जिला प्रभारी मंत्री डॉ. मीणा ने अपने संबोधन में कहा कि सडक सुरक्षा हम सभी के लिए पहली प्राथमिकता होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि सडक सुरक्षा केवल नियमों का विषय नहीं बल्कि यह मानव जीवन की सुरक्षा से जुडा हुआ पहलू है। उन्होंने कहा कि सडक सुरक्षा केवल सरकार एवं पुलिस की जिम्मेदारी नहीं है बल्कि हमारा सामूहिक उत्तरदायित्व है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार सडक सुरक्षा एवं सडक तंत्र को मजबूती प्रदान करने हेतु निरन्तर काम कर रही है। उन्होंने कहा कि सरकार ने विगत दो वर्षों में 27 हजार 238 करोड रूपये व्यय कर 39 हजार 891 किलोमीटर की सडकों का विकास किया है। साथ ही एक्सप्रेसवे निर्माण, शहरी एवं ग्रामीण सडकों का संजाल बनाने की दिशा में अभूतपूर्व कार्य किए गए हैं।

### *वाहन रैली, पोस्टर विमोचन एवं शपथ के माध्यम से दिया सडक सुरक्षा का संदेश*

*जिला प्रभारी मंत्री ने 25 दिसम्बर तक आयोजित हो रहे सडक सुरक्षा जनजागरूकता अभियान के तहत आयोजित सडक सुरक्षा जीवन रक्षा वाहन रैली को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया। रैली प्रताप ऑडिटोरियम से शहर के मुख्य रास्तों से होते हुए आरटीओ कार्यालय पर सम्पन्न हुई। रैली में स्वयं प्रभारी मंत्री ने बाइक पर बैठक सडक सुरक्षा जागरूकता का संदेश दिया। इससे पहले प्रभारी मंत्री ने कार्यक्रम में उपस्थित प्रतिभागियों को सडक सुरक्षा की शपथ दिलाकर सडक सुरक्षा के पोस्टर का विमोचन भी किया। इस दौरान रामगढ विधायक सुखवंत सिंह, जिला कलक्टर डॉ. आर्तिका शुक्ला, पुलिस अधीक्षक सुधीर चौधरी, जिलाध्यक्ष अशोक गुप्ता, पूर्व विधायक जयराम जाटव, एडीएम द्वितीय योगेश डागुर, एडीएम शहर बीना महावर, जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी सालुखे गौरव रवीन्द्र, भानूप्रताप सहित संबंधित अधिकारी, जनप्रतिनिधिगण, प्रबुद्ध व्यक्ति एवं बडी संख्या में आमजन मौजूद रहे।*

# रामलीला मैदान में आज कांग्रेस की रैली, प्रदेश से करीब 50000 कांग्रेसियों के जाने का दावा

## गोविंद सिंह डोटासरा, टीकाराम जूली ,सचिन पायलट भी होंगे शामिल

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** दिल्ली के रामलीला मैदान में आज वोट चोरी को लेकर कांग्रेस पार्टी की राष्ट्रीय स्तर रैली का आयोजन किया जा रहा है इस रैली में कांग्रेस पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष के अलावा राहुल गांधी प्रियंका गांधी और कांग्रेस शासित राज्यों के मुख्यमंत्री के अलावा जिन-जिन राज्यों में कांग्रेस विधानसभा में विपक्ष की भूमिका में है वहां पार्टी के प्रतिपक्ष के नेता तथा सभी राज्यों और केंद्र शासित राज्यों के पार्टी के अध्यक्ष भी मौजूद रहेंगे राजस्थान से प्रदेश कांग्रेस का अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा, प्रतिपक्ष के नेता टीकाराम जूली, पूर्व उपमुख्यमंत्री और पूर्व प्रदेश कांग्रेस के अध्यक्ष सचिन पायलट सहित प्रदेश कांग्रेस के संगठन से जुड़े तमाम बड़े नेता कांग्रेस पार्टी के विधायक कांग्रेस पार्टी के वर्तमान सांसद कांग्रेस पार्टी के पूर्व सांसद कांग्रेस पार्टी के राजस्थान विधानसभा के प्रत्याशी कांग्रेस पार्टी के लोकसभा के प्रत्याशी इत्यादि नेता विशेष रूप से इस रैली में अपनी उपस्थिति दिखाएंगे इसके अलावा दिल्ली के आसपास के राज्यों से बड़ी संख्या में रैली में कांग्रेस पार्टी के कार्यकर्ताओं के आने की बात कही जा रही है क्योंकि इस रैली में ज्यादा से ज्यादा कांग्रेसियों के आने को लेकर कांग्रेस पार्टी के दिल्ली दरबार ने सभी



प्रदेश इकाइयों को साफ निर्देशित किया था इसलिए राजस्थान से भी करीब 50000 कांग्रेसियों के इस रैली में शामिल होने की बात कही जा रही है शनिवार को डूंगरपुर, बांसवाड़ा, उदयपुर, प्रतापगढ़ ,राजसमंद जैसे दूर दराज के जिलों से ताल्लुक रखने वाले पार्टी के विधायकों और पार्टी के संगठन से जुड़े लोग शनिवार दोपहर से ही अपने जिलों से दिल्ली के लिए रवाना हो गए थे इसके अलावा जो जिले दिल्ली के नजदीक हैं उन जिलों के कांग्रेसी रविवार रात को दिल्ली के लिए प्रस्थान करेंगे राजधानी जयपुर से भी बड़ी संख्या में रैली में कांग्रेसियों के शामिल होने की बात कही जा रही है इसके लिए विधायक रफीक खान, अमीन कागजी ,प्रशांत शर्मा ,सांगानेर से विधानसभा चुनाव लड़ चुके पुष्पेंद्र भारद्वाज जयपुर शहर जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष तिवारी इत्यादि सभी नेता अपने साथ बड़ी संख्या में कांग्रेस के कार्यकर्ताओं को दिल्ली लेकर जा रहे हैं उल्लेखनीय है कि पिछले दिनों कांग्रेस पार्टी के राष्ट्रीय संगठन महामंत्री के सी वेणुगोपाल और अजय माकन प्रदेश कांग्रेस कार्यालय में आए थे जहां पर इन दोनों ही बड़े नेताओं ने पत्रकारों से कहा था कि राजस्थान से उन्हें काफी उम्मीद है और राजस्थान से बड़ी संख्या में लोग आएंगे इसका उन्हें पूरा यकीन है इस रैली को सफल बनाने के लिए प्रदेश कांग्रेस के अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा पिछले कुछ दिनों से लगातार प्रदेश भर के कांग्रेस पार्टी के संगठन से जुड़े नेताओं से बातचीत कर रहे थे अभी हाल ही में 45 जिलों में कांग्रेस पार्टी की ओर से नए जिला अध्यक्षों की नियुक्ति की गई थी इन नई जिला अध्यक्षों से भी पिछले दिनों डोटासरा ने मुलाकात की थी और कहा था की रैली में




ज्यादा से ज्यादा लोग अपने-अपने जिलों से लेकर जाने हैं इसलिए इस बार राजस्थान से बड़ी संख्या में रैली में कांग्रेसियों की जाने की संभावना है

### अशोक गहलोत को लेकर असमंजस की स्थिति

जानकारी के अनुसार पिछले कुछ दिनों से पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत की तबीयत खराब बताई जा रही है और चिकित्सकों ने उन्हें आराम करने की सलाह दी है इसलिए हाल ही में गहलोत ने कहा भी था कि स्वास्थ्य खराब होने की वजह से डॉक्टरों की सलाह के अनुसार वे इस समय पार्टी के कार्यकर्ताओं से मुलाकात नहीं कर पा रहे लेकिन जल्दी ही मुलाकात करेंगे इसलिए आज दिल्ली की रैली में अशोक गहलोत शायद ही शामिल हो जानकारी के अनुसार वोट चोरी के मुद्दे को लेकर कांग्रेस पार्टी चुप नहीं बैठने वाली कांग्रेस पार्टी के नेताओं ने कहा है कि इस मुद्दे को लेकर अब राष्ट्रीय स्तर पर लोगों को समझाया जाएगा इसके लिए कांग्रेस पार्टी की ओर से पूरे देश भर में एक बड़ा जन आंदोलन भी शुरू किया जाएगा कांग्रेस पार्टी के नेताओं का कहना है कि दिल्ली में रामलीला मैदान में आयोजित होने वाली रैली में इस मुद्दे को लेकर आगे की रणनीति तैयार की जाएगी कैसे और किस तरह से इस मुद्दे को लेकर जनता के बीच में जाना है और किस तरह से इस मुद्दे को लेकर आंदोलन करना है इन सब के बारे में दिल्ली के रैली में सामूहिक चर्चा करके निर्णय लिया जाएगा इसलिए वोट चोरी के मुद्दे को कांग्रेस पार्टी अब राष्ट्रीय मुद्दा बना रही ।

## सुभाष चौक में बदमाशों ने महिला का एटीएम कार्ड बदलकर खाते से करीब डेढ़ लाख रुपए निकाले

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** राजधानी जयपुर के सुभाष चौक थाना इलाके में दो अगस्त बदमाशों ने एक्सिस बैंक की एटीएम पर महिला को बातों में उलझा कर उसका एटीएम कार्ड बदल लिया और फिर उसके अकाउंट से अलग-अलग एटीएम पर जाकर करीब डेढ़ लाख रुपए निकाल लिए पैसे निकालने का मैसेज जब पीड़ित महिला के मोबाइल फोन पर आया तब उसे अपने साथ हुई धोखाधड़ी के बारे में जानकारी मिली पुलिस ने पीड़ित महिला के बयानों के आधार पर मामले की जांच शुरू कर दी है जानकारी के अनुसार सुभाष चौक इलाके में एक्सिस




बैंक की एटीएम पर पीड़ित महिला पैसे निकालने के लिए गई थी जहां पर दो युवकों ने उनसे चिकनी चुपड़ी बातें करनी शुरू की दोनों युवकों ने बातों ही बातों में पीड़ित महिला को उलझा लिया और फिर चुपके से एटीएम से उसका कार्ड बदल लिया इसके बाद महिला का एटीएम कार्ड लेने के बाद दोनों युवकों ने अलग-अलग एटीएम पर जाकर महिला के अकाउंट से 154000 रुपए निकाल लिए पुलिस पीड़ित महिला के बयानों के आधार पर फरार युवकों की पहचान करने का प्रयास कर रही है इसके लिए जहां पर पीड़ित महिला का एटीएम कार्ड बदल गया था उसे एटीएम मशीन के केबिन में लगे सीसीटीवी कैमरे का रिकॉर्ड जप्त किया गया है सीसीटीवी कैमरे के आधार पर फरार युवकों की पहचान करने का प्रयास किया जा रहा है इसके अलावा पूर्व में इस तरह की वारदातों को अंजाम देने वाले अपराधियों के बारे में जेल जा चुके अपराधियों के बारे में भी पुलिस आवश्यक जानकारी जुटा रही है इसके अलावा सुभाष चौक इलाके के अन्य सीसीटीवी कैमरे के रिकॉर्ड को भी चेक किया जा रहा है पुलिस का मानना है कि महिला का एटीएम कार्ड बदलने के बाद लोगों ने जल्दी से जल्दी अकाउंट से पैसे निकाले होंगे इसलिए सुभाष चौक और आसपास के इलाके में जितने भी एटीएम है वहां के सीसीटीवी कैमरे का रिकॉर्ड चेक किया जा रहा है पुलिस का मानना है कि इस वारदात में स्थानीय बदमाश शामिल हो सकते हैं ।

## एंबुलेंस में ऑक्सीजन खत्म होने से नवजात की मौत, परिजन गुस्से और सदमे में



जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** एक निजी एंबुलेंस में ऑक्सीजन सिलेंडर के खत्म होने के बाद नवजात की दम घुटने से तड़प तड़प कर मौत हो गई इस हादसे के बाद नवजात के परिजन गुस्से में भी हैं और उनका रो-रो कर बुरा हाल हो गया है जानकारी के अनुसार भरतपुर के बयान में नवजात की हालात सीरियस होने के बाद उसे एंबुलेंस से बयाना अस्पताल से जयपुर के लिए रेफर किया गया था लेकिन रास्ते में ऑक्सीजन सिलेंडर खत्म हो गया जिसकी वजह से नवजात की हालत और बिगड़ गई ऑक्सीजन खत्म होने के बाद एंबुलेंस के चालक ने कोई अन्य वैकल्पिक उपाय नहीं किया बल्कि वह एंबुलेंस को बीच रास्ते में एक अन्य सरकारी अस्पताल में ले गया जहां पर चिकित्सकों ने नवजात को मृत घोषित कर दिया नवजात के परिजनों का कहना है कि एंबुलेंस में कोई नर्सिंग स्टाफ भी नहीं था इसलिए नवजात के परिजनों का कहना है कि इस तरह से आधे अधूरे उपकरणों से संचालित हो रही निजी एंबुलेंस मरीजों की मौत का बड़ा कारण बन रही है यह एंबुलेंस मरीज का जीवन बचाने की वजह अधूरे साधनों से उन्हें मौत के मुंह में ले जा रही है इसलिए सरकार को इस तरह की एंबुलेंस के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करनी चाहिए जानकार लोगों का कहना है कि प्रदेश में बड़ी संख्या में निजी एंबुलेंस का संचालन हो रहा है प्रदेश के सभी बड़े सरकारी और निजी अस्पतालों के बाहर बड़ी संख्या में निज एंबुलेंस गाड़ियां खड़ी रहती हैं लेकिन यह सभी निजी एंबुलेंस नियम और कायदों के अनुसार तैयार हुई है या नहीं या फिर यह एंबुलेंस नियम और कायदों के अनुसार संचालित हो रही है या नहीं इसकी नियमित रूप से जांच पड़ताल नहीं हो पा रही इसलिए कई एंबुलेंस बिना अनुमति के भी संचालित हो रही है तो कई एंबुलेंस ऐसी हैं जो निर्धारित नियम और कायदों के अनुसार संचालित नहीं हो रही इसलिए यह बहुत ही संवेदनशील विषय है जिस तरह से नवजात की बीच रास्ते में सिर्फ ऑक्सीजन सिलेंडर खत्म होने से ही मौत हुई है तो यह एक बहुत बड़ा गंभीर विषय है सरकार को इसको बहुत ही गंभीरता से लेना चाहिए और दोषी लोगों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करनी चाहिए ।

## जीएसटी विभाग के प्रदेश में 110 ठिकानों पर छापे, 200 करोड़ रुपए कर चोरी का खुलासा!

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** जीएसटी विभाग की ओर से प्रदेश में 110 स्थान पर विभिन्न व्यवसाय से जुड़े कारोबारी के यहां छापामार कार्रवाई को अंजाम दिया जीएसटी विभाग की इस कार्रवाई में करीब 200 करोड़ रुपए की कर चोरी का खुलासा होने की संभावना बताई जा रही है विभिन्न जगहों पर जीएसटी विभाग की ओर से खबर लिखे जाने तक जांच पड़ताल की प्रक्रिया जारी थी रियल एस्टेट होटल मैन्युफैक्चरिंग लोहा स्टील स्टोन प्लाईवुड दवाई इत्यादि विभिन्न तरह का व्यवसाय करने वाले व्यापारियों पर यह कार्रवाई की गई है जानकारी के अनुसार जीएसटी विभाग की टीमों की ओर से पिछले कुछ महीनो से प्रदेश भर में विभिन्न व्यवसाय से जुड़े कारोबारी की गतिविधियों पर कड़ी निगरानी रखी हुई थी जीएसटी विभाग जयपुर उदयपुर कोटा भीलवाड़ा किशनगढ़ अजमेर जोधपुर भीलवाड़ा चित्तौड़गढ़ इत्यादि कई जगहों पर विभिन्न कारोबार का संचालन करने वाले व्यवसाययों के ठिकानों दफ्तर ऑन इत्यादि पर जीएसटी विभाग की ओर से निगरानी रखी जा रही थी तमाम तरह की जानकारियां हासिल करने के बाद शनिवार को जीएसटी विभाग के बड़े अधिकारियों की ओर से पूरे प्रदेश भर में एक साथ चिन्हित किए गए कारोबारी के ठिकानों पर और दफ्तरों पर छापामार कार्रवाई को अंजाम दिया गया प्रदेश घर में जीएसटी विभाग की ओर से की गई इस कार्रवाई में करीब 300 अधिकारियों और कर्मचारी को जिम्मेदारी दी गई थी और 110 टीमों का गठन करके एक साथ उन्हें कारोबारी के विभिन्न ठिकानों पर जांच पड़ताल की जिम्मेदारी दी गई जिसके फल स्वरुप शनिवार को सुबह ही इन सभी टीमों ने एक साथ प्रदेश में कई शहरों में छापामार कार्रवाई का शुभारंभ किया खबर लेकर जाने तक विभिन्न ठिकानों पर जीएसटी विभाग की जांच पड़ताल जारी थी जीएसटी विभाग के ने मौके पर तमाम तरह के दस्तावेज डिजिटल डाटा कंप्यूटर इत्यादि सभी की जांच पड़ताल कर रही है जानकारी के अनुसार जीएसटी विभाग की ओर से सामूहिक रूप से इतने बड़े पैमाने पर की गई।

## मुख्यमंत्री ने खुद की कुर्सी बचा ली यह भजनलाल सरकार की सबसे बड़ी उपलब्धि : टीकाराम जूली

जयपुर टाइम्स

**अलवर(निसं.)।** प्रतिपक्ष के नेता टीकाराम जूली ने शुक्रवार को राज्य की भाजपा सरकार पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि पिछले दो वर्षों में इस सरकार की एकमात्र उपलब्धि यही रही है कि भाजपा के भीतर तमाम अंतर्विरोधों के बावजूद मुख्यमंत्री अपनी कुर्सी बचाने में सफल रहे हैं। सरकार आपसी खींचतान में उलझी है और इनके पास गिनाने के लिए सिर्फ झूठी आंकड़ेबाजी है जबकि धरातल पर संकल्प पत्र के वादे धूल फांक रहे हैं। संकल्प पत्र के अधूरे वादों की पोल खोलते हुए जूली ने कहा कि भाजपा ने अपने संकल्प पत्र में वादा किया था कि किसानों से गेहूं 2700 रुपये प्रति क्विंटल की दर से खरीदा जाएगा और इसके लिए बोनस दिया जाएगा। दो साल बीत गए लेकिन किसान आज भी इस भाव के लिए तरस रहा है। बाजरे की एमएसपी पर खरीद का वादा भी अधूरा है। वहीं रोड़ा एक्ट के तहत किसानों की जमीन नीलाम न होने देने का वादा किया गया था लेकिन प्रदेश में कर्ज के कारण जमीनों की कुर्की के नोटिस आज भी जारी हो रहे हैं। नेता प्रतिपक्ष ने याद दिलाया कि भाजपा ने 2.5 लाख सरकारी नौकरियां देने और हर भर्ती का एक जॉब कैलेंडर जारी करने का वादा किया था। आज युवा पूछ रहा है कि वो कैलेंडर कहां है? भर्तियां अटकी पड़ी हैं परिणाम आ नहीं रहे और 1.5 लाख से ज्यादा पद शिक्षा विभाग में खाली पड़े हैं जबकि वादा किया गया था कि एक साल में शिक्षा विभाग के सभी रिक्त पद भरे जाएंगे। भाजपा ने गरीब परिवारों की बेटियों के लिए मुफ्त शिक्षा का वादा किया था। यह वादा भी जुमला निकला। उलटे, स्कूल ड्रेस के लिए पूर्व में मिल रहे 1200 रुपये को घटाकर 600 रुपये कर दिया गया और उसमें से भी जनरल व ओबीसी वर्ग के गरीब बच्चों को बाहर कर दिया गया। जूली ने कहा कि चुनाव के समय भाजपा नेताओं ने पेट्रोल-डीजल के दाम कम करने के बड़े-बड़े दावे किए थे। वादा था कि वैट की समीक्षा कर दाम कम किए जाएंगे। डबल इंजन की सरकार बने अरसा हो गया लेकिन आज भी राजस्थान की जनता पड़ोसी राज्यों से महंगा तेल खरीदने को मजबूर है। कम होना तो दूर अब तो सीएनजी भी महंगी दी जा रही है। सरकार ने हर जिले में एंटी रोमियो स्क्वॉड बनाने और महिला थानों को सशक्त करने का




वादा किया था। हकीकत यह है कि एंटी रोमियो स्क्वॉड तो कहीं नजर नहीं आते लेकिन मनचले और अपराधी बेखौफ घूम रहे हैं। सीएम के खुद के क्षेत्र में और कुचामन जैसी घटनाओं ने महिला सुरक्षा के दावों की पोल खोल दी है। जूली ने कहा कि ईआरसीपी को लेकर भी जनता को गुमराह किया जा रहा है। पिछली कांग्रेस सरकार ने बजट दिया लेकिन केंद्र ने इसे राष्ट्रीय परियोजना न मानकर अब तक अटकाए रखा है। जूली ने कहा मुख्यमंत्री खुद को पूर्व सरपंच बताते हैं लेकिन पंचायती राज के चुनावों पर रोक लगाकर उन्होंने लोकतंत्र को ब्यूरोक्रेसी में बदल दिया है। अफसरों की मनमानी इतनी हावी है कि जनता की तो छोड़िए विधायकों की भी नहीं सुनी जा रही। जूली ने कहा कि प्रदेश की बजरंग लाल सरकार ने पिछले सरकार की योजनाओं को या तो बंद किया है या कमजोर किया है उन्होंने कहा किबाड़मेर रिफाइनरी का काम धीमा करना हो या चिरंजीवी आरजीएचएस और उड़ान योजना को कमजोर करना यह सरकार बदले की भावना से काम कर रही है।जूली ने कहा कि भाजपा का दावा कि उसने 70 प्रतिशत वादे पूरे कर दिए सदी का सबसे बड़ा झूठ है। जनता अब समझ चुकी है कि यह जुमलों की सरकार है। प्रदेशवासी त्राहिमाम कर रहे हैं और इस जनविरोधी सरकार को उखाड़ फेंकने का मन बना चुके हैं जिसका ट्रेलर अंता उपचुनाव में दिखा और टीजर पंचायतीराज और नगरीय निकाय चुनावों में दिख जाएगा।

## अल्बर्ट हॉल की बजाय गोविंद सिंह डोटासरा प्रदेश की सबसे बड़ी पंचायत में करें बहस : मदन राठौड़

### पूर्ववर्ती गहलोत सरकार और प्रदेश की भजनलाल सरकार के कार्यों की तुलना का मामला

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ ने कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष द्वारा शुक्रवार को दिए गए बयान पर पलटवार करते हुए कहा कि डोटासरा के पास यदि पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार से तुलना करने लायक तथ्य हैं तो वे अल्बर्ट हॉल की बजाय विधानसभा में बहस करें। उन्होंने कहा कि मैं मुख्यमंत्री से आग्रह करूंगा कि वे विधानसभा सत्र के दौरान एक पूरा दिन कांग्रेस के 5 साल और भाजपा शासन के 2 वर्ष के कार्यकाल पर बहस करवाएं। भाजपा प्रदेशाध्यक्ष ने कहा कि कांग्रेस के प्रदेशाध्यक्ष और अन्य नेता झूठ का पुलिंदा लिए घूमते हैं। जिन लोगों ने राज्य की जनता के अमूल्य 5 वर्ष आपसी फूट और लड़ाई में बर्बाद कर दिए, वे आज जनता के लिए बेहतरीन काम कर रही सरकार के खिलाफ झूठी बातें परोस रहे हैं और विधानसभा में बहस करने से भाग रहे हैं। राठौड़ ने कहा कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के कुशल नेतृत्व में इन 2 वर्षों में राज्य की जनता के लिए भाजपा सरकार ने ऐतिहासिक कार्य किए हैं। चाहे पानी के लिए महतवपूर्ण समझौते करना हो ऊर्जा के क्षेत्र में राज्य को आत्मनिर्भरता की



ओर ले जाना हो युवाओं को रोजगार देना हो उद्योग, शिक्षा और स्वास्थ्य के क्षेत्र में विकास कार्य कराना हो-सभी क्षेत्रों में राज्य सरकार ने उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल की है। मदन राठौड़ ने कहा कि कांग्रेस राज में राजस्थान जिस बदहाली के दौर से गुजर रहा था वो किसी से छुपा हुआ नहीं है। महंगाई भ्रष्टाचार बेरोजगारी पेपरलीक महिला अत्याचार साम्प्रदायिक दंगे और साइबर अपराध जैसे मामलों में राजस्थान देश में नम्बर 1 राज्य बन गया था। आज भाजपा की सरकार में राजस्थान की जनता को कांग्रेस के काले कारनामों से छुटकारा मिला है। भाजपा सरकार ने सभी मामलों में प्रभावी कार्रवाई कर दोषी लोगों को कटघरे में खड़ा किया है। इन सभी विषयों पर प्रभावी कार्यक्रम-नीति बनाकर सभी वर्गों को राहत देने का काम इस सरकार ने किया और इन क्षेत्रों में 2 वर्ष के कालखंड में ही उल्लेखनीय उपलब्धियां हासिल की हैं।

## शहर में हर गली मोहल्ले में जाकर लोगों को सड़क सुरक्षा के लिए करेंगे जागरूकः पुलिस कमिश्नर सचिन मित्तल

### सड़क सुरक्षा को लेकर ट्रैफिक पुलिस की ओर सेजयपुर में विभिन्न मार्गो निकाली गई वाहन रैली

जयपुर टाइम्स



**जयपुर(कासं.)।** जयपुर पुलिस कमिश्नर सचिन मित्तल ने कहा है कि सरकार के 2 साल पूरा होने के अवसर पर प्रदेश भर में सड़क सुरक्षा सप्ताह का आयोजन किया जा रहा है इसी क्रम में जयपुर पुलिस की ओर से भी शनिवार को सड़क सुरक्षा सप्ताह का आयोजन किया जा रहा है इस सड़क सुरक्षासप्ताह के तहत जयपुर पुलिस की ओर विस्तृत कार्य योजना तैयार की गई है इस कार्य योजना के तहत जयपुर ट्रैफिक पुलिस और थानों के पुलिसकर्मी अपने-अपने क्षेत्र में हर गली और मोहल्ले में जाकर लोगों को सड़क सुरक्षा सप्ताह के के पुलिसकर्मी अपने-अपने क्षेत्र में हर गली और मोहल्ले में जाकर लोगों को सड़क सुरक्षा के लिए जागरूक करेंगे लोगों को नशे से दूर रहने और ट्रैफिक तथा परिवहन विभाग के नियमों का पालन करने की सीख देंगे इसके लिए जयपुर के विभिन्न स्कूलों और कॉलेज में भी बाकायदा कार्यक्रम आयोजित करके छात्रों छात्रों को सड़क सुरक्षा के लिए जागरूक करेंगे उन्होंने कहा कि वैसे तो जयपुर ट्रैफिक पुलिस लोगों को सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक करने के लिए हमेशा सतत प्रयास करती रहती है और इसके लिए कई तरह के नवाचार और कदम भी उठाए गए हैं लेकिन इस विशेष सड़क सुरक्षा सप्ताह के तहत जयपुर पुलिस ने लोगों को समझाने के लिए एक बड़ा कार्यक्रम तैयार किया है पुलिस कमिश्नर मित्तल ने कहा कि इस बाबत ट्रैफिक पुलिस के छोटे बड़े सभी अधिकारियों को निर्देशित किया गया है कि वह अपनी जिम्मेदारी को पूरी ईमानदारी और निष्ठा के साथ निभाए शुरू में लोगों को अच्छे व्यवहार और अच्छे बोलचाल के माध्यम से सड़क सुरक्षा के लिए जागरूक करें उन्हें



समझाएं और अगर बार-बार समझाने के बावजूद भी कोई यातायात और परिवहन विभाग के नियमों की अवहेलना करता है तो उसके खिलाफ कड़ी कार्रवाई भी करें पुलिस कमिश्नर सचिन मित्तल ने कहा कि जयपुर में आबादी और विस्तार दोनों तेजी से बढ़ रहे हैं जयपुर के विकास के साथ-साथ जयपुर की यातायात व्यवस्था पुलिस के लिए एक बड़ी चुनौती है लेकिन जयपुर पुलिस इसके लिए पूरी तरह से तैयार है और शहर की यातायात व्यवस्था को आसान तथा सुगम बनाने के लिए पुलिस की ओर से सतत प्रयास किया जा रहे हैं शनिवार को सचिन मित्तल ने पुलिस कमिश्नरेट कार्यालय से ट्रैफिक पुलिस की बाइक रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया यह रैली पुलिस कमिश्नरेट से रवाना होकर एम आई रोड अजमेरी गेट न्यू गेट चौड़ा रास्ता त्रिपोलिया गेट छोटी चौपड़ चांदपोल बाजार संजय सर्किल स्टेशन रोड होते हुए पुलिस कमिश्नर कार्यालय तक निकाली गई इस रैली में ट्रैफिक पुलिस के विभिन्न ब्रांच के अधिकारी और कर्मचारी शामिल थे ।

## अवैध नर्सिंग कॉलेजों के खिलाफ छात्रों ने खोला मोर्चा, विशाल प्रदर्शन

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** प्रदेश में कई जगहों पर संचालित हो रही अवैध नर्सिंग कॉलेज छात्रों के लिए बड़ी परेशानी का सबक बन गई है एक तरफ अवैध रूप से संचालित हो रही यह कॉलेज मनमानी तरीके से फीस वसूल कर रही हैं तो दूसरी तरफ इन कॉलेज में पढ़ रहे छात्रों को हमेशा यही चिंता सताती रहती है कि कोर्स पूरा होने के बाद उनकी डिग्री को मान्यता मिलेगी या नहीं इसलिए इन कॉलेज में पढ़ने वाले सभी स्टूडेंट हताश भी नजर आते रहे हैं कई बार इन कॉलेज के खिलाफ छात्रों ने प्रदर्शन भी किए हैं लेकिन सरकारी स्तर पर ठोस कार्रवाई नहीं होने की वजह से हर साल नए छात्र इन कॉलेज संचालकों के जाल में फंस जाते हैं और फिर पैसों में भी लूटते रहते हैं ताजा मामला भीलवाड़ा में देखने को मिल रहा है जहां पर रूही कॉलेज कृष्णा कॉलेज और श्री बालाजी कॉलेज नर्सिंग कॉलेज में पढ़ने वाले छात्र आंदोलन शुरू किए हुए हैं छात्रों की ओर से रोजाना कॉलेज के बाहर प्रदर्शन धरने और नारेबाजी की जा रही है लेकिन इन छात्रों की कोई भी सुनने वाला नहीं है जानकारी के अनुसार कृष्णा नर्सिंग कॉलेज के छात्रों ने इससे पहले भी इस कॉलेज के बिना मान्यता के संचालित होने की बात कह कर आंदोलन किया था और कॉलेज प्रशासन से अपनी जमा कराई हुई फीस को भी वापस लौटाने की अपील भी की लेकिन कई दिनों तक छात्रों की ओर से आंदोलन करने के बावजूद भी यह कॉलेज अब भी संचालित हो रही है अब एक बार फिर से इस कॉलेज में पढ़ने वाले छात्रों का आरोप है कि इस कॉलेज को मानता नहीं मिली हुई है बिना मान्यता के यह कॉलेज संचालित हो रही है और कॉलेज प्रशासन की ओर से मनमाने तरीके से छात्रों से फीस भी वसूल की जा रही है इसी तरह के आरोप श्री बालाजी कॉलेज और रुही कॉलेज में पढ़ने वाले छात्र भी लगा रहे हैं जानकार लोगों का कहना है कि भीलवाड़ा ही नहीं प्रदेश में कई अन्य जगहों पर भी बड़े स्तर पर बिना मान्यता के नर्सिंग कॉलेज संचालित हो रही है इस दिशा में संबंधित विभाग और सरकार को तुरंत एक्शन लेना चाहिए और बिना मान्यता के संचालित होने वाली इन कॉलेजों के खिलाफ नियम के अनुरूप कड़ी कार्रवाई भी होनी चाहिए क्योंकि एक तरफ यह कॉलेज अवैध रूप से संचालित हो रही है तो दूसरी तरफ इन कॉलेज के संचालन करने वाले लोग मनमाने तरीके से छात्रों का शोषण कर रहे हैं उनसे मनवाने तरीके से फीस वसूल कर रहे हैं जिसकी वजह से छात्र और उनके परिजन काफी टेंशन में हैं ।

## कहानी

# दूसरी नाक

लड़के पर जवानी आती देख जब्बार के बाप ने पड़ोस के गाँव में एक लड़की तजवीज़ कर ली। लेकिन जब्बार ने हस्बा की लड़की शब्बू को जो पानी भर कर लौटते देखा, तो उसकी सुध-बुध जाती रही। जैसे कथा कहानी में कहा जाता है कि शाहज़ादा नदी में बहता हुआ सोने का एक बाल देख सोने के केशधारी सुंदरी के प्रेम से आहत महल की अटारी में उपवास कर लेट गया था; बहुत कुछ वैसा ही हाल जब्बार का भी हुआ। मुँह से तो कुछ कह न सका पर शिथिल शरीर, चेहरे का रंग उड़ा हुआ, कुछ खोया-खोया सा वह रहने लगा। माँ-बाप ने उसकी हालत देखकर सलाह की। मुँह-दर-मुँह नहीं पर उसे सुना दिया कि ब्याह जल्दी ही उसका हो जाएगा। लड़की भी बच्चा नहीं, बिलकुल जवान है। शमसल की बड़ी बेटी जहुन्ना आस-पास के चार गावों में एक ही लड़की है। पानी का बड़ा मटका सिर पर उठाकर धमकती दो मील चली जाती है। घर भर का काम सँभालती है अभी से! यहाँ आ जाएगी तो जब्बार की माँ को भी चैन मिलेगा। बूढ़ी हो गई बेचारी। पर जब्बार को इससे कुछ तसल्ली न हुई। वह अक्सर लंबी-लंबी आहे खींचकर चुपचाप पड़ा रहता। एक रोज़ माँ ने आँखों में आँसू भर अपनी क़सम धराकर पूछा–तो उसने सच कह दिया। जहुन्ना की बात सुनने से भी उसने इनकार करके कहा– 'यातो हस्बा की बेटी शब्बू, नहीं तो बस!...कुछ नहीं।'

माँ-बाप ने बहुत समझाया। उसे सुनता देखते तो आपस में जहुन्ना की तारीफ़ और शब्बू की निंदा करने लगते। फिर जो लोग ऐसी बेशर्मी से ब्याह करते हैं उनकी कितनी निंदा होती है, यह सब वे लड़के को काकोक्ति, अलंकार और रूपक द्वारा समझाकर हार गए। पर धुन का पक्का जब्बार न माना तो न माना। बेटे की ज़िद्द से हार मान बूढ़ा गफ़्फ़ार एक रोज़ हस्बा से बात करने गया। जब वह लौटकर आया तो क्रोध से उसकी आँखें लाल और ग्लानि से चेहरा विरूप हो रहा था। बंदूक़ कोने में रख, कंधे की चादर ज़मीन पर फेंक वह ज़मीन पर ही बैठ गया।

जब्बार की माँ ऊँटों को बेरी की पत्तियाँ खिला रही थी। तुरंत बूढ़े के समीप दौड़ी आई। जब्बार दूर से ही उत्सुक कान लगाए था। बूढ़ा मानो फट पड़ा– 'ऐसे नालायक़ बेटे से बेऔलाद भला!' जब्बार की माँ ने घबराकर बेटे की बलाएँ अपने सिर लेते हुए नाक पर हाथ रख कर पूछा– 'हाय-हाय! हुआ क्या?'

बूढ़े ने कहा– 'होगा क्या? ऐसे बे-शर्म बे-ग़ैरत लड़के से और होगा क्या? तमाम इज़्ज़त ख़ाक में मिल गई और घर मिट्टी में मिल जाएगा।' माँ ने फिर बलाएँ लेकर पूछा– 'हाय हुआ क्या? ऐसा क्यों कहते हो!'

बाप ने कहा– 'अगर इसके ऐसे ही मिज़ाज थे तो यह क़लात के ख़ान के यहाँ पैदा क्यों नहीं हुआ? जानती है, हस्बा ने क्या कहा? सीधे मुँह से बात भी न की। कहती है, शब्बू की बात तुम मत सोचो। उसे वह ब्याहेगा जो अढ़ाई सौ रुपए की गठरी बाँधकर लाएगा।' अढ़ाई सौ रुपए की बात सुन जब्बार की माँ की आँखें ऊपर चढ़ गई। बूढ़ा बोला– 'तू भी बूढ़ी हो गई। तू ही बता-तूने कभी ऐसा तूफ़ान सुना है; उमर में?...अढ़ाई सौ रुपए!...कोई चीज़ ही नहीं होती?'

शमसल से मैंने जहुन्ना के लिए बात की थी। उसने लड़की के अस्सी माँगे थे, आख़िर साठ पर तैयार है। उसकी लड़की भी एक आदमी है। और वह बदज़ात माँगता है–अढ़ाई सौ। और फिर तू बूढ़ी हो गई; तू ही बता, रंग ज़रा मैला हुआ तो क्या, और ज़रा साफ़ हुआ तो क्या? औरत औरत सब एक। तुझे अपने काम से मतलब कि रंग से? अभी छः महीने नहीं हुए इसके लिए बंदूक़ ख़रीदी थी तो वह ऊँट बेचा था। अड़ाई सौ रुपए उमर भर में कमा तो पाएगा नहीं और शान यह है! अच्छा तू ही बता–इतनी बूढ़ी हुई, अढ़ाई सौ रुपए कभी औरत के दाम सुने हैं?...अढ़ाई सौ रुपए में तो फिरंगी की तोप ख़रीदी जाती है।' जब्बार ने सुना और आह को सीने में दबाकर करवट बदल ली।

एकलौते बेटे का यूँ दिन-रात बिसूरना माँ-बाप से देखा न गया। बूढ़े ने कहा– 'मेरा क्या है? पका फल हूँ! कब टपक पड़ूँ? जो कुछ है इसी के लिए है। रोज़ी का सहारा ये दो ऊँट हैं ये भी जाएँगे तो फिर खुद ही फिरंगियों की सड़क पर रोड़ी कूटने की मज़दूरी करेगा। लोग यही कहेंगे कि गफ़्फ़ार का बेटा मज़दूरी करने लगा, सो इसकी क़िस्मत! मैं क्या सदा बैठा रहूँगा?' आख़िर दोनों ऊँट भी बन्नू के बाज़ार में बेच दिए गए और शब्बू जब्बार की बहू बन के घर आ गई। शब्बू को इस बात का कम गर्व नहीं था कि उसकी क़ीमत गिन कर अढ़ाई सौ रुपए चुकाई गई है। पानी भरने जाती तो आधा ही घड़ा लेकर लौटती, वह भी लचकती, बलखाती। पड़ोस की मीरन ने समझाया– 'ऐसा नख़रा ठीक नहीं। मर्दों को काम प्यारा होता है। किसी रोज़ ऐसी मार पड़ेगी कि कमर सदा को लचक जाएगी।' अपनी कान तक फैली आँखें मटकाकर और हाथ का अँगूठा दिखाकर शब्बू ने कहा– 'ओहो! मेरे बाप ने बारह बीसे और दस रुपए गिन कर मुझे मार खाने को ही तो यहाँ भेजा है? कोई मुझे हाथ तो लगाए? तेरा क्या है? तेरे मर्द ने तीन बीसे में तुझे लिया है।...लँगड़ी लूली हो जाएगी तो एक और सही।'

# आतंक से मुक्त माओवादियों का गढ


*ट्रंप से जब ताइवान पर चीनी हमले के खतरे के बारे में पूछा गया तो उन्होंने कहा कि वह जब होगा, तब देखेंगे। ट्रंप ने यह नहीं कहा कि वे ट्रेड डील का भय दिखाकर ताइवान को चीनी हमले से बचा लेंगे। इससे उलट ट्रंप हर तीन-चार दिन में भारत को लज्जित करने के लिए आपरेशन सिंदूर रुकवाने का झूठा दावा यह कहकर करते हैं कि उन्होंने व्यापारिक समझौता न करने का भय दिखाकर संभावित परमाणु युद्ध रुकवा दिया। रूस से कच्चा तेल भारत और चीन, दोनों ही आयात कर रहे हैं, पर ट्रंप प्रशासन हाथ धोकर भारत के ही पीछे पड़ा है। इस सबसे समझा जा सकता है कि चीन के सामने नतमस्तक अमेरिकी शासन तंत्र ने अब यह ठाना है कि अगर चीन विश्व की दूसरी महाशक्ति बन ही गया है और उसे रोकना उसके वश की बात नहीं रही है तो कम से कम भारत और रूस का उभार तो रोका ही जाए। चीन की इस मजबूत स्थिति के पीछे उसकी सामरिक रूप से महत्वपूर्ण तकनीक के अनुसंधान और उत्पादन में पहल करने की दशकों की नीति रही है। चीनी*



देश अब माओवाद से मुक्त हो रहा है। मजबूत राजनीतिक इच्छाशक्ति और सुरक्षा बलों की प्रभावकारी कार्रवाइयों की वजह से यह स्थिति बनी है। प्रधानमंत्री मोदी और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के नेतृत्व ने देश को माओवादी आतंक से मुकाबले के निर्णायक दौर तक पहुंचाने की दिशा दिखाई है। एक ओर राज्य पुलिस बल के साथ केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल कदमताल करते हुए माओवादियों के गढ़ में हुंकार भर रहे हैं, माओवादियों को आत्मसमर्पण करने को मजबूर कर रहे हैं तो दूसरी ओर सरकार की योजनाओं का पूरा जोर इन क्षेत्रों के विकास और स्थानीय लोगों के पुनरुत्थान पर केंद्रित है। नतीजन जिस लाल गलियारे में कभी हिंसा और असुरक्षा का साया मंडराता था, वहां आज विकास, शांति और विश्वास की रोशनी दमक रही है। आंकड़े इसकी गवाही देते हैं कि छत्तीसगढ़ में पिछले 22 महीनों में सुरक्षा बलों ने 487 से अधिक माओवादियों को मार गिराया है, 2240 ने आत्मसमर्पण किया है और 1833 गिरफ्तार किए गए हैं। यह सफलता अपने आप में रिकार्ड है। जिन इलाकों में कभी गोलियों की गूंज सुनाई देती थी, आज वहां स्कूल, सड़कें, अस्पताल और मोबाइल टावर खड़े हैं। हाल में सेंट्रल कमेटी के बड़े माओवादी नेताओं-सुधाकर, बसवराजू और हिडमा के मारे जाने से छत्तीसगढ़ और इसकी सीमा से लगे अन्य राज्यों में माओवाद का ढांचा पूरी तरह हिल गया है। बीजापुर का कर्रेगुड़ा आपरेशन इस बदलाव का प्रतीक बन चुका है। छत्तीसगढ़ सरकार ने आत्मसमर्पित माओवादियों एवं माओवाद प्रभावित लोगों को मुख्यधारा में लाने के लिए देश की सबसे आकर्षक पुनर्वास नीति लागू की है। पुनर्वास ही नहीं, राज्य सरकार की तरफ से आत्मसमर्पित माओवादियों को दी जाने वाली वित्तीय सहायता की भी इस लक्ष्य को पाने में महत्वपूर्ण भूमिका है। इसके तहत सभी आत्मसमर्पित माओवादियों को तीन वर्षों तक 10,000 रुपये मासिक सहायता की व्यवस्था की गई है। शहरी क्षेत्रों में आवासीय प्लाट और ग्रामीण क्षेत्रों में कृषि भूमि का प्रविधान किया गया है। सरकार की नीति में यह बड़ा सकारात्मक बदलाव है कि पहले सुरक्षा बलों को मिलने वाला इनाम अब आत्मसमर्पण करने वालों को दिया जा रहा है। और तो और, 80 प्रतिशत से अधिक सदस्यों के सामूहिक आत्मसमर्पण पर दोगुना इनाम घोषित किया गया है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व वाली भाजपा सरकार ने सरेंडर नीति में बदलाव करते हुए वित्तीय सहायता राशि में वृद्धि की है, जिसके परिणामस्वरूप माओवादियों के आत्मसमर्पण में तेजी आई है। 15,000 प्रधानमंत्री आवास आत्मसमर्पित माओवादियों एवं माओवाद पीड़ित परिवारों के पुनर्वास के लिए निर्माणाधीन हैं। दूरस्थ गांवों में सड़क, स्वास्थ्य, शिक्षा, मोबाइल कनेक्टिविटी और आधारभूत सेवाएं पहले की अपेक्षा अब तेजी से पहुंच रही हैं। 403 गांवों में 81,090 आधार कार्ड, 49,239 आयुष्मान कार्ड, 5,885 किसान सम्मान निधि, 98,319 परिवारों को मुफ्त राशन मिल रहा है। 21 नई सड़कें, मोबाइल टावर, उप-स्वास्थ्य केंद्र और उचित मूल्य दुकानों ने जीवन बदल दिया है। प्राकृतिक सुंदरता से सराबोर छत्तीसगढ़ का बस्तर मानो अभिशप्त था, लेकिन आज निवेश का नया गंतव्य बन रहा है। नई औद्योगिक नीति, 2024-30 के तहत स्थानीय संसाधनों पर आधारित उद्योग, स्टील, फूड प्रोसेसिंग, कृषि उद्योग, डेरी, पर्यटन और वेलनेस सेक्टर में 967 करोड़ रुपये से अधिक के निवेश प्रस्ताव आए हैं। नगरनार स्टील प्लांट के आसपास 118 एकड़ में नया औद्योगिक क्षेत्र चिह्नित किया गया है। एमएसएमई और सेवा क्षेत्र में 1000 करोड़ रुपये का निजी निवेश, नए उद्योगों से 2100 से अधिक रोजगार के अवसर खुल रहे हैं। जगदलपुर में 350 बिस्तरों वाला मल्टी-स्पेशियलिटी अस्पताल और मेडिकल कालेज स्थापित होने जा रहा है। कुल 700 करोड़ रुपये से अधिक के निवेश वाले ये प्रोजेक्ट बस्तर को मेडिकल हब बनाने की दिशा में कदम हैं। इसके साथ ही रोजगार, कौशल और उद्यमिता का विस्तार, 90,273 युवाओं को कौशल प्रशिक्षण, 39,137 युवाओं का नियोजन, आइटी, आटोमोटिव, कंस्ट्रक्शन, सोलर आदि क्षेत्रों में प्रशिक्षण दिया जा रहा है। आधुनिक राइस मिल, फूड प्रोसेसिंग यूनिट्स और कोल्ड स्टोरेज किसानों की आय बढ़ा रहे हैं। एग्रीटेक परियोजनाएं कृषि को आधुनिक बना रही हैं। जब कानून व्यवस्था दुरुस्त हो। सड़कें अच्छी हों। युवाओं को काम मिले तो किसी भी क्षेत्र की छवि दूसरे प्रदेशों के लोगों में सकरात्मक होती है। ऐसे में पर्यटन की संभावना बढ़ती है। बस्तर में भी यही हुआ है। अब पर्यटन के क्षेत्र में बस्तर की पहचान को वैश्विक मंच पर ले जाने का प्रयास हो रहा है। धुड़मारास को यूनाइटेड नेशन द्वारा सर्वश्रेष्ठ पर्यटन गांव घोषित किया गया है।


## सम्पादकीय

# मशीन पर इंसान की निर्भरता हो सकती है घातक




कोई भी तकनीक अगर मनुष्य के लिए सहयोगी की भूमिका में है, तो वह बेशक फायदेमंद हो सकता है, लेकिन वह अगर निर्भरता का मामला बनता है तो उसके घातक नतीजे भी सामने आ सकते हैं। इस लिहाज से देखें तो समूची दुनिया में इंटरनेट के तेजी से विस्तार के साथ मनुष्य को अपने जीवन के विविध पक्षों के लिए बहुस्तरीय सुविधाएं मिली हैं, लेकिन इसके नए स्वरूप ने कुछ ऐसी स्थितियां भी पैदा की हैं, जिससे पार पाना अब एक अहम चुनौती है। कृत्रिम बुद्धिमत्ता यानी एआइ के अलग-अलग मंचों ने आज हरेक विषय पर जानकारी हासिल करने से लेकर कई स्तर पर अपनी उपयोगिता की वजह से व्यापक जगह बना ली है। इसी क्रम में एक पहलू इस तकनीक के साथ संवाद भी है, जहां किसी व्यक्ति के अमूमन हर तरह के सवाल का जवाब मिल सकता है। यह अलग बात है कि उसके सही या गलत होने की परख के लिए इंसान को अपने विवेक को सजग रखना चाहिए। कृत्रिम बुद्धिमत्ता की इस खासियत का प्रचार-प्रसार तो बहुत हुआ, लेकिन इसकी सीमाओं के बारे में ज्यादातर लोगों के पास ठोस जानकारी और उसके उपयोग के लिए उचित प्रशिक्षण नहीं है। यह बेवजह नहीं है कि कई बार लोग और खासतौर पर बच्चे एआइ के साथ संवाद के क्रम में उलझ जाते हैं या फिर भ्रम का शिकार होकर कोई प्रतिगामी कदम भी उठा लेते हैं। कोई आनलाइन गेम खेलते हुए बच्चों के आत्महत्या कर लेने की खबरें पहले भी आती रही हैं, लेकिन अब कुछ मामलों में एआइ से संवाद को हत्या तक के लिए जिम्मेदार बताया जाने लगा है। गौरतलब है कि अमेरिका में सैन फ्रांसिस्को के कनेक्टिकट में एक तिरासी वर्ष की बुजुर्ग महिला के परिजनों ने हत्या और आत्महत्या के मामले में चैटजीपीटी की भूमिका को लेकर ओपनएआइ और माइक्रोसाफ्ट के खिलाफ एक मुकदमा दायर किया है। इसमें यह आरोप लगाया गया है कि एआइ वाले चैटबाट ने बेटे के मन में अपनी मां के बारे में भ्रम और संदेह को इतना बढ़ाया कि उसने मां की हत्या करके आत्महत्या कर ली। अंदाजा इससे लगाया जा सकता है कि इस एआइ ने हत्या करने वाले व्यक्ति के मन में सबके साथ-साथ अपनी मां के प्रति भी केवल शक और आशंका भर दी। उसे चैटजीपीटी को छोड़ कर अन्य किसी की भी बात पर विश्वास नहीं रहा। इस तरह की अनेक घटनाएं यही दर्शाती हैं कि हर बात या काम के लिए एआइ या आधुनिक तकनीक पर अत्यधिक निर्भरता कैसे इंसान की संवेदना, उसके आत्मविश्वास और यहां तक कि विवेक को निष्क्रिय कर दे सकती है, जिसके बाद व्यक्ति अपनी सोच-समझ से कोई भी प्रतिक्रिया दे सकने में अक्षम हो जाता है। आज अपने आसपास देखा जा सकता है कि लोग आधुनिक तकनीक को जरूरत से ज्यादा अहमियत देने, उसमें लीन रहने के क्रम में कैसे मानवीयता और संवेदना के मूल्यों को कोई पिछड़ा या दोयम दर्जे का मूल्य मानने लगे हैं। ऐसी स्थिति में कई बार एक शख्स किसी अन्य व्यक्ति की बातों को संदेह की नजर से देखता है या फिर उसे अधूरा मानता है, लेकिन समान संदर्भ में वह एआइ की बातों को अधिक विश्वसनीय और शक से परे मानता है।

# छोटे निर्यातकों की सुध ले सरकार



भारत आज अपने निर्यात पारिस्थितिकी तंत्र के एक महत्वपूर्ण मोड़ पर खड़ा है। देश के छह करोड़ से अधिक सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम (एमएसएमई) विश्व के सबसे बड़े कारीगर, शिल्पकार और छोटे उद्यमी समुदाय की आधारशिला हैं। इन छोटे उद्यमियों, हथकरघा बुनकरों और हस्तशिल्प कलाकारों को ई-कामर्स निर्यात के माध्यम से वैश्विक बाजारों तक पहुंचने का एक नया और प्रभावी मार्ग मिला है। अंतरराष्ट्रीय आनलाइन प्लेटफार्मों ने भारत के छोटे विक्रेताओं को बिना किसी विदेशी कार्यालय के दुनिया के 200 से अधिक देशों में उपभोक्ताओं तक पहुंचने में सक्षम बनाया है। डिजिटल बाजार और भारत की रचनात्मक, किफायती उत्पादन प्रणाली ने वैश्विक व्यापार में छोटे भारतीय विक्रेताओं के लिए अवसरों का विस्तार किया है। पिछले एक दशक में ई-कामर्स आधारित डायरेक्ट-टू-कंज्यूमर माडल ने भारत के छोटे उत्पादकों को उल्लेखनीय सशक्तीकरण दिया है। इस माडल में उत्पाद विदेशी ग्राहकों द्वारा आर्डर मिलते ही सीधे भारत से भेजे जाते हैं, जिससे प्रवेश लागत कम होती है और घर-आधारित उद्यमी भी अंतरराष्ट्रीय व्यापार शुरू कर पाते हैं। भारत के हस्तशिल्प, वस्त्र, आभूषण, प्राकृतिक और पारंपरिक उत्पादों की वैश्विक मांग बढ़ रही है। यह माडल विशेषकर छोटे उद्यमों के लिए आय और पहचान का स्रोत बना है, भले ही उन्हें कस्टम्स, भुगतान निपटान और कर संबंधी चुनौतियों का सामना करना पड़ा हो। अब एक नया परिवर्तन इस पूरे पारिस्थितिकी तंत्र को प्रभावित करने वाला है। बड़े वैश्विक ई-कामर्स भारत से वेयरहाउस आधारित निर्यात माडल की अनुमति चाहते हैं, जिसमें भारतीय विक्रेता माल को मार्केट प्लेस के घरेलू वेयरहाउस में जमा करेंगे और उसके बाद मार्केट प्लेस स्वयं इन उत्पादों का निर्यात कर उन्हें विदेश में बेचेगा। उक्त परिवर्तन भारतीय विक्रेताओं की भूमिका को बदल देगा। वे अब निर्यातक नहीं रहेंगे, बल्कि केवल घरेलू आपूर्तिकर्ता बनकर रह जाएंगे। निर्यातक के रूप में मार्केट प्लेस मूल्य निर्धारण, इन्वेंटरी, विदेशी वितरण और फारेक्स प्राप्ति पर पूरा नियंत्रण रखेगा। हालांकि चीन, वियतनाम और मलेशिया सरीखे देशों में यह माडल पहले से अपनाया जा रहा है, लेकिन भारतीय संदर्भ में इनके गहरे और दीर्घकालिक प्रभाव चिंताजनक हैं। वेयरहाउस माडल से छोटे विक्रेताओं का मूल्य निर्धारण पर नियंत्रण समाप्त हो सकता है, क्योंकि मार्केट प्लेस सभी आपूर्तिकर्ताओं की लागत संरचना जानकर कीमतों पर दबाव डाल सकता है। इससे छोटे विक्रेता 'प्राइस-टेकर' बन जाएंगे और उनके लाभांश में भारी कमी हो सकती है। विदेशी बाजार में मिलने वाला पूरा रिटेल मार्जिन मार्केट प्लेस अपने पास रख सकता है, जबकि भारतीय विक्रेता को केवल थोक दर प्राप्त होगी, जो अंतिम बिक्री मूल्य का एक छोटा हिस्सा होती है। इस माडल का प्रभाव यह भी है कि भारत के निर्यात मूल्य में वास्तविक कमी आ सकती है। आज जब एक भारतीय विक्रेता सीधे 2,000 रुपये की कालीन विदेश में बेचता है, तो पूरे 2,000 रुपये भारत के फारेक्स में दर्ज होते हैं, परंतु वेयरहाउस माडल में वही कालीन 1,100-1,200 रुपये में मार्केट प्लेस द्वारा खरीदी जाएगी और इसी राशि को भारत के निर्यात मूल्य के रूप में दर्ज किया जाएगा। इससे न केवल भारत के आधिकारिक निर्यात मूल्य घटेंगे, बल्कि कई मामलों में मार्केट प्लेस अपने विदेश स्थित सहायक कंपनियों के माध्यम से मुनाफा भी विदेश में दर्ज कर सकते हैं, जिससे भारत का कर आधार भी कम होगा। जैसे-जैसे मार्केट प्लेस कम दरों पर बड़े पैमाने पर खरीद करेगा, लाखों कारीगरों का लाभ कम हो सकता है। लाभ में कमी आने पर कई उद्यमी गुणवत्ता से समझौता कर सकते हैं, जिससे भारत की वैश्विक ब्रांड प्रतिष्ठा को नुकसान होगा। जब निर्यात मार्केट प्लेस के नाम पर होगा तो भारतीय उत्पादों की पहचान एवं विशिष्टता खो सकती है। भारत की व्यापार और एमएसएमई नीति लंबे समय से आत्मनिर्भरता, मूल्य संवर्धन और डिजिटल सशक्तीकरण पर आधारित रही है। वन डिस्ट्रिक्ट वन प्रोडक्ट, मेक इन इंडिया, डिजिटल इंडिया, स्किल इंडिया और विदेशी व्यापार नीति जैसी पहलें छोटे उद्यमियों को वैश्विक बाजार से सीधे जोड़ने की दिशा में काम कर रही हैं। ऐसे में वेयरहाउस माडल उस उद्देश्य से भी उलट है, जिसका लक्ष्य डिजिटल बाजारों का लोकतंत्रीकरण है। भारत के लिए नीति-निर्माण में संतुलन बनाना आवश्यक है, लेकिन छोटे निर्यातकों की स्वायत्तता और पहचान खोकर नहीं। भारत चाहे तो पीपीपी माडल के तहत तटस्थ ई-कामर्स एक्सपोर्ट हब विकसित कर सकता है, जो एमएसएमई के उत्पादों को एकत्र कर निर्यात में मदद करें, पर निर्यातक वही रहें। वेयरहाउस माडल सतही रूप से सुविधाजनक दिखाई देता है, लेकिन यह भारत के जमीनी निर्यात ढांचे को कमजोर कर सकता है

# आम सहमति की राजनीति

यह सुखद है कि लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने देश में बढ़ते वायु प्रदूषण का जो विषय उठाया, उस पर सरकार चर्चा करने के लिए सहर्ष तैयार हो गई। यह भी सुखद रहा कि राहुल गांधी ने वायु प्रदूषण की गंभीरता को रेखांकित करते हुए यह कहा कि इस मुद्दे पर आरोप-प्रत्यारोप नहीं होना चाहिए, बल्कि सभी को आम सहमति से इस पर चर्चा करनी चाहिए, ताकि देश को दिखाया जा सके कि हम मिलकर काम कर सकते हैं। वायु प्रदूषण एक ऐसी समस्या है, जिसका समाधान सभी को मिलकर करना होगा। इसमें केंद्र और राज्य सरकारों के साथ आम जनता का सहयोग भी अपेक्षित है। जन सहयोग की अपेक्षा तभी पूरी हो सकती है, जब राजनीतिक वर्ग एकमत और एकजुट होकर कारगर उपाय खोजेगा। वायु प्रदूषण पर सार्थक चर्चा के लिए यह आवश्यक है कि उसके मूल कारणों के निवारण पर ज्यादा जोर दिया जाए। केवल पराली या फिर पटाखों को ही वायु प्रदूषण के लिए जिम्मेदार नहीं माना जाना चाहिए। वायु प्रदूषण के बड़े कारणों में सड़कों एवं निर्माण स्थलों से उड़ने वाली धूल और वाहनों का उत्सर्जन है। इसके अतिरिक्त लकड़ी, उपले, कोयला आदि जलाए जाने से उपजने वाला धुआं भी है। यह गंभीरता से देखा जाना चाहिए कि अपने देश में रसोई गैस का वास्तविक इस्तेमाल कितना होता है? वायु प्रदूषण की गंभीर हो चुकी समस्या के समाधान के लिए कोई कारगर कदम न उठाए जा सकने का दुष्परिणाम यह है कि प्रदूषण से प्रभावित होने वाले शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों की संख्या बढ़ती चली जा रही है। इससे केवल लोगों की सेहत के लिए ही खतरा नहीं पैदा हो रहा है, बल्कि देश की बदनामी भी हो रही है। यह कोई अच्छी स्थिति नहीं कि आज जब भारत का अंतरराष्ट्रीय कद बढ़ रहा हो, तब वह बढ़ते वायु प्रदूषण के लिए जाना जाए।

**भारती किरोड़ीवाल**
**एडवोकेट**
**न्यायालय परिसर चूरू (राजस्थान)**

मोबाइल नं. 9461130613
**Office Address- White House Shekavat Colony Ward No. 14, Churu (Raj.)**
Ref. No.N/ 2025 Date : 12-12-2025

**सार्वजनिक सूचना**

यह कि दिनांक 12.11.2025 को भादर राम पुत्र मोहन राम उम्र 76 वर्ष, महावीर प्रसाद पुत्र दूलीचन्द उम्र 78 वर्ष, रेवन्तराम पुत्र मोहन राम उम्र 65 वर्ष, विमला देवी पत्नी दूलीचन्द उम्र 65 वर्ष, सांवरमल पुत्र दूलीचन्द जातिगण महाब्राम्हण निवासीगण ग्राम घण्टेल तहसील व जिला चूरू (राज.) ने मेरे मुवक्किल सांवरमल पुत्र सुरेश कुमार जाति ब्राम्हण निवासी झारिया के नाम एक मुख्तयारनामा बाबत कृषि भूमि वाका ग्राम झारिया खसरा नं. 188 बारानी 0.7082 भूमि का समस्त कानूनी कार्य, देखभाल, विक्रय आदि करने की सम्पूर्ण जिम्मेदारी सोंप दी है। आम मुख्तयारनामा सार्वजनिक किया जा रहा है किसी भी व्यक्ति / विशेष को कोई आपत्ति हो तो 7 दिवस में सम्पर्क करें ।

**भवदीय**
**भारती किरोड़ीवाल**
**एडवोकेट, चूरू**

प्रादेशिक जयपुर टाइम्स

जयपुर, रविवार
14 दिसम्बर, 2025

# सहकारी समिति पर यूरिया के लिए किसानों का उमड़ा सैलाब

## जबरन दिए जा रहे नैनो यूरिया का किसानों ने किया विरोध, पुलिस तैनात

जयपुर टाइम्स



**सरदारशहर(निस)।** शहर के मजिस्ट्रेट आवास के सामने वाली गली में स्थित बहुउद्देशीय सेवा सहकारी समिति पर किसानों को यूरिया खाद लेने के लिए कड़ी मशक्कत करनी पड़ रही है। यूरिया लेने के लिए शनिवार अल सुबह से ही किसान सहकारी समिति के आगे लाइन में लग हुए हैं। एक किसान को 6 कट्टे यूरिया वितरित की जा रही है। जो किसानों के लिए पर्याप्त नहीं है। वहीं किसानों को जबरदस्ती नैनो यूरिया दी जा रही है। माकपा नेता रामकृष्ण छिंपा ने बताया कि किसान यूरिया खाद के लिए सुबह 5 बजे से लाइन में लगे हुए हैं। उन्होंने कहा कि पूरे राजस्थान में यूरिया को लेकर यही हालत है। उन्होंने कहा कि किसानों को 6 कट्टे यूरिया दी जा रही है। उसके साथ तीन बोतल जबरदस्ती नैनो की दी जा रही है। जो किसान के किसी काम की नहीं है। उन्होंने बताया कि सरकारी आदेशों के बावजूद भी यूरिया खाद के साथ किसानों को नैनो यूरिया दी जा रही है। किसान सांवरमल मेघवाल ने बताया कि जिस समय किसान के खेत में काम करने का वक्त होता है उस समय किसान यूरिया के लिए लाइन में लगा हुआ खड़ा है। उन्होंने आरोप लगाते हुए कहा कि यूरिया की जमकर कालाबाजारी हो रही है। उन्होंने कहा कि सहकारी समितियों की ओर से निजी दुकानों पर यूरिया बेच दी जाती है। जिसके कारण किसानों को लाइन में लगाना पड़ता है और यूरिया की किल्लत रहती है। यूरिया के लिए लाइन में लगे किसान रामदेव शर्मा ने बताया कि 6 कटे यूरिया के साथ तीन बोतल नैनो यूरिया दी जा रही है। उन्होंने कहा कि किसान नैनो यूरिया के पैसे कहां से लेकर आए। जबरदस्ती नैनो यूरिया देना गलत है। नैनो यूरिया किसान उपयोग में नहीं लेते हैं। बता दे कि यूरिया खाद के लिए किसानों को घण्टों तक लाइनों में लगना पड़ रहा हैं। उसके बाद मात्र 6 कट्टे यूरिया मिल रही है। किसानों की भीड़ और नैनो यूरिया के विरोध को देखते हुए मौके पर पुलिस के जवान भी तैनात किए गए हैं। वहीं सहकारी समिति के कर्मचारी और अधिकारी जबरदस्ती दी जा रही नैनो यूरिया के बारे में कुछ भी बोलने से इंकार कर रहे हैं।

## ब्राइट माइंड्स स्कूल के वार्षिकोत्सव पर रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम की धूम



जयपुर टाइम्स

**चूरू(निस)।** स्थानीय ब्राइट माइंड्स पब्लिक स्कूल का वार्षिकोत्सव शनिवार को समारोह पूर्वक सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम में रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि समाजसेवी प्रदीप सरावगी रहे। विद्यालय प्रबंध समिति के सचिव भागीरथ शर्मा ने आगंतुकों का स्वागत किया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने मनमोहक सांस्कृतिक, धार्मिक, देशप्रेम से जुड़ी प्रस्तुतियां देकर उपस्थित जनों को मंत्रमुग्ध कर दिया। इस दौरान विद्यार्थियों के दादा-दादी का सम्मान सभी के आकर्षण का केन्द्र रहा। विद्यालय प्रबंध की ओर से विद्यार्थियों के दादा-दादी का माल्यार्पण कर व प्रशस्ति-पत्र प्रदान कर सम्मान किया गया। इस दौरान अभिभावकों ने विद्यालय की इस पहल को अभूतपूर्व बताया और कार्यक्रम की प्रशंसा की। इस अवसर पर गत वर्ष परीक्षा में रैंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों का प्रशस्ति-पत्र व प्रतीक चिन्ह देकर सम्मान किया गया। प्रधानाचार्य राहुल शर्मा ने विद्यालय का वार्षिक प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। इस अवसर विद्यालय प्रबंध समिति के संयुक्त सचिव राजेश मंडावेवाला, प्रबंध समिति के सदस्य छत्तर सिंह डागा, ओमप्रकाश तंवर, वाहिद अली खान, रामस्वरूप शर्मा, आशा कोठारी सहित बड़ी संख्या में विद्यार्थी, अभिभावक व स्टाफ सदस्य उपस्थित रहे।

## शिव परिवार की विधिवत स्थापना

जयपुर टाइम्स



**सुजानगढ़(नि.सं.)।** स्थानीय भोजलाई बास स्थित वीर हनुमान मंदिर परिसर में ओंकारेश्वर महादेव शिव परिवार की मूर्ति स्थापना का पावन कार्यक्रम मांडेता महंत सरल नाथ महाराज के सानिध्य में श्रद्धा व विधि-विधान के साथ संपन्न हुआ। इस अवसर पर सात विद्वान पंडितों की ओर से वैदिक मंत्रोच्चारण व पूजा-अर्चना के साथ शिव परिवार की स्थापना कराई गई। धार्मिक अनुष्ठान के मुख्य यजमान करण जोशी रहे। स्थापना कार्यक्रम के उपरांत रात्रि में भव्य भजन व जागरण का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लेकर आध्यात्मिक वातावरण का अनुभव किया। कार्यक्रम में पार्षद प्रतिनिधि प्रेम स्वामी, नवरत्न बोहरा, ओमप्रकाश बोहरा, अमित शर्मा, नवरत्न पारीक, नवरत्न बोहरा, मनोज पारीक, अशोक तिवाड़ी, भागीरथ, अखेचंद पाण्ड्या, राजकमल बोहरा, राजकुमार, ओंकारमल, सुरेश जोशी, सुनील तिवारी, संतोष तिवारी, बंटी नाथ सहित भारी अनेक श्रद्धालु उपस्थित रहे।

## दो दिवसीय गणेश यात्रा रवाना



जयपुर टाइम्स

**सालासर(निस)।** दो दिवसीय धार्मिक यात्रा का आगाज शनिवार से शुरू हुआ। विश्वविख्यात सिद्धपीठ सालासर धाम बालाजी मंदिर पुजारी के.डी पुजारी के सान्निध्य में रणथंभोर के श्रीगणेश जी महाराज के दर्शन के करने के लिए दो दिवसीय यात्रा शुरू की गई। जिसमें दो दर्जन से अधिक श्रद्धालुओं ने यात्रा बालाजी धाम से शुरू की। यात्रा में सभी श्रद्धालु चूरू स्थित झरिया मोरी के महंत आकाश नाथ जी महाराज के साथ सभी श्रद्धांलु भजन गाते हुए यात्रा में गए है। इस दौरान वासुदेव पुजारी, गोपाल ढाका, बलवान सैन, प्रदीप सैनी, सांवरमल, रामपाल सैन, रोहित शर्मा, नितिन शर्मा व श्रीराम नहवाल, बनवारी सहित अनेक बड़ी संख्या में श्रद्धालु संत आकश नाथ जी महाराज के साथ भक्त यात्रा पर पहुंचे।

## तंबाकू के दुष्प्रभाव की दी जानकारी, नशे से दूर रहने का दिलाया संकल्प

जयपुर टाइम्स



**सरदारशहर(निस)।** शहर में शनिवार को तंबाकू मुक्त विद्यालय जागरूकता कार्यक्रम के तहत शहर के राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय और टांटिया बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय में युवा प्रगति संस्थान की ओर से तंबाकू जागरूकता आमुकीकरण व पंपलेट वितरण का कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में तंबाकू के उपयोग से होने वाले शारीरिक दुष्प्रभाव पर जानकारी दी गई। इस अवसर पर सरदारशहर पुलिस थाने की महिला काउंसलर तारा शर्मा ने विद्यार्थियों को तंबाकू से होने वाले नुकसानों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। कार्यक्रम में विद्यार्थियों की भूमिका को रेखांकित किया गया। इस अवसर पर जमनसिंह, विजय कुमार, हरदयालसिंह सहित बड़ी संख्या में स्कूलों के शिक्षक और विद्यार्थी उपस्थित रहे।

## विद्यार्थियों के भ्रमण दल ने ली शैक्षणिक जानकारी

जयपुर टाइम्स



**सुजानगढ़(नि.सं.)।** कस्बे के निकटवर्ती ग्राम गोपालपुरा पंचायत में विज्ञान व प्रौद्योगिकी विभाग बीकानेर के सौजन्य से राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय दूंकर के विद्यार्थियों का भ्रमण दल पहुंचा।प्रधानाध्यापिका अंबिका चौधरी, मार्गदर्शक संदीप शर्मा, गोपीचंद जांगिड़, हरीश भादू, हर्षित गर्ग, गोपालराम खेरिया व 50 विद्यार्थियों के दल ने वैज्ञानिक प्रक्रिया युक्त स्थलों का शैक्षिक भ्रमण किया और हरीतिमा ढाणी पहुंचकर विभिन्न प्रजाति के पौधों एवं औषधीय गुणों के पौधों के बारे में जानकारी प्राप्त की। पंचायत की प्रशासक सविता राठी ने विद्यार्थियों को पर्यावरण संरक्षण के लिए की गई अभिनव पहल के रूप में हरीतिमा ढाणी के बारे में विस्तृत जानकारी देते हुए बताया कि 144 बीघा क्षेत्र में गोचर भूमि पूर्णतया मृत पशुओं के अवशेष, कांटे व कचरे से आच्छादित भूमि को ग्रामीण महिलाओं ने ऐच्छिक श्रमदान और इच्छा शक्ति से साफ करते हुए मनरेगा से स्वीकृत 5000 पौधे ही नहीं बल्कि जन सहयोग से आज 40 हजार पौधे आज यहां पर जिदा हैं, जिनकी देखभाल की जा रही है। राठी ने पंचायत में किए गए जल स्वावलंबन व नवाचारों के बारे में भी बताया। शैक्षणिक दल ने पंचायत में बनी लव कुश वाटिका एवं पहाड़ी पर स्थित बालाजी मंदिर का भी भ्रमण किया। इसव दौरान बाबूलाल मेघवाल, भंवरी देवी, ग्यारसी, गुलाबी, मैना आदि मौजूद रहे।

## रैली निकालकर दिया महिलाओं को जागरूकता का संदेश

जयपुर टाइम्स



**सुजानगढ़(नि.सं.)।** जिला परियोजना प्रबंधक के निर्देशन व मार्गदर्शन मे नयी चेतना 4.0 अभियान के तहत नई सोच कलस्टर बड़ाबर तथा महिला शक्ति क्लस्टर जीली ब्लॉक सुजानगढ़ जिला चूरू में महिलाओं ने रैली निकालकर जागरूकता फैलाई। लैंगिक समानता को बढ़ावा देने और महिलाओं के प्रति होने वाली हिंसा के खिलाफ जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से रैली का आयोजन किया गया। जागरूकता अभियान के दौरान एसएचजी सदस्यों ने पोस्टर हाथ में लिए मुख्य मार्गों पर पैदल मार्च किया तथा महिलाओं की सुरक्षा, सम्मानजनक आवागमन और ग्रामीण महिलाओं के सशक्तिकरण से जुड़े नारे लगाए। रैली में स्वयं सहायता समूहों की महिलाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। शपथ के समापन पर एक सामुदायिक जागरूकता सत्र आयोजित किया गया, जिसमें प्रतिभागियों ने क्षेत्र में महिलाओं के सामने आने वाली चुनौतियों पर खुलकर चर्चा की। साथ ही सभी ने लैंगिक भेदभाव और हिंसा का शिकार होने वाली महिलाओं की मदद और समर्थन के लिए आगे आने की शपथ ली। नयी चेतना 4.0 के तहत बढ़ रही सक्रियता और भागीदारी की राजीविका महिलाओं को जमीनी स्तर पर सकारात्मक बदलाव की मिसाल बना दिया है। यह पहल ग्रामीण क्षेत्रों में महिलाओं की सामूहिक शक्ति और नेतृत्व क्षमता को उजागर करती है। कार्यक्रम में उपखण्ड अधिकारी ओमप्रकाश वर्मा, गोपालपुरा प्रशासक सविता राठी, राजीविका ब्लॉक परियोजना प्रबंधक हरकेश प्रजापत, पवन कुमार, संदीप शर्मा, राजेश सैनी, अयूब अली, दीपिका, राजेश, पवन नरेन्द्र आदि उपस्थित रहे।

## मूंगफली तुलाई में रिश्वतखोरी का आरोप, किसानों ने किया प्रदर्शन

जयपुर टाइम्स



**बीदासर(निस)।** श्री डूंगरगढ़ रोड स्थित सहकारी समिति के उपकेंद्र पर शनिवार को किसानों ने मूंगफली की समय पर तुलाई नहीं होने को लेकर जमकर विरोध प्रदर्शन किया। आक्रोशित किसानों ने ठेकेदार के खिलाफ नारेबाजी करते हुए भ्रष्टाचार और रिश्वतखोरी के गंभीर आरोप लगाए। गांव ढढेरू निवासी किसान भगवाना राम ने बताया कि पिछले करीब 15 दिनों से उनकी मूंगफली की तुलाई नहीं हो रही है। किसान रोजाना उपकेंद्र के चक्कर काट रहे हैं, लेकिन ठेकेदार की ओर से मूंगफली तुलाई के नाम पर प्रति क्विंटल 400 रुपये रिश्वत की मांग की जा रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि जो किसान रिश्वत दे रहे हैं, उन्हीं की मूंगफली की तुलाई की जा रही है। वहीं किसान नरपत सिंह ने बताया कि वे 10 दिसंबर को मूंगफली लेकर आए थे, उनकी प्रवेश पर्ची भी काटी गई, लेकिन आज तक मूंगफली की तुलाई नहीं हुई। उन्होंने ठेकेदार पर खुलकर भ्रष्टाचार का आरोप लगाते हुए कहा कि ठेकेदार ने तुलाई के लिए 'खर्चा' मांगा। जब उन्होंने कहा कि मूंगफली सही है तो फिर खर्चा किस बात का, तो ठेकेदार ने जवाब दिया कि यह खर्चा नेताओं और कर्मचारियों को देना पड़ता है। नरपत सिंह ने कहा कि रिश्वत देने से इंकार करने के कारण आज तक उनकी मूंगफली की तुलाई नहीं हुई है। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि विरोध करने पर ठेकेदार और कर्मचारी किसानों के साथ गाली-गलौज करते हैं, जिससे किसानों में भारी आक्रोश है। मामले की जानकारी मिलते ही सहकारी समिति के मुख्य व्यवस्थापक रामसिंह मौके पर पहुंचे और किसानों से बातचीत की। उन्होंने किसानों को आश्वस्त किया कि राजफीड के नियमानुसार सभी किसानों की मूंगफली की तुलाई की जाएगी। उन्होंने स्पष्ट कहा कि किसानों को पलदारी के अलावा किसी को भी एक रुपया देने की जरूरत नहीं है। साथ ही उन्होंने निष्पक्ष प्रक्रिया के लिए नया सर्वेयर लगाकर सभी किसानों का सर्वे कराने की घोषणा की। इस मौके पर रामनिवास डूडी, लाभूराम खेरिया, गजानंद डूडी, महावीर डूडी, भेराराम मेघवाल, पप्पू सिंह, अजय सिंह, भगवान सिंह, रतन सिंह, भंवर सिंह, नरपत सिंह, सतपाल सिंह, हरिराम सुथार सहित बड़ी संख्या में किसान मौजूद रहे।

## प्रदेश सरकार के 2 वर्ष के उपलक्ष में स्वच्छता कार्यक्रम आज

जयपुर टाइम्स

**चूरू(निस)।** प्रदेश सरकार के 02 वर्ष के उपलक्ष में रविवार को जिले के सभी नगरनिकायों में स्वच्छता कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार रविवार को चूरू नगर?परिषद मुख्यालय पर चूरू चौपाटी परिसर में सवेरे 10 बजे जिला स्तरीय स्वच्छता कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। इसी क्रम में सभी नगरनिकायों में भी स्वच्छता कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

## सुजानगढ़ में रक्तदान शिविर आज

जयपुर टाइम्स

**सुजानगढ़(नि.सं.)।** स्थानीय राजकीय सुजानमल बगड़िया चिकित्सालय में रविवार को रक्तदान शिविर का आयोजन किया जाएगा। अस्पताल प्रशासन की ओर से जारी प्रेस विज्ञप्ति में बताया गया है कि राजस्थान सरकार के सफलता पूर्वक दो वर्ष पूर्ण होने पर यह रक्तदान शिविर आयोजित किया जा रहा है, जिसमें अधिक से अधिक लोगों से रक्तदान करने की अपील की गई है।

## रूडसिको के निर्देशों की अवहेलना का आरोप

जयपुर टाइम्स

**सुजानगढ़(नि.सं.)।** भाजपा नेता और पार्षद प्रतिनिधि प्रेम स्वामी ने नगरपरिषद प्रशासन पर रूडसिको के निर्देशों की अवहेलना का आरोप लगाया है। प्रेम स्वामी ने बताया कि अमृत 2.0 योजना के अंतर्गत चापटिया तलाई में चारदीवारी व सौंदर्यीकरण कार्य को लेकर राजस्थान अर्बन ड्रिंकिंग वॉटर सीवरेज एंड इन्फ्रास्ट्रक्चर कॉरपोरेशन लिमिटेड (रूडसिको) के परियोजना निदेशक की ओर से नगर परिषद सुजानगढ़ को स्पष्ट आदेश जारी किए गए कि वार्ड संख्या 38 के पार्षद प्रतिनिधि प्रेम स्वामी व मीनाक्षी स्वामी की ओर से शिकायत प्रस्तुत की गई थी, जिसमें अमृत योजना के तहत हो रहे कार्यों में अनियमितताओं की ओर ध्यान आकर्षित किया गया है। अतः मामले की जांच कर तीन दिवस के भीतर तथ्यात्मक रिपोर्ट भेजी जाए। स्वामी ने बताया कि स्पष्ट निर्देशों के बावजूद न तो समय पर रिपोर्ट भेजी गई और न ही किसी प्रकार की सुधारात्मक या जांच संबंधी कार्रवाई की गई। यह स्थिति दर्शाती है कि या तो शिकायत को जानबूझकर दबाया जा रहा है या फिर जिम्मेदार अधिकारी किसी न किसी स्तर पर संरक्षण दे रहे हैं। बता दें कि जांच के आदेश अगस्त माह में हुए थे।

## दो खिलाड़ियों ने जीता कांस्य पदक, किया सम्मानित



जयपुर टाइम्स

**सरदारशहर(निस)।** शहर के उच्च माध्यमिक आदर्श विद्या मंदिर की बहिन नविका सोनगरा और भैया शिवराज सिंह ने रतलाम मध्य प्रदेश में 7 दिसंबर से 9 दिसंबर तक आयोजित विद्या भारती की अखिल भारतीय रोलर स्केटिंग प्रतियोगिता में बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए कांस्य पदक जीतकर राजस्थान का गौरव बढ़ाया। प्रतियोगिता के दौरान दोनों खिलाड़ियों ने अपने-अपने वर्ग में उत्कृष्ट कौशल दिखाते हुए नविका सोनगरा ने 3000 मीटर रोड रेस इनलाइन में कांस्य पदक प्राप्त किया व शिवराज सिंह ने 1000 मीटर रिंग रेस में शानदार स्केटिंग का प्रदर्शन करते हुए कांस्य पदक जीता। दोनों खिलाड़ी राजस्थान क्षेत्र का प्रतिनिधित्व कर रहे थे और कठिन प्रतियोगिता के बावजूद अपनी प्रतिभा के दम पर पदक हासिल करने में सफल रहे। प्रतियोगिता से पुन्नः लौटने पर विद्यालय में गर्मजोशी से स्वागत किया गया। प्रधानाचार्य रामसिंह शेखावत तथा विद्यालय की अन्य आचार्य आचार्याओं ने फूल मालाओं और शुभकामनाओं के साथ दोनों खिलाड़ियों का अभिनंदन किया। विद्यालय परिवार ने कहा कि नविका और शिवराज की यह उपलब्धि आने वाले युवा खिलाड़ियों के लिए प्रेरणास्रोत है।

## सलीम खान चूरू अभिभाषक संघ के निर्विरोध महासचिव निर्वाचित

जयपुर टाइम्स



**चूरू(निस)।** जिला न्यायालय में पिछले 10 वर्षों से निरंतर अधिवक्ता के रूप में सेवाएं दे रहे सलीम खान एडवोकेट (मूल निवासी बिनासर, हाल निवास नया बास, चूरू) को अभिभाषक संघ चूरू के चुनाव में निर्विरोध महासचिव चुना गया है। शुक्रवार को संपन्न हुए अभिभाषक संघ चूरू के चुनाव में यह महत्वपूर्ण निर्णय सर्वसम्मति से लिया गया। सलीम खान के महासचिव पद पर निर्वाचित होने पर अधिवक्ता साथियों, शुभचिंतकों व परिजनों में हर्ष का माहौल है। सभी ने उनके प्रति विश्वास जताते हुए कहा कि उनके अनुभव, कार्यशैली और समन्वय क्षमता से अभिभाषक संघ को नई दिशा और मजबूती मिलेगी। शुभचिंतकों का मानना है कि सलीम खान के नेतृत्व में अधिवक्ताओं की समस्याओं के समाधान, न्यायिक व्यवस्था में सहयोग और संघ के कार्यों में पारदर्शिता व सक्रियता और बेहतर होगी। उनके निर्विरोध निर्वाचन को अधिवक्ता समाज की एकजुटता और उनके प्रति विश्वास का प्रतीक माना जा रहा है। महासचिव पद पर निर्वाचन के बाद सलीम खान ने सभी अधिवक्ताओं का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वे संघ के हितों और अधिवक्ता साथियों के अधिकारों के लिए पूरी निष्ठा और समर्पण से कार्य करेंगे।

## ताल छापर में स्वामी गीगदास स्मृति सम्मान समारोह आज

जयपुर टाइम्स

**सुजानगढ़(नि.सं.)।** पर्यावरण और पारिस्थितिकी विकास के क्षेत्र में काम कर रही ताल छापर की संस्था नेचर एनवायरमेंट एण्ड वाइल्डलाइफ सोसायटी की ओर से तालछापर में आयोजित होने वाले स्वामी गीगदास पर्यावरण व प्रकृति सेवा सम्मान समारोह में भीलवाड़ा के प्रसिद्ध पर्यावरणविद् बाबूलाल जाजू, पदम् श्री से सम्मानित हिम्मताराम भामू और चूरू जिला कलक्टर अभिषेक सुराणा रविवार को शिरकत करेंगे। पर्यावरण और प्रकृति के क्षेत्र में लम्बे समय से कार्य कर रहे भादरा के पवन शर्मा, गोपालपुरा प्रशासक सविता राठी, सरदारशहर के छगनलाल सेवदा, सूरतगढ़ में कार्यरत क्षेत्रीय वन अधिकारी विकास स्वामी, पदमपुर के दिनेश कुमार बिश्नोई, बरड़ासर के गणेशदास स्वामी और छापर के उमराव कांटीवाल को इस वर्ष का राज्य स्तरीय स्वामी गीगदास पर्यावरण व प्रकृति सेवा सम्मान प्रदान किया जाएगा। संस्था अध्यक्ष कन्हैयालाल स्वामी ने बताया कि स्वामी गीगदास स्मृति भवन में दोपहर तीन बजे से आयोजित इस समारोह में सम्मान स्वरूप अभिनंदन पत्र, प्रतीक चिन्ह और शॉल आदि भेंट किया जाएगा। समारोह में पक्षी संरक्षण, पौधरोपण और पर्यावरण सुरक्षा के सम्बन्ध में भी सार्थक चर्चा होगी। समारोह की तैयारी के संस्था संरक्षक डॉ. घनश्याम नाथ कच्छावा, सचिव सुनील पुरोहित, शंकर लाल सारस्वत, पार्थ सोनी, हरि प्रसाद जोशी, जितेन्द्र स्वामी, राजेश बिहारी, मुकेश धाणक, तेजकरण उपाध्याय, विजेंद्र सुराणा, चंद्रप्रकाश पेडिवाल धन्नाराम प्रजापत, बृजदान सामौर आदि जुटे हैं।

## तहसीलदार के पद पर पदोन्नत

**लक्ष्मणगढ़(निस)।** राजस्व मंडल राजस्थान अजमेर की ओर से तहसीलदार पद की वर्ष 2024-2025 की रिव्यू विभागीय पदोन्नति समिति की बैठक 27 नवंबर 2025 को आयोजित की गई। वर्ष 2024-25 की रिव्यू बैठक में गैर अनुसूचित क्षेत्र के 189 व अनुसूचित क्षेत्र के 7 नायब तहसीलदारों को तहसीलदार पद पर रिव्यू किया गया। स्थानीय उपखंड अधिकारी कार्यालय, लक्ष्मणगढ़ में 31 जुलाई 2025 को सेवानिवृत हुए नायब तहसीलदार भवानी शंकर शर्मा को 1 अप्रैल 2024 से तहसीलदार पद पर पदोन्नत किया गया। इसी क्रम में 2025-2026 की नियमित विभागीय पदोन्नति की ओर से तहसील कार्यालय लक्ष्मणगढ़ में कार्यरत नायब तहसीलदार बाबूलाल जाट को 1अप्रैल 2025 से तहसीलदार पद पर पदोन्नत किया गया है। राजस्व मंडल राजस्थान, अजमेर की ओर से 11 दिसंबर को उक्त पदोन्नति आदेश जारी किए।

# स्टेट हाईवे के प्रस्तावित मार्ग पर भड़का ग्रामीणों का गुस्सा, एसडीएम कार्यालय पर नारेबाजी कर किया प्रदर्शन

जयपुर टाइम्स

**सांभरलेक(निस)।** स्टेट हाईवे 2 को लेकर एक प्रभावशाली व्यक्ति की जमीन हाईवे पर लेने की आशंका के चलते ग्रामीणों का आक्रोश आखिरकार फूट पड़ा। ग्राम पंचायत नौरंगपुरा के ग्रामीणों ने शुक्रवार को उपखंड कार्यालय पर जमकर नारेबाजी करते हुए प्रशासन के खिलाफ आक्रोश जताया। बड़ी संख्या में एकत्रित ग्रामीण ग्राम पंचायत प्रशासक श्रवण जांदू के नेतृत्व में उपखंड अधिकारी ऋषिराज कपिल से मिले और उन्हें विस्तृत ज्ञापन सौंपा। ग्रामीणों ने स्टेट हाईवे के प्रस्तावित मार्ग से होने वाले संभावित नुकसान और खतरे के बारे में विस्तार से अवगत कराया। ग्रामीणों ने ज्ञापन में आरोप लगाया कि स्टेट हाईवे-2 दूदू-भाटीपुरा के सिवानिया-नौरंगपुरा के बीच हाईवे को एक प्रभावशाली व्यक्ति की जमीन को हाईवे पर लेने के लि आबादी क्षेत्र



की ओर मोड़ने की कवायद चल रही है। उनका कहना है कि यदि इस प्रस्तावित मार्ग पर हाईवे निकाला गया तो आधा दर्जन से अधिक मकान, कई कुएं पूरी तरह प्रभावित हो जाएंगे।

### मार्ग को स्कूल के पीछे से निकालने का सुझावः

ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की कि स्टेट हाईवे का मार्ग आबादी व विद्यालय क्षेत्र से हटाकर सरकारी स्कूल के पीछे से निकाला जाए, ताकि गांव की सुरक्षा, संरचना और सार्वजनिक हित को कोई नुकसान न पहुंचे। ज्ञापन में ग्रामीणों ने कहा कि हाईवे के लिए की जा रही नाप-जोख में भी अनियमितताएँ सामने आ रही हैं। उन्होंने बताया कि किसानों की निजी भूमि पर बिना पूर्व सूचना के नाप-जोख की जा रही है, जिससे क्षेत्र के किसानों में भारी रोष है। ग्रामीणों ने एसडीएम को चेतावनी दी कि यदि 7 दिनों के भीतर हाईवे मार्ग का पुनर्मूल्यांकन कर उचित निर्णय नहीं लिया गया, तो मजबूर होकर ग्रामीण सड़क जाम या उग्र आंदोलन करेंगे। ग्रामीणों ने कहा कि वे विकास के विरोधी नहीं हैं, लेकिन हाईवे का निर्माण आबादी और स्कूल से दूर किया जाना चाहिए। ज्ञापन सौंपने वालों में मदनलाल जांदू, बंशीलाल, गोपाल धायल, सीताराम, सुरेंद्र डारा, हरजीराम, श्रीराम, सूरजकरण, लक्ष्मण, मूलाराम, दयाल, चंद्राराम, जीवन, शंकर, किशन, भागीरथ सहित सैंकड़ों ग्रामीण मौजूद रहे।

### सरकारी स्कूल के सामने से हाईवे गुज़रने पर गंभीर संकटः

ग्रामीणों ने बताया कि प्रस्तावित मार्ग राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय, नौरंगपुरा के ठीक सामने से होकर गुजरता है, जिससे रोजाना आने-जाने वाले सैकड़ों विद्यार्थियों की सुरक्षा खतरे में पड़ जाएगी। उन्होंने कहा कि ग्राम पंचायत में आयोजित शिविर में भी यह मुद्दा उठाया जा चुका है, जहां ग्रामीणों ने बच्चों की सुरक्षा को देखते हुए हाईवे के इस रूट पर कड़ी आपत्ति जताई थी।

## नावां-कुचामन से हजारों कार्यकर्ता दिल्ली महारैली में लेंगे भाग



जयपुर टाइम्स

**कुचामन सिटी(निस)।** दिल्ली में रविवार को प्रस्तावित वोट चोर गद्दी छोड़ महारैली को लेकर नावां विधानसभा क्षेत्र से पूर्व उपमुख्य सचेतक महेन्द्र चौधरी ने कांग्रेस पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं से विस्तृत चर्चा की।कांग्रेस आईटी सेल से गिरधारी महला व सुरेन्द्र कसवां हरिपुरा ने बताया कि दिल्ली में होने वाली इस महारैली में नावां-कुचामन से ज़्यादा से ज़्यादा संख्या में लोग पहुँच सके इसके लिए पूर्व विधायक महेन्द्र चौधरी ने नावां-कुचामन ब्लॉक अध्यक्ष, मण्डल अध्यक्ष, संगठन पदाधिकारी और कार्यकर्ताओं की बैठक लेकर इस महारैली को सफल बनाने के निर्देश दिए। साथ ही बताया गया कि महारैली की तैयारियों को लेकर पूर्व विधायक चौधरी ने कार्यकर्ताओं को अपने अपने क्षेत्र की ज़िम्मेदारी सौंपी। नावां विधानसभा क्षेत्र से भारी संख्या में कांग्रेस की ओर से दिल्ली में आयोजित वोट चोर गद्दी छोड़ महारैली में लोग शामिल होंगे। इस दौरान उदय सिंह खारिया (ब्लॉक अध्यक्ष नावां), भंवर अली ख़ान (ब्लॉक अध्यक्ष कुचामन), जिला महासचिव बुद्धाराम चौधरी, माधुप्रसाद धूत, नगर अध्यक्ष सतेन्द्र सारस्वत, शेर खां, सरपंच संघ अध्यक्ष धन्नाराम फ़ोजी, ईश्वर सोहू, हीराराम महला,आसिफ खान, हेमराज चांवला, मुन्नाराम महला, कमलकांत, शक्ति सिंह, राहुल नेहरा, मदन कुमावत, मुकेश थोरी, प्रकाश कुमावत, पूसाराम खर्रा, प्रभुराम बुगालिया, किशोर सिंह, देवीलाल मुवाल, सुगनाराम मेघवाल, खेमाराम मंडा सहित कई कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## एएओ महेश खीचड़ने नव चयनित उप निरीक्षकों को किया सम्मानित



जयपुर टाइम्स

**मण्डावा(निस)।** वाहिदपुरा गांव में शनिवार को गांव के आवेश पुत्र सुभाष खीचड़ और राहुल पुत्र अशोक कुमार नेमीवाल का एक साथ बीएसएफ में चयन होने पर महेश ने सम्मान किया। रिटायर्ड कमाण्डेंट प्रताप सिंह खीचड़ और सीबीईओ मण्डावा पवन कुमार ने दोनों का साफा ओढ़ाकर और माला पहनाकर सम्मानित किया। इस अवसर पर ओमप्रकाश खीचड पीटीआई, जगवीर खीचड़ अशोक नेमीवाल, मदन वीडियो, काफी संख्या में महिला और गांव के युवा उपस्थित रहे। प्रताप सिंह कमाण्डेंट ने दोनों को अपना अनुभव बताया। डीजे पर देशभक्ति के गीतों के साथ जश्न मनाया।

## खिरोड़ में दो पक्षों में फायरिंग, दो लोगों की मौत

**नवलगढ़(निस)।** खिरोड़ में रविन्द्र कटेवा के घर पर जाकर हुई फायरिंग जिसमें दो लोगों की मौत हो गई थी। झुंझुनूं एसपी बृजेश कुमार ने बताया कि फायरिंग के चलतें मृतक सुनिल ढाका निवासी नवलगढ़ के सर मैं गोली लगीं जब पुलिस ने फायरिंग के आरोपी की तलाश की तों उसमें तीन संदिग्ध लोग मिलें जिसमें एक और मृतक के साथ पिंटू, राजू मिलें जों कटेवा के घर पर फायरिंग में शामिल थे। दोनों ही ग्रुप में एक-एक व्यक्ति की मौत हो गई। दूसरा मृतक गोलू स्वामी है। बाक़ी जो इन मामले में शामिल हैं, उनकी तलाश जारी है। जल्द उनकी तलाश कर कानूनी कार्रवाई की जाएगी।


**कार्यालय नगरपरिषद सुजानगढ़ (चूरू) राजस्थान**

कमांक : – न.प.सु./भूमि शाखा/2025/9364 दिनांक 12–12–2025

**आपत्ति आमंत्रण सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि नीचे अंकित निम्नलिखित व्यक्तियों द्वारा कृषि भूमि नियमन अन्तर्गत पट्टा नियमन हेतु आवेदन किया हुआ है। उक्त के सम्बंध में किसी व्यक्ति/संस्था को आपत्ति हो तो आपत्ति प्रकाशन के 07 दिवस में मय दस्तावेज इस कार्यालय में प्रस्तुत करे। बाद मियाद गुजरने पश्चात् किसी भी आपत्ति पर विचार नहीं किया जायेगा और इकतरफा कार्यवाही की जावेगी।

| क्र. सं. | आवेदक का नाम व पता | कस्बा | ख.नं. | क्षेत्रफल वर्गमीटर | आवासीय/व्यावसायिक |
|---|---|---|---|---|---|
| 01. | श्रीमती संगीता पत्नी श्री मनोज कुमार | सुजानगढ़ | 967 | 150.64 | आवासीय |
| 02. | श्रीमती पार्वती पत्नी श्री बाबुलाल रेगर | सुजानगढ़ | 965 | 212.23 | आवासीय |

आयुक्त

नगरपरिषद, सुजानगढ़


# रानी लक्ष्मीबाई आत्मरक्षा प्रशिक्षण शिविर का समापन

### प्रशिक्षित छात्राओं को प्रमाण पत्र वितरित

जयपुर टाइम्स

**नावां(निस)।** श्रीमती रुकमणी देवी रामदेव लड़ा राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, नावां में राज्य सरकार की महिला सुरक्षा को सशक्त बनाने वाली योजना रानी लक्ष्मीबाई आत्मरक्षा प्रशिक्षण कार्यक्रम के अंतर्गत आयोजित आत्मरक्षा प्रशिक्षण शिविर का सफल समापन हुआ। यह प्रशिक्षण शिविर 14 जुलाई से 4 दिसंबर तक विभिन्न चरणों में आयोजित किया गया, जिसका मुख्य उद्देश्य छात्राओं को संकटकाल व विषम परिस्थितियों में स्वयं की रक्षा के लिए सक्षम बनाना रहा। कार्यक्रम के तहत राजस्थान पुलिस की प्रशिक्षित महिला पुलिसकर्मियों एवं शिक्षा विभाग में कार्यरत दक्ष शारीरिक शिक्षिकाओं की ओर से छात्राओं को आत्मरक्षा के व्यावहारिक व सैद्धांतिक प्रशिक्षण प्रदान किए गए। प्रशिक्षण में आत्मरक्षा की तकनीकें, मानसिक सतर्कता, आपात परिस्थितियों में त्वरित निर्णय लेने की क्षमता, आत्मविश्वास, अनुशासन व साहस जैसे महत्वपूर्ण पहलुओं पर विशेष जोर दिया गया। प्रशिक्षण के प्रथम चरण में महाविद्यालय की 25 छात्राओं को विशेष रूप से प्रशिक्षित किया गया। छात्राओं ने पूरे उत्साह, अनुशासन व समर्पण के साथ प्रशिक्षण प्राप्त कर आत्मरक्षा से संबंधित विभिन्न तकनीकों में दक्षता



हासिल की।महाविद्यालय परिसर में शनिवार को आयोजित समारोह में प्रशिक्षित छात्राओं को प्रमाण पत्र प्रदान किए गए। इस अवसर पर महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. वेदना चौधरी, वरिष्ठ संकाय सदस्य डॉ. राजेश चौधरी, कार्यक्रम की नोडल अधिकारी प्रो. स्नेहा कीलका देव और सह प्रभारी जे. पद्माराम जाखड़ उपस्थित रहे। प्राचार्य डॉ. वेदना चौधरी ने अपने संबोधन में कहा कि ऐसे प्रशिक्षण कार्यक्रम छात्राओं में आत्मविश्वास बढ़ाने के साथ उन्हें आत्मनिर्भर एवं सशक्त बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उन्होंने राज्य सरकार की इस पहल की सराहना करते हुए भविष्य में भी इस प्रकार के कार्यक्रमों के निरंतर आयोजन की आवश्यकता पर बल दिया। कार्यक्रम के अंत में छात्राओं ने अपने अनुभव साझा करते हुए प्रशिक्षण को अत्यंत उपयोगी बताया और महाविद्यालय परिवार ने सभी प्रशिक्षकों व आयोजकों का आभार व्यक्त किया ।

## सुशासन की रफ्तार पर विकास का रथ, विधायक कुलदीप धनखड ने दिखाई हरी झंडी

### विराटनगर से गूंजा बदलता राजस्थान-बढ़ता राजस्थान का संदेश

जयपुर टाइम्स

**विराटनगर(निस)।** विकास, सुशासन और जनसेवा के पर्याय बन चुके विराटनगर विधायक कुलदीप धनखड़ के सशक्त नेतृत्व में सुशासन दिवस-सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत 'बदलता राजस्थान-बढ़ता राजस्थान' रथ को गणेश जी मंदिर परिसर से विधिवत पूजन के बाद भव्य रूप से रवाना किया गया। विधायक धनखड़ ने पूरे आत्मविश्वास के साथ रथ को हरी झंडी दिखाते हुए कहा कि यह रथ जन-जन तक विकास की रोशनी पहुंचाने का माध्यम बनेगा। विधायक कुलदीप धनखड़ ने कहा कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में प्रदेश अभूतपूर्व विकास की राह पर अग्रसर है। उन्होंने गर्व के साथ कहा कि कांग्रेस शासन के पांच वर्षों में जो अधूरे सपने दिखाए गए, उन्हें भाजपा सरकार ने मात्र दो वर्षों में धरातल पर उतार दिया। विधायक ने बताया कि विराटनगर विधानसभा क्षेत्र के लिए 143 करोड़ रुपये से अधिक के विकास कार्यों की बजट घोषणा हो चुकी है, जो क्षेत्र के सर्वांगीण विकास की मजबूत नींव रखेगी।उन्होंने मंच से अपने दो वर्षों के कार्यकाल में कराए गए सड़क, पेयजल, शिक्षा, स्वास्थ्य



और बुनियादी ढांचे के ऐतिहासिक विकास कार्यों की विस्तार से जानकारी देते हुए कहा कि विराटनगर अब केवल विधानसभा नहीं, बल्कि विकास का मॉडल बन रहा है। उनके ओजस्वी संबोधन से कार्यकर्ताओं और आमजन में नया जोश और विश्वास देखने को मिला। कार्यक्रम में भाजपा के शहर मंडल अध्यक्ष विकास शर्मा, बाणगंगा मंडल अध्यक्ष महेश यादव, महेंद्र सैनी, सत्यनारायण सैनी, अजय जैन, बंटी चौधरी, रामकरण छावड़ी, सीमा सैनी, सरदारमल यादव, युवा नेता महिपाल यादव, राहुल शर्मा, भागीरथमल शर्मा सहित बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि, पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित रहे। कार्यक्रम को लेकर क्षेत्र में उत्सव जैसा माहौल रहा।

### फुलेरा में सांसद खेल महोत्सव का समापन

## सांसद खेल महोत्सवः वालीबॉल में सांभर, महिला में आकोदा रही विजेता

### खेलों के माध्यम से युवाओं में अनुशासन और स्वस्थ जीवन का संदेश

जयपुर टाइम्स

**फुलेरा(निस)।** फुलेरा में आयोजित सांसद खेल महोत्सव का शनिवार को उत्साह और उल्लास के साथ भव्य समापन हुआ। महोत्सव का उद्देश्य क्षेत्र में खेल संस्कृति को सशक्त बनाना तथा युवाओं को खेलों के प्रति प्रेरित करना रहा। प्रतियोगिता में वॉलीबॉल, कबड्डी व एथलेटिक्स सहित विभिन्न खेलों में खिलाड़ियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन कर दर्शकों का मन मोह लिया। वॉलीबॉल पुरुष वर्ग में सांभर शहर और महिला वर्ग में आकोदा की टीम विजेता रही। वहीं कबड्डी में पुरुष वर्ग में शार्दुलपुरा और महिला वर्ग में अल्फा टीम ने खिताब अपने नाम किया। एथलेटिक्स प्रतियोगिताओं में 100 मीटर दौड़ में नरेंद्र बिजारणियां, दिव्यांशु, अंकित शर्मा, अंजली कुमावत (फुलेरा सिटी), प्रियंका बिजारणियां व पायल कुमावत (सांभर) प्रथम रहे। 200 मीटर दौड़ में गजेंद्र बिजारणियां,



राहुल टेलर, तेजपाल सैनी, अक्षरा कुमावत (पी.एम. श्री राजकीय स्कूल, फुलेरा), निशा बिजारणियां (नरेना) व सिया राव (सांभर) ने जीत दर्ज की। महोत्सव के सफल संचालन में शारीरिक शिक्षकों व प्रशिक्षकों का अहम योगदान रहा, जिन्होंने खिलाड़ियों को मार्गदर्शन एवं सहयोग प्रदान किया। आयोजकों ने कहा कि ऐसे आयोजन युवाओं की प्रतिभा को मंच देने के साथ-साथ उन्हें अनुशासन, टीम भावना और स्वस्थ जीवनशैली की ओर प्रेरित करते हैं। समापन अवसर पर संयोजक मोहित कारड़िया, श्यामलाल सैनी, गणेश सैनी सहित अनेक नागरिक उपस्थित रहे। भाजपा मंडल अध्यक्ष ने आयोजन की सराहना करते हुए कहा कि सांसद खेल महोत्सव क्षेत्र में खेलों को नई दिशा देने वाला साबित हुआ है।

## बड़ोदिया में खेल प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने दिखाया उत्साह



जयपुर टाइम्स

**चाकसू(निस)।** चाकसू क्षेत्र के गांव बड़ोदिया में सुंदर मन बाल विद्या मंदिर स्कूल बड़ोदिया में शनिवार को खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। वही खेल प्रतियोगिता का शुभारंभ सुन्दर मन बाल विद्या मंदिर विद्यालय के डायरेक्टर राजू सैनी ने शुभारंभ किया। खेल प्रतियोगिता में आसपास की निजी विद्यालयों के छात्र छात्राओं ने हिस्सा लिया। वही खेल प्रतियोगिता के दौरान अंडर 14 में कबड्डी, लंबी दौड़ 100 मीटर, 60 मीटर , 30 मीटर, ऊंची कूद, लंबी कूद सहित सभी खेलों में 200 से अधिक विद्यार्थी हिस्सा लिया। जिसमें अंडर 14 कबड्डी में सुंदर मन बाल विद्या मंदिर स्कूल बड़ोदिया की छात्राएं विजेता रही। वहीं उपविजेता मुस्कान पब्लिक स्कूल की छात्राएं रही। वहीं अंडर 14 कबड्डी में आयुष्मान पब्लिक स्कूल के छात्र विजेता रहे। वही कबड्डी में उपविजेता बाढ़ फिरोजपुरा रहीं। 100 मीटर लंबी दौड़ में प्रथम स्थान छात्रा भारती बैरवा, 3 फिट की ऊंची कूद में प्रथम स्थान छात्रा वंदना सैनी, लम्बी कूद में छात्रा वर्ग में भारती बैरवा, छात्र वर्ग में प्रथम स्थान अक्षय कुमार रहा। खेल प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले छात्रों को गोल्ड मेडल व उपविजेता और द्वितीय स्थान रहने वाले छात्राओं को सिल्वर मेडल दिया। इस दौरान खेल प्रतियोगिता में हिस्सा लेने वाले सभी विद्यार्थियों को मेडल देकर सम्मानित किया गया। कोच निलिख कुमार ने सभी खेलों का सही निर्णय देते हुए हुए खेल प्रतियोगिता समापन करवाया। इस दौरान सभी विद्यार्थियों को अल्पहार की व्यवस्था भी विद्यालय समिति की ओर से की गई। इस दौरान विद्यालय प्रधानाचार्य नवरत्न सैनी, सियाराम चौधरी, राकेश बैरवा, माया सैनी, अशोक प्रजापत, गणेश सैनी, हेमराज रैगर, रिंकू जांगिड़, प्रियका सैनी, मनिषा गुर्जर, विशाखा चौधरी, किरण चौधरी, सुरभी चौधरी सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

### राज्य सरकार हर वर्ग के कल्याण के लिए संकल्पित

# प्रभारी मंत्री कन्हैया लाल चौधरी ने राज्य सरकार की दो वर्ष की उपलब्धियां गिनाई

### प्रभारी मंत्री ने विकास रथों हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

### सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान का शुभारंभ

जयपुर टाइम्स

**डीडवाना-कुचामन(निस)।** राज्य सरकार के कार्यकाल के दो वर्ष पूर्ण होने पर डीडवाना - कुचामन जिला प्रभारी मंत्री कन्हैयालाल चौधरी ने शनिवार को जिला कलेक्ट्रेट में प्रेसवार्ता की। प्रभारी मंत्री ने बताया कि राज्य सरकार ने अपने दो वर्ष के कार्यकाल में समाज के हर वर्ग के कल्याण के लिए सम्पूर्ण प्रतिबद्धता के साथ कार्य किया है। राज्य सरकार हर वर्ग के कल्याण के लिए संकल्पित है और सरकार की प्रत्येक घोषणा, निर्णय व योजनांए हर वर्ग की उन्नति पर आधारित है। उन्होंने बताया कि राज्य सरकार के ये दो वर्ष के प्रदेश के चहुंमुखी विकास और जन- जन के कल्याण को समर्पित रहे हैं।



उन्होंने बताया कि राज्य सरकार की दो वर्षों में की गई कुल घोषणाओं में से 73 प्रतिशत घोषणाएं या तो पूर्ण हो चुकी है या प्रगतिरत है। प्रभारी मंत्री ने बताया कि हमारी सरकार ने साफ नीयत, प्रभावी क्रियान्वयन और पूर्ण पारदर्शिता के साथ ऐसा प्रशासन दिया है जिसने राजस्थान को देश के बेस्ट परफॉर्मर राज्य के स्थान पर पहुँचा दिया है। उन्होंने कहा कि 11 राष्ट्रीय योजनाओं में प्रथम स्थान पर है। 5 योजनाओं में द्वितीय स्थान पर है, वहीं 9 योजनाओं में तृतीय स्थान पर है। राज्य में मुख्यमंत्री आयुष्मान आरोग्य योजना का दायरा बढ़ाते हुए 132 नए पैकेज जोड़े गये हैं और अब तक 35 लाख से अधिक लाभार्थियों को 6 हजार 860 करोड़ रूपये की कैशलेस चिकित्सा सुविधा उपलब्ध करवाई गई है। राज्य सरकार ने प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के एक पेड़ मां के नाम अभियान को सफल बनाने के लिए व राज्य को हरा भरा बनाने के लिए मुख्यमंत्री वृक्षारोपण महाअभियान (हरियालो राजस्थान) अभियान संचालित कर 2 वर्ष में 20 करोड़ पौधे लगाए गए हैं। चौधरी ने बताया कि राज्य सरकार की ओर से 2 साल में ही 1 हजार 640 गांवों को सड़कों से जोडा जा चुका है। सरकार ने पिछले 2 साल में प्रदेश के बिजल उत्पादन क्षमता में 6 हजार 363 मेगावाट क्षमता की वृद्धि की है। उन्होंने बताया कि डीडवाना-कुचामन जिले में मुख्यमंत्री आयुष्मान आरोग्य योजना के तहत 1357.289 लाख की कैशलेस सुविधा उपलब्ध कराई गई है। जिले में सड़कों के विकास पर 6373.58 लाख रुपये का व्यय कर 271 किमी सड़क विकास के कार्य करवाये गए है। जिले में किसानों को बिजली के बिलों में 740.68 करोड़ रुपये का अनुदान दिया गया है। राज्य सरकार ने जिले में मुख्यमंत्री कन्यादान योजना के अंतर्गत 37.46 लाख रुपये व्यय किये है। जिले के औद्योगिक विकास के लिए 3 नवीन रीको औद्योगिक क्षेत्रों की स्थापना की गई है। उन्होंने बताया कि आगामी समय में भी राज्य सरकार संकल्प पत्र के समस्त वादों का पुरा करेगी और जनता की अपेक्षा के अनुरूप राज्य की प्रगति के लिए पूर्ण प्रतिबद्धता के साथ कार्य करेगी। इस अवसर पर जिला प्रभारी मंत्री कन्हैयालाल ने बढता राजस्थान हमारा राजस्थान के तहत कलेक्ट्रेट परिसर से विकास रथों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। ये रथ जिले के सभी विधानसभा क्षेत्रों के गांव–ढ़ाणी जाकर राज्य सरकार की योजनाओं का प्रचार– प्रसार करेंगे और आमजन को सरकार की योजनाओं से जोडने का काम करेंगे। इन रथों से विधानसभा वार एलईडी स्क्रीन पर राज्य सरकार से जुडी विभिन्न योजनाओं का प्रसारण किया जाएगा। साथ ही, प्रचार सामग्री का वितरण भी किया जाएगा। उल्लेखनीय है कि राज्य सरकार के दो वर्ष पूर्ण होने पर प्रदेश के सभी 200 विधानसभा क्षेत्रों में 200 विकास रथ भेजे गये हैं। इसके माध्यम से प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में राज्य सरकार की 2 वर्ष की उपलब्धियों, फ्लैगशिप योजनाओं, नीतिगत सुधारों की जानकारी ऑडियो/वीडियो के माध्यम से आमजन तक पहुचाई जाएगी।

**वाहन रैली से शहरवासियों को दिया सड़क सुरक्षा का संदेशः**

इसी क्रम में जिला प्रभारी मंत्री ने जिला सड़क सुरक्षा अभियान के तहत परिवहन विभाग की दो पहिया वाहन रैली को भी ध्वज दिखाकर प्रारंभ किया गया। यह रैली अपने निर्धारित मार्ग के अनुसार बांगड अस्पताल चौराहे से चलकर जिला परिवहन कार्यालय पर जाकर संपन्न हुई। कार्यक्रम की कड़ी में उपस्थित जनप्रतिनिधियों ने परिवहन विभाग के जागरूकता रथ को भी हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

**43 दिव्यांगजनों को प्रदान की स्कूटीः**

राज्य सरकार के दो वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य पर सामाजिक न्याय व अधिकारिता विभाग की ओर से राजकीय बांगड महाविद्यालय में जिला प्रभारी मंत्री की उपस्थित में समारोह का आयोजन किया गया, कार्यक्रम में जिला प्रभारी मंत्री कन्हैयालाल चौधरी एवं अन्य जनप्रतिनिधियों ने जिले के 43 दिव्यांगजनों को स्कूटियां प्रदान की गई। कार्यक्रम दौरान जिला प्रमुख भागीरथ चौधरी, जिला कलक्टर डॉ महेंद्र खड़गावत, पुलिस अधीक्षक ऋचा तोमर,अतिरिक्त जिला कलक्टर मोहन लाल खटनावलिया, जिलाध्यक्ष सुनीता रान्दड, जितेंद्र सिंह जोधा, मकराना प्रधान सुनीता भींचर सहित अन्य जनप्रतिनिधि जिला स्तरीय अधिकारी व मीडियाकर्मी उपस्थित रहे।

## मोक्षधाम में लकड़ियों की कमी से दाह संस्कार में आ रही परेशानी

जयपुर टाइम्स

**बिजौलियां(निस)।** कस्बे के मोक्षधाम में पर्याप्त और दाह संस्कार योग्य लकड़ियों की व्यवस्था नहीं होने से दाह संस्कार में परेशानियां आ रही हैं। अंजनी कुमार पाराशर व परमेश्वर पाराशर ने बताया कि मोक्षधाम में वर्तमान में जो लकड़ियां दाह संस्कार के लिए कमरे में और बाहर पड़ी हुई हैं वो या तो बहुत ही पतली टहनियां हैं या पेड़ के तने के कटे हुए काफी बड़े-



बड़े टुकड़े हैं। इन बड़े टुकड़ों को आग पकड़ने में काफी समय लगता हैं। वहीं पतली टहनीनुमा लकड़ियां जल्दी जल कर राख हो जाती हैं जिससे दाह संस्कार समुचित तरीके से नहीं हो पाता हैं। लोगों ने नगरपालिका प्रशासन से मांग की हैं कि पेड़ के तने के जो बड़े टुकड़े हैं उनकी चिराई करवा दी जाए तो दाह संस्कार में सहूलियत रहेगी। साथ ही लकड़ियों के अपर्याप्त स्टॉक को बढाने की मांग भी की गई हैं।

## ऐतिहासिक परकोटे का होगा कायाकल्प, नपा ने की शुरूआत



जयपुर टाइम्स

**बिजौलियां(निसं.)।** नगरपालिका की ओर से कस्बे के ऐतिहासिक परकोटे और बड़ा व छोटा दरवाजा की मरम्मत, सौंदर्यीकरण को लेकर बड़ी पहल की गई हैं। शनिवार को बड़ा दरवाजा से इसकी शुरुआत की गई। ईओ पंकज कुमार मंगल ने बताया कि 1251 मीटर लंबे परकोटे की दीवार को वॉकिंग ट्रेक में बदलने की योजना को लेकर नगर पालिका की ओर से परकोटे के संरक्षण व सौंदर्य के लिए तकनीकी सलाहकारों की सहायता ली जाएगी। इससे पूर्व परकोटे की पूर्ण सफाई करवाई जाएगी। इसके लिए रविवार को जनसहयोग से श्रमदान का आयोजन होगा। विधायक गोपाल खण्डेलवाल और उपखण्ड अधिकारी व नपा प्रशासक अजीत सिंह राठौड ने आमजन से सहयोग की अपील की हैं। ईओ मंगल का कहना हैं कि परकोटे के सौंदर्यीकरण से देसी-विदेशी पर्यटकों की संख्या बढ़ने से पर्यटन के साथ छोटे-बडे व्यवसायियों का व्यापार भी बढ़ेगा।

## एडवोकेट शीतल जैन की पांचवीं पुण्यतिथि मनाई




जयपुर टाइम्स

**धौलपुर(निस)।** राजाखेड़ा धौलपुर मार्ग पर शनिवार को अश्विनी जैन एडवोकेट के फार्म हाउस पर अश्वनी कुमार जैन व उनके पुत्र अभिनव जैन, आकाश जैन आदि की ओर से बाबा शीतल प्रसाद जैन की 5 वीं पुण्य तिथि पर विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया जिसमें बाबू जी के विचार एवं सिद्धांतों पर चर्चा की गई वो सदेव गरीब, असहाय पीड़ित लोगों के मददगार रहे उनके आदर्श व विचारों को अपने जीवन उतार कर अपना जीवन सार्थक करने का प्रयास करना चाहिए। अन्त में भण्डारे का आयोजन किया गया जिसमें जिसमें हजारों लोगों ने प्रसादी ग्रहण की। इस मौके पर नगरपालिका अध्यक्ष वीरेन्द्र सिंह जादौन, निर्वाचित बार संघ अध्यक्ष रामचित्र शर्मा, एडवोकेट धनंजय जैन,यशपाल सिंह, दिलीप गुप्ता, रवीन्द्र सिंह (बबलू) नत्थीलाल,तायव सिंह रीडर, इसलाम खान ,फरेन्द्र सिंह, छकोडीलाल, दिनेश शर्मा, सूरज सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

## संपूर्ण राजाखेड़ा की बिजली रहेगी बंद

जयपुर टाइम्स

**धौलपुर(निस)।** राजाखेड़ा विद्युत विभाग केकनिष्ठ अभियंता शहर मयंक मिश्रा ने बताया कि कल दिनांक 14/12/25 दिन रविवार को समय सुबह 9 बजे से दोपहर 1 बजे तक 33/11 केवी जीएसएस राजाखेड़ा से निकलने वाले सभी 11 केवी फ़ीडरो सिटी न 1,2,3,4,5, डीडवार फीडर,अंबरपुर फीडर की विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी उक्त अवधि में जीएसएस मेंटिनेंस का कार्य किया जाएगा।

## दो सौ जरूरतमंद लोगों को कम्बल वितरित

जयपुर टाइम्स

**मण्डावा(निस)।** श्री कृष्ण नवयुवक मण्डल में शनिवार को शकुन्तला देवी व सेठ परमानंद चूड़ीवाल की स्मृति में उनके पुत्र अरूणकुमार चूड़ीवाल - कोलकाता के आर्थिक सहयोग से करीब 200 जरूरतमंद लोगों को कम्बल वितरण की गई। कार्यक्रम में मण्डावा नपा अध्यक्ष नरेश सोनी, पूर्व चेयरमैन सज्जन मिश्रा, पार्षद हरिराम चेजारा, धनश्याम




देवड़ा , सुभाष बावलिया आदि मंचासीन अतिथि रहे। इस मौके पर पर अतिथियों ने चूड़ी वाल परिवार को साधुवाद देते हुए कहा कि सर्दी के मौसम में जरूरतमंदों व गरीबों को कंबल वितरण करना पुण्य का कार्य है और इस प्रकार के कार्य करने से समाज में सुख-समृद्धि का आगमन होता है। इस पहल को सर्द मौसम में जरूरतमंदो के लिए बड़ी राहत बताया है। उनका कहना है कि यह समाज में एक सकारात्मक संदेश भी देगा। कार्यक्रम में गोपाल देवड़ा, सुभाष चन्द्र, रोहित देवड़ा,. आदित्य रामगढ़िया सहित अनेक लोग उपस्थित रहे।

# संविधान और लोकतंत्र की रक्षा के लिए अग्रणी पंक्ति में खड़ा है कांग्रेस सेवादलः समृद्धि दीक्षित

जयपुर टाइम्स

**धौलपुर(निस)।** राजस्थान प्रदेश कांग्रेस सेवादल यंग ब्रिगेड के नवनियुक्त धौलपुर जिलाध्यक्ष परवेश पठान का आज जिला मुख्यालय धौलपुर स्थित जगदीश तिराहा, निजी आई.टी.आई., धौलपुर में आयोजित कार्यक्रम में कांग्रेस संगठन के नेतृत्व में कांग्रेस पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं की ओर से उत्साहपूर्ण व गरिमामय स्वागत-सम्मान किया गया। इस अवसर पर उन्हें माला पहनाकर एवं परंपरागत साफा धारण कराकर आदरपूर्वक अभिनंदन किया गया, जिससे कार्यक्रम में संगठनात्मक उत्साह और एकजुटता का संदेश स्पष्ट रूप से दिखाई दिया। जिला कांग्रेस सेवादल, धौलपुर की जिलाध्यक्ष समृद्धि दीक्षित ने



अपने संबोधन में कहा कि कांग्रेस सेवादल केवल एक संगठन नहीं, बल्कि अनुशासन, सेवा और संघर्ष की सशक्त परंपरा है। उन्होंने कहा कि सेवादल जिले में पार्टी संगठन को जमीनी स्तर पर मजबूत करने की जिम्मेदारी पूरी निष्ठा और समर्पण के साथ निभा रहा है। संगठन की वास्तविक शक्ति उसकी एकजुटता, अनुशासन और कार्यकर्ताओं की सक्रिय भागीदारी में निहित होती है। उन्होंने बताया कि कांग्रेस सेवादल की ओर से जिले में संगठन विस्तार, नए सदस्यों को संगठन से जोड़ने तथा कांग्रेस की विचारधारा, रीति-नीति और संविधानिक मूल्यों को जन-जन तक पहुँचाने का कार्य लगातार किया जा रहा है। जिलाध्यक्ष समृद्धि दीक्षित ने कार्यकर्ताओं से आह्वान करते हुए कहा कि वर्तमान समय में संविधान और लोकतंत्र की रक्षा सर्वोपरि है और इस संघर्ष में कांग्रेस सेवादल अग्रिम पंक्ति में खड़ा है। उन्होंने सभी कार्यकर्ताओं से 14 दिसंबर को दिल्ली में आयोजित वोट चोर गद्दी छोड महारैली में सम्मिलित होकर लोकतंत्र की रक्षा का संकल्प लेने का आग्रह किया। नवनियुक्त कांग्रेस सेवादल यंग ब्रिगेड के जिलाध्यक्ष परवेश पठान ने इस सम्मान के लिए शीर्ष नेतृत्व, संगठन और समस्त कार्यकर्ताओं का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वे इस महत्वपूर्ण दायित्व का निर्वहन पूर्ण ईमानदारी, निष्ठा और समर्पण के साथ करेंगे तथा कांग्रेस सेवादल को जिले में और अधिक सशक्त और सक्रिय बनाने के लिए निरंतर कार्य करते रहेंगे। कार्यक्रम में संगठन महासचिव धनेश जैन, नगर अध्यक्ष बनवारी लाल जाटव, ओबीसी जिलाध्यक्ष सोनू यादव, ब्लॉक अध्यक्ष रामभरोसी शर्मा, कोषाध्यक्ष लोकेंद्र कंडेरा रविंद्र मौर्य, भगवान सिंह जाटव, मंगल सिंह होरीलाल, सुरेंद्र कुमार, सेवादल महासचिव अभिषेक यादव, सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## रन फॉर सेफ्टी मैराथनः सड़क सुरक्षा रथ को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

### सुरक्षित सफर के लिए यातायात नियमों को सदेव अपनाएः संजीव मांगो

जयपुर टाइम्स

**धौलपुर(निस)।** राजस्थान सरकार की ओर से चलाए जा रहे सड़क सुरक्षा अभियान के अंतर्गत जिला परिवहन एवं सड़क सुरक्षा विभाग की ओर से रन फॉर सेफ्टी मैराथन का आयोजन किया गया। मैराथन दौड़ को जिला व सत्र न्यायाधीश संजीव मागो ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। न्यायाधीश संजीव मागो ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि वाहन चलाते समय सदैव यातायात नियमों का पालन करें। उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन की ओर से परिवहन विभाग के सहयोग से सड़क सुरक्षा के लिए जो आयोजन कराए जा रहे हैं वह काबिले तारीफ है उन्होंने मैराथन में भाग लेने वाले सभी प्रतिभागियों को शुभकामनाएं दी। जिला कलक्टर श्रीनिधि बी टी ने कहा कि बढ़ती सड़क दुर्घटनाओं पर जागरूकता के माध्यम से रोक लगाई जा सकती है इसलिए लोगों को यातायात नियमों के प्रति जागरूक करना हमारा उद्देश्य है। जिला पुलिस अधीक्षक विकास सांगवान ने कहा कि यदि आप वाहन चलते समय ट्रैफिक पुलिस को देखकर यातायात नियमों की पालना करते हैं तो आप अपने आप को धोखा दे रहे हैं। उन्होंने कहा कि ट्रैफिक पुलिस नियमित रूप से यातायात नियमों की पालना को लेकर समझाइश चल रही है तथा चालान भी किया जा रहे हैं। इस अवसर पर जिला परिवहन अधिकारी गौरव यादव ने 15 दिवसीय सड़क सुरक्षा अभियान की रूपरेखा के बारे में विद्यार्थियों को जानकारी दी। उन्होंने कहा कि विभाग द्वारा व्यापक स्तर पर जिले भर में जागरूकता अभियान के अंतर्गत एलईडी रथ तथा सड़क सुरक्षा जागरूकता रथ चलाया जाएगा जो कि जिले के सभी भागों में जाकर जागरूकता का लोगों में संचार करेगा। मैराथन दौड़ में बालिका वर्ग




में नीलम गुर्जर प्रथम, रसना गुर्जर द्वितीय व कविता मीणा तृतीय स्थान पर रही। पुरुष वर्ग में ब्रजकिशोर प्रथम, विजय सिंह द्वितीय व बिशन सिंह तृतीय स्थान पर रहे। विजेता प्रतिभागियों को अतिथियों द्वारा स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। जिसे जिला एवं सत्र न्यायाधीश संजीव मागो, जिला कलक्टर श्रीनिधि बी टी, जिला पुलिस अधीक्षक विकास सांगवान, जिला शिक्षा अधिकारी सुखो देवी, डिप्टी फिजिकल बृजेंद्र कोली, डॉ निखिल अग्रवाल, पूर्व डिप्टी फिजिकल विजय उदैनिया ने जिला परिवहन एवं सड़क सुरक्षा विभाग की ओर से नो हेलमेट नो एंट्री पोस्टर का विमोचन किया। साथ ही शहरी व ग्रामीण क्षेत्र के लिए सड़क सुरक्षा जागरूकता रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। जिला परिवहन अधिकारी ने बताया कि जागरूकता रथ शहरी क्षेत्र में तथा ग्रामीण क्षेत्र में अलग-अलग रवाना किए गए हैं जो की यातायात नियमों के वीडियो विजुअल के माध्यम से लोगों के बीच चलाई जा रहे हैं इसके अलावा यातायात नियमों को लेकर लगातार वॉइस के माध्यम से अभियान चलाया जा रहा है। समारोह में सहायक कमांडेंट सुरेश सांखला, परिवहन निरीक्षक दीपक शर्मा, ओम चौधरी, गौरव सक्सेना, शैलेंद्र वर्मा, वरिष्ठ शारीरिक शिक्षक चोब सिंह, अजय बघेल, राकेश परमार, परमजीत सिंह, पूजा नरसल, रचना सिंह, अनु वशिष्ठ, मोहम्मद जाकिर हुसैन, भूदेव त्यागी, योगेंद्र सिंह उपस्थित रहे। मंच का संचालन रंजीत दिवाकर ने किया।

## विकास रथों के माध्यम से आमजन तक पहुंचेंगी 2 साल की उपलब्धियां

### जिला कलक्टर ने किया रथों को रवाना

जयपुर टाइम्स

**धौलपुर(निस)।** राज्य सरकार का 2 वर्ष का कार्यकाल पूर्ण होने के उपलक्ष पर राज्य सरकार की उपलब्धियों, फ्लैगशिप योजनाओं, बजट घोषणाओं के व्यापक प्रचार- प्रसार के लिए जिले की 4 विधानसभा क्षेत्रों में विकास रथ



शनिवार को धौलपुर से रवाना हुए। इन विकास रथों पर लगी एलईडी पर ऑडियो-वीडियो के माध्यम से पिछले दो साल में राज्य व जिले में हुए विकास कार्यों, राज्य सरकार की महत्वपूर्ण योजनाओं एवं घोषणाओं की क्रियान्विति की जानकारी आमजन को दी जा रही है। जिले की 4 विधानसभा क्षेत्रों के लिए जाने वाले विकास रथों को जिला कलेक्ट्रेट में जिला कलक्टर श्रीनिधि बी टी व जिला पुलिस अधीक्षक विकास सांगवान ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इससे पहले उन्होंने इनका अवलोकन किया। जिला कलक्टर ने निर्देश दिए कि सभी विकास रथों की जन भागीदारी के साथ रूट चार्ट के अनुसार यात्रा सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कहा कि नोडल अधिकारी यह सुनिश्चित करें कि विकास रथ की विधानसभा क्षेत्रों में व्यापक पहुंच सुनिश्चित हो। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा के नेतृत्व में राज्य सरकार ने पिछले दो सालों में प्रदेश में विकास के जो कार्य किए हैं, उनकी जानकारी विकास रथों के माध्यम से आमजन तक पहुंचाई जाएगी। पिछले दो साल में जिले में भी विकास के कई कार्य किए गए है।

### विकास रथों के लिए कंट्रोल रूम किया स्थापितः

उपखण्ड अधिकारी धौलपुर ने बताया कि जिला मुख्यालय पर स्थापित जिला संपर्क केन्द्र कलेक्ट्रेट के कमरा नम्बर 51 जिसका दूरभाष नम्बर 05642-220033 में कंट्रोल रूम की स्थापना की गई है। जिसके प्रभावी संचालन के लिए लेखाधिकारी मांगीलाल आर्य मोबाइल नम्बर 9414413473 को प्रभारी अधिकारी नियुक्त किया गया है। उन्होंने बताया कि प्रथम पारी प्रातः 9 बजे से 2.30 बजे तक विष्णुदयाल शर्मा मोबाइल नम्बर 9887431035 तथा द्वितीय पारी दोपहर 2.30 बजे से 7.30 बजे तक मुकेश कुमार गौड मोबाइल नम्बर 8209771756 को नियुक्त किया गया है।

## एसएमसी व एसडीएमसी की दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला

जयपुर टाइम्स

**धौलपुर(निस)।** राजस्थान स्कूल शिक्षा परिषद जयपुर के आदेश की पालना में मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी महेश कुमार शर्मा के निर्देशन में विद्यालय विकास व प्रबंधन समिति की क्लस्टर स्तरीय दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन यूसीईईओ प्रभारी व प्रधानाचार्य महाराणा ओमवीर शर्मा की अध्यक्षता में हुआ। कार्यशाला का



शुभारंभ मां सरस्वती शारदे की पूजा आराधना से हुआ। मास्टर ट्रेनर एवं राज्य संदर्भ व्यक्ति भगवान सिंह मीना ने कार्यशाला में विद्यालय प्रबंधन समिति के गठन एवं समिति के सदस्यों की भूमिका से अवगत कराया। उन्होंने राजस्थान स्कूल शिक्षा परिषद जयपुर की गाइडलाइन के अनुसार प्रशिक्षण प्रदान किया तथा समिति के कर्तव्य एवं भूमिका के बारे में बताया जिसमें निगरानी और पर्यवेक्षण,संसाधन प्रबंधन, शिकायत निवारण, सामुदायिक सहभागिता,स्कूल की कार्यप्रणाली की निगरानी, समानता को बढ़ावा देना,योजना और विकास, संसाधन जुटाना, प्रभावी स्कूल प्रशासन सुनिश्चित स्कूल विकास योजना बनाना है। समग्र शिक्षा अभियान से प्राप्त अनुदान, विकास शुल्क व अन्य प्राप्त होने वाली राशियों का लेनदेन अथवा लेखा-जोखा इस समिति की ओर से संधारित किया जाता है। मास्टर ट्रेनर उपमा शर्मा ने बताया कि कुल एसडीएमसी सदस्यों में से कम से कम 50 प्रतिशत महिला सदस्य हो। एसडीएमसी की कार्यकारिणी समिति का कार्यकाल दो शैक्षिक सत्र के लिए होता है। इसके बाद नवीन कार्यकारिणी के लिए निर्वाचन होता है। एसडीएमसी गठन के बाद एक बोर्ड तैयार कर सभी कार्यकारिणी सदस्यों के नाम, पता, दूरभाष अथवा मोबाइल नंबर सर्व साधारण के लिए उपलब्ध कराए जाने चाहिए। प्रधानाचार्य ओमवीर शर्मा ने बताया कि माध्यमिक और उच्च माध्यमिक विद्यालयों में कक्षा 9 से 12 के विद्यार्थियों की शैक्षिक गुणवत्ता में सुधार व विद्यालय भवन के विकास संबंधी कार्य एसडीएमसी की ओर से करवाए जाते है। उन्होंने समस्त सदस्यों का धन्यवाद ज्ञापित किया। इस अवसर पर परिक्षेत्र की एसएमसी व एसडीएमसी के सदस्यों सहित समिति सदस्य अरविंद कुमार शर्मा,नीरज शर्मा,महेंद्र शर्मा,रतन सिंह लोधा,मुकेश गिरी,व्यवस्थापक शिवकुमार शर्मा सहित अन्य मौजूद रहे।

## राज्य की भाजपा सरकार का दो साल का कार्यकाल रहा बेमिसालः कुलहरी

जयपुर टाइम्स

**मण्डावा(निस)।** मण्डावा विधानसभा क्षेत्र में सरकार के दो वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में शनिवार को सिरियासर, भीमसर, शेखसर, भारुहेतमसर में सरकार का रथ पहुंचा। इस दौरान मण्डावा विधानसभा प्रभारी पूर्व विधायक सुभाष पुनिया ने शेखसर पंचायत में जनता को संबोधित करते




हुए बताया कि पिछले दो वर्षों में सुशासन, पारदर्शिता, जनकल्याण और समग्र विकास के नए मानक स्थापित करते हुए हमारी सरकार ने 'विकसित राजस्थान' के संकल्प को साकार रूप देने के लिए अनेक ऐतिहासिक एवं दूरदृष्टिपूर्ण निर्णय लिए हैं। इस दौरान पूर्व सांसद नरेन्द्र खिचड ने बताया कि सरकार की विकासकारी योजनाओं को जन-जन तक पहुँचाने हेतु व उन्हें सशक्त व आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाया है। झुन्झुनू जिला अध्यक्ष हर्षिनी कुल्हरी ने बताया कि आगामी वर्षों में भी सर्वांगीण विकास, जन-आकांक्षाओं की पूर्ति और समृद्ध व सशक्त राजस्थान के निर्माण के प्रति हमारी प्रतिबद्धता इसी दृढ़ता और प्रतिबद्धता के साथ निरंतर आगे बढ़ती रहेगी। इस दौरान भाजपा जिला मंत्री महावीर ढाका, राजेन्द्र ठेकेदार,पंचायत समिति सदस्य राहुल कुमास, शेखसर सरपंच प्रतिनिधि महेश पुनिया, भारु मंडल अध्यक्ष विकास ईशरवाल, डॉ सुरेन्द्र पुनिया, रामपाल सिंह डुडी, अमरसिंह डुडी, महावीर डुडी, राजेन्द्र सिंह, चंद्रपाल सिंह, कुरड़ाराम, विजय कुमार, नेकीराम, मांगीलाल, सांवरमल, बजरंगलाल, केसरदेव, सोनी खां, रणजीत, महेंद्र, इंद्राज, करणीराम ईशरवाल आदि ग्रामीण मौजुद रहें। इस दौरान ग्रामीणों ने सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं पर खुशी जाहिर करते हुए जनप्रतिनिधियों व सरकारी रथ का स्वागत किया। कार्यक्रम का संचालन पंचायत समिति सदस्य राहुल कुमास ने किया।

## *हरिसिंह सेवा समिति के कार्यकारिणी सदस्यो की बैठक आयोजित*

***मण्डावा(निस)।** ठाकुर हरिसिंह सेवा समिति परिवार की ओर से हरिसिंह की स्मृति में 28 जनवरी को आयोजित कार्यक्रम की रूपरेखा तैयार करने के लिए शनिवार को वाहिदपुरा में भवर कुज में बैठक आयोजित की गई। बैठक में हरिसिंह दूलड,हरलाल सिंह शेखावत, सतपाल सिंह निर्वान, नन्दु दुलड, सुभाष दुलड, नागर, प्रमोद, दलीप सिंह पधारकर अपने सुझाव दिए। इस बैठक में शैक्षणिक उत्कृष्ट कार्य व सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता कार्यक्रम की रूपरेखा तैयार कि गई।*

### बालिका विद्यालय में प्रतिभावान छात्राओं को किया सम्मानित

# मेहनत करने वालों को सम्मान मिलता हैः प्यारेलाल ढुकिया

जयपुर टाइम्स

**मंडावा(निस)।** कस्बे की समाजसेवी संस्थान श्री गांधी जनकल्याण समिति की ओर से श्रीमती नानीबाई जैपुरिया राजकीय बालिका उमावि में सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता में टॉप टेन रही छात्राओं का सम्मान किया गया। सीबीईओ पवन कुमार की अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भाजपा जिला उपाध्यक्ष प्यारेलाल ढुकिया थे। विशिष्ट अतिथि प्रधानाचार्य उर्मिला कुमारी, भाजपा मंडल अध्यक्ष मोहनलाल सैनी, भाजपा नेता संदीप



शर्मा, शिक्षाविद् हरलाल सिंह मोगा, पूनम बालिका कॉलेज के संचालक प्रवीण बगड़िया, उप प्रधानाचार्य अरुणा अरडावतिया थे। कार्यक्रम में अतिथियों द्वारा प्रतियोगिता में अव्वल रही टॉप टेन प्रतिभावान छात्रा क्रमश कंचन, प्रियंका सैनी, तनवी, हेमलता, मोनू मारवाल, समीरा, अनिता, नायला, गजाला व नंदिनी सैनी का माल्यार्पण कर नगद राशि व पाठ्य सामग्री प्रदान कर सम्मानित किया। मुख्य अतिथि प्यारेलाल ढुकिया ने संबोधन मैं कहा कि मेहनत करने वालों को सफलता व सम्मान दोनों मिलता है छात्राओं ने प्रतियोगिता में भाग लेकर अपनी श्रेष्ठता का प्रदर्शन करते हुए सम्मान पाया, जिंदगी में वही सफल हो पाता है जो अपने लक्ष्य को निर्धारित करके मेहनत के बल पर आगे बढ़ता है। संदीप शर्मा व हरलाल सिंह मोगा ने भी छात्राओं का हौसला बढ़ाते हुए कड़ी मेहनत के बल पर सफलता पाने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में शिक्षक रिछपाल सिंह, विजेंद्र सिंह, सुप्यार कुमारी, हेमंत राठौड़, कमला चौधरी, कमला मील, सरोज, सोनिया, आमीना, मंजू जाखड़, सुनीता, सलमा बानो, ओम प्रकाश, विनोद कुमार, राजेश चिराणिया, प्रहलाद राय सहित स्टाफ सदस्य मौजूद रहे।

शेखावाटी जयपुर टाइम्स

जयपुर, रविवार
14 दिसम्बर, 2025

## एसडीएम ने हरी झंडी देकर रथ यात्रा को रवाना किया



जयपुर टाइम्स

**तारानगर(निस)।** राज्य सरकार के दो वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष में बढ़ता राजस्थान हमारा राजस्थान के अंतर्गत राज्य सरकार की योजना की प्रचार व जनता की समस्याओं के निस्तारण के लिए तारानगर क्षेत्र के भालेरी ग्राम पंचायत से रथ यात्रा का प्रारंभ किया गया। उपखंड अधिकारी राजेंद्र कुमार व यात्रा प्रभारी वासुदेव चावला ने हरी झंडी दिखाकर रथ को रवाना किया। उक्त रथ यात्रा का कार्यक्रम आगामी 15 दिवस तक विधानसभा क्षेत्र में राज्य सरकार की उपलब्धियां और योजना का प्रचार प्रसार किया जाएगा। प्रशासन के अधिकारी लोगों के सुझाव प्राप्त करने हेतु यात्रा में साथ रहेंगे। यात्रा शुभारंभ कार्यक्रम के दौरान तहसीलदार तारानगर हनुमान सिंह, विकास अधिकारी अशोक कुमार, मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी बबलेश शर्मा सहित ब्लॉक स्तरीय अधिकारी व जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

## एसडीएम ने किया उप जिला अस्पताल का निरीक्षण, दिए निर्देश



जयपुर टाइम्स

**तारानगर(निस)।** उपखंड अधिकारी राजेंद्र कुमार ने शनिवार को तारानगर के उप जिला अस्पताल का निरीक्षण किया जिसमें जेएसवाई वार्ड, ओपीडी, एनबीएसयू वार्ड, लैब, ट्रॉमा वार्ड, ट्रॉमा यूनिट, ऑपरेशन थियेटर, रजिस्ट्रेशन काउंटर, आपात कालीन वार्ड आदि का निरीक्षण किया। सभी वार्ड की स्थिति संतोषजनक पाई गई। उप जिला अस्पताल प्रभारी देवीलाल जोशी को निर्देशित किया कि सभी चिकित्सक अस्पताल में निशुल्क दवाएं मरीजों को दे और निशुल्क जांच करवाएं जिससे राज्य सरकार की योजना का लाभ आमजन को मिल सके। एसडीएम राजेंद्र कुमार ने वार्ड में शौचालयों की सफाई व्यवस्था को माकूल करने के निर्देश प्रदान किए। निरीक्षण के दौरान ब्लॉक चिकित्सा अधिकारी गोपीराम व निजी सहायक कमल सैनी साथ रहे।

## एलएमबी किंग्स ने जीता डीडीपीएल का खिताबी मुकाबला




जयपुर टाइम्स

**सुजानगढ़(नि.सं.)।** धूम धड़ाका प्रीमियर लीग सीजन 2 के दूसरे दिन फाइनल में एलएमबी किंग्स ने विजय टाइटंस को 2 विकेट से हराकर टूर्नामेंट जीत लिया। विजय टाइटंस ने पहले खेलते हुए 77 रन बनाए। जवाब में एलएमबी किंग्स ने आखिरी ओवर में दो विकेट रहते जीत दर्ज कर ली। संदीप को फाइनल में तीन विकेट लेने पर मैन ऑफ द मैच चुना गया। वहीं आसिम छींपा को मैन ऑफ द टूर्नामेंट चुना गया। समापन समारोह में आनन्द जायसवाल, कमल डागा, महेन्द्र कच्छावा, धीरेन्द्र चोरड़िया, विजय सिंह बोरड़, बसन्त बोरड़ ने विजेता टीम को ट्रॉफी और खिलाड़ियों को मेडल प्रदान किए। संयोजक चंद्रकांत खुड़िया, वैभव सर्राफ, दिनेश गुर्जर, नितिन बोरड़ ने व्यवस्थाएं संभाली। इससे पहले हुए छात्राओं के मैच का उदघाटन सभापति नीलोफर गौरी ने बॉल खेलकर किया। मैच में नवजीवन वॉरियर्स ने पहले बैटिंग करते हुए 113 रन बनाए। जवाब में मां फैशन फाइटर की टीम 72 पर आउट हो गई। नवजीवन वॉरियर्स ने 41 रन से जीता। प्लेयर ऑफ द मैच आरती ने 5 विकेट लिए।

## भीमसर की स्कूल में विद्यार्थियों को स्वेटर वितरित




जयपुर टाइम्स

**सुजानगढ़(नि.सं.)।** कस्बे के निकटवर्ती गांव भीमसर की राजकीय महात्मा गांधी इंग्लिश मीडियम स्कूल में भामाशाह कमला सिंघी के सौजन्य से विद्यालय के 58 जरूरतमंद विद्यार्थियों को स्वेटर वितरित किए गए। कार्यक्रम में लॉयन्स क्लब के जॉन चैयरपर्सन एमजेएफ कमल तापड़िया, लॉयन सुनीता तापड़िया भी अतिथि के रूप में मौजूद रहे। प्रधानाचार्या पवन कंवर ने भामाशाह का आभार जताया। कार्यक्रम में रतनलाल प्रजापत, कुरड़ाराम, महेश सारण, सुरेंद्र कुमार आदि मौजूद रहे। भामाशाह कमला सिंघी का भामाशाह सुनीता कुमारी ने सम्मान किया। कार्यक्रम का संचालन अध्यापक राजेश कुमार, महेश कुमार ने किया।

### डबल इंजन की सरकार ने विकास को गति देकर नए आयाम स्थापित किए

# राज्य सरकार के दो वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष में सड़क सुरक्षा अभियान का जिला स्तरीय कार्यक्रम

### सड़क सुरक्षा जागरूकता रैली व जागरूकता रथ को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना





जयपुर टाइम्स

**चूरू(निस)।** प्रदेश सरकार के 02 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष में शनिवार को जिला मुख्यालय स्थित टाउन हॉल में सड़क सुरक्षा अभियान का जिला-स्तरीय कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में जिला कलक्टर अभिषेक सुराणा, निवर्तमान जिला प्रमुख वंदना आर्य, बसंत शर्मा, एडीएम अर्पिता सोनी सहित अधिकारियों, जनप्रतिनिधियों ने शिरकत की और राहवीरों का सम्मान किया तथा विभिन्न दुर्घटनाओं में मृतकों, घायलों को सहायता राशि की स्वीकृति प्रदान की। इसी के साथ सड़क सुरक्षा जागरूकता रैली व जागरूकता रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। जिला कलक्टर अभिषेक सुराणा ने कहा कि सड़क सुरक्षा समाज के प्रत्येक व्यक्ति की सामूहिक जिम्मेदारी है। यातायात नियमों की पालना, हेलमेट व सीट बेल्ट का उपयोग तथा निर्धारित गति सीमा में वाहन चलाकर ही दुर्घटनाओं को रोका जा सकता है। उन्होंने आमजन से अपिल करते हुए कहा कि हेलमेट व सीट बेल्ट का उपयोग करें तथा स्वयं भी सुरक्षित रहें और दूसरों को भी जागरूक करें। उन्होंने कहा कि 15 दिनों तक सड़क सुरक्षा अभियान चलाया जा रहा है। इस दौरान सड़कों पर ब्लैक स्पॉट को भी ठीक करने के प्रयास व उपचारात्मक कार्य किए जाएंगे। निवर्तमान जिला प्रमुख वंदना आर्य ने कहा कि प्रदेश सरकार की सड़क सुरक्षा को प्राथमिकता देते हुए निरंतर जागरूकता अभियान चलाए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि प्रदेश की संवेदनशील सरकार ने सड़क सुरक्षा के लिए संकल्पित प्रयास कर रही है। दुर्घटनाओं में पीड़ित परिवारों को त्वरित सहायता उपलब्ध कराई जा रही है। उन्होंने सोशल मीडिया स्टंट करने वाले वाहन चालकों को लेकर चिंता व्यक्त की और युवाओं को इससे दूर रहने की नसीहत दी। बसंत शर्मा ने कहा कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में प्रदेश सरकार ने राजस्थान के सर्वांगीण विकास को नई दिशा दी। पिछले दो वर्षों में प्रदेश में आधारभूत ढ़ांचे, सड़क नेटवर्क और यातायात व्यवस्थाओं में उल्लेखनीय सुधार हुआ है। उन्होंने आमजन से आग्रह किया कि सड़क पर चलते समय अनुशासन बनाए रखें और यातायात नियमों का पालन कर सुरक्षित परिवहन को बढ़ावा दें। उन्होंने कहा कि डबल इंजन सरकार के नेतृत्व में प्रदेश में विकास को नई गति मिली है तथा सड़क सुरक्षा को लेकर निरंतर प्रभावी कदम उठाए जा रहे हैं। उन्होंने युवाओं को अनुभवी प्रशिक्षकों की देखरेख में ड्राइविंग सीखने, यातायात नियमों की पालना करने एवं सुरक्षित यात्रा को अपनाने का आह्वान किया। डीटीओ नरेश कुमार बसवाल ने अतिथियों का स्वागत किया तथा सड़क सुरक्षा गतिविधियों की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि सड़क सुरक्षा अभियान का मुख्य उद्देश्य दुर्घटनाओं में कमी लाना व जन-जन तक सड़क सुरक्षा संदेश पहुंचाना है। उन्होंने बताया कि जिले में निरंतर जागरूकता रैलियां, कार्यशालाएं एवं प्रचार गतिविधियां आयोजित की जा रही हैं, जिससे नागरिकों में जिम्मेदार यातायात व्यवहार विकसित हो सके।एसीएमएचओ डॉ. अहसान गौरी व नर्सिंग अधीक्षक बजरंग हर्षवाल ने मुख्यमंत्री आयुष्मान आरोग्य योजना, राहवीर योजना, मुख्यमंत्री आयुष्मान दुर्घटना बीमा योजना के बारे में जानकारी दी। इस मौके पर अतिथियों ने सड़क सुरक्षा जागरूकता रैली व जागरूकता रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। जागरूकता रथ आमजन को यातायात नियमों, सुरक्षित ड्राइविंग व दुर्घटनाओं से बचाव, हेलमेट व सीट बेल्ट के महत्व के बारे में प्रचार-प्रसार करेगा। इस दौरान एडीएम अर्पिता सोनी, अभिषेक चोटिया, भास्कर शर्मा, सत्तार खान, सुरेश सारस्वत, धर्मेन्द्र राकसिया, नीरज जांगिड़, सीएमएचओ डॉ. मनोज शर्मा, सीडीईओ संतोष महर्षि, डीवाईएसपी सुनील झाझड़िया, सुखराम चोटिया सहित अन्य मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन शिवकुमार शर्मा व रवि दाधीच ने किया।

### पीड़ित प्रतिकर योजना के तहत प्रदान किए सहायता राशि स्वीकृति-पत्र

कार्यक्रम में सड़क दुर्घटना में घायलों को अस्पताल पहुंचाने वाले राहवीर सुरेन्द्र सिंह को अतिथियों ने सम्मानित किया। राहवीर सुरेन्द्र सिंह ने उपस्थितों को सड़क दुर्घटनाओं में घायलों को अस्पताल पहुंचाने और नैतिक दायित्वों के निर्वहन के लिए प्रेरित किया। अतिथियों ने पीड़ित प्रतिकर योजना के तहत विभिन्न सड़क दुर्घटनाओं में मृतकों के विधिक प्रतिनिधियों रणधीसर पड़िहारा के राकेश कुमार की पत्नी भगवती देवी, बीनासर के राजू सिंह के पिता रेवंत सिंह, चूरू के सुनिल कुमार की माता दुर्गा देवी, बड़ाबर निवासी केशराराम के पिता सेवाराम, छापर के परमेश्वर लाल की पत्नी बबीता, राजगढ़ निवासी राकेश कुमार की पत्नी वंदना शर्मा, धीरूखान की ढ़ाणी राजगढ़ के अकबर खान की पत्नी नसीम, सिरसा के कीर्ति नगर निवासी शाम बाबू की माता अनिता, झुंझुनूं के ठाटवाड़ी के साहिल के पिता राजेश, बीकानेर 04 चक 13 केजेडीपीओ खाजूवाला निवासी कैलाश के पिता कालूराम, हरियाणा के हंस कॉलोनी फतेहाबाद निवासी कृष्ण की पत्नी मंजू, थैलासर निवासी ईस्माइल कुरैशी की पत्नी फरीदा बानो को 02-02 लाख रुपए और सड़क दुर्घटना में घायल हनुमानगढ़ के रावतसर तहसील के कलासर निवासी ममता व चूरू के रतननगर के श्योपुरा निवासी मुरारीलाल को 50-50 हजार रुपए की सहायता राशि स्वीकृत कर स्वीकृति पत्र प्रदान किया।

### प्रतिभा व दानदाता सम्मान समारोह, विधायक ने की बड़ी घोषणा

## कन्या महाविद्यालय में 1 करोड़ की लागत से बनेगा भव्य ऑडिटोरियम !



जयपुर टाइम्स

**सरदारशहर(निस)।** शहर के राजकीय कन्या महाविद्यालय परिसर में प्रतिभा सम्मान एवं दानदाता सम्मान समारोह का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि विधायक पं. अनिल शर्मा, नोडल प्राचार्य डॉ कविता शर्मा, प्राचार्य डॉ योगेश चाहर ने दीप प्रज्वलन के साथ किया। इस अवसर पर विधायक शर्मा ने विधायक कोष से दिए 37 लाख के फर्नीचर का लोकार्पण किया। महाविद्यालय प्राचार्य डॉ चाहर ने विधायक की ओर से दिए गए 37 लाख रुपए के फर्नीचर के लिए उनका आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में महाविद्यालय के विकास में निरंतर सहयोग प्रदान करने वाले दानदाताओं को भी सम्मानित कर उनके योगदान के प्रति आभार व्यक्त किया गया।महाविद्यालय प्राचार्य ने अपने उद्बोधन में कहा कि प्रतिभावान छात्राओं और सहयोगी दानदाताओं का योगदान संस्था की प्रगति का मजबूत आधार है। इस अवसर पर महाविद्यालय की छात्राओं ने रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियां देकर कार्यक्रम को रोचक बना दिया। इस अवसर पर शैक्षणिक, खेल, सांस्कृतिक एवं अन्य सह-पाठ्यक्रम गतिविधियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। समारोह को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि विधायक पं.अनिल शर्मा ने विद्यार्थियों को लक्ष्य के प्रति समर्पित होकर आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया तथा दानदाताओं के सामाजिक योगदान की सराहना की। साथ ही उन्होंने कहा कि इस महाविद्यालय के लिए सिर्फ सरकार ही नहीं बल्कि व्यक्तिगत रूप से मैं तन मन धन से हमेशा तैयार हूं। आने वाले समय में उन्होंने महाविद्यालय के लिए लगभग 1 करोड़ की लागत से ऑडिटोरियम बनवाने का आश्वासन दिया। कार्यक्रम में दानदाता के रूप में वेद प्रकाश चोटिया, श्यामलाल माली, शीशराम मूंड आदि का भी सम्मान किया गया। श्यामलाल माली ने महाविद्यालय को एक प्रिंटर भेंट किया। कार्यक्रम में दुर्गाराम पारीक, जितेंद्र राजवी, उमरदिन सैयद, मनफूल खां फौजी, बाबूलाल सैनी, वासुदेव शर्मा जैतसीसर, गजानंद पारीक पूलासर सहित अन्य लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम में महाविद्यालय के शिक्षकगण, कर्मचारी, विद्यार्थी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन डॉ गजेंद्र दान चारण व सह आचार्य नवीन कुमार पारीक ने किया। समारोह का समापन सह आचार्य नवीन कुमार पारीक की ओर से धन्यवाद ज्ञापन के साथ किया गया।

### विधायक कोटे से सरकारी विद्यालय को मिली बड़ी सौगात

## बैनाथा जोगलिया स्कूल में 200 विद्यार्थियों के लिए 100 टेबल- बेंच वितरित



जयपुर टाइम्स

**बीदासर(निस)।** बैनाथा जोगलिया स्थित राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय के विद्यार्थियों के लिए शनिवार का दिन खुशखबरी लेकर आया। विधायक स्थानीय क्षेत्र विकास निधि (विधायक कोटा) से 10 लाख रुपए का विद्यालय को 200 विद्यार्थियों के बैठने के लिए 100 टेबल व 100 बेंच उपलब्ध कराए गए। फर्नीचर मिलने से विद्यालय में अध्ययनरत विद्यार्थियों और शिक्षकों में खुशी की लहर दौड़ गई। विद्यालय की प्रधानाचार्य आरती मेहरा ने जानकारी देते हुए बताया कि गत 15 अगस्त को स्वतंत्रता दिवस समारोह के दौरान विधायक मनोज मेघवाल की ओर से विद्यालय के विद्यार्थियों की शैक्षणिक सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए फर्नीचर उपलब्ध कराने की घोषणा की गई थी। इस घोषणा की जानकारी स्थानीय कार्यकर्ता पुनाराम मेघवाल ने दी। अब विधायक की घोषणा के अनुरूप विद्यालय को फर्नीचर प्राप्त हो गया है। प्रधानाचार्य ने बताया कि लंबे समय से विद्यार्थियों को पर्याप्त फर्नीचर की आवश्यकता महसूस हो रही थी। नए टेबल-बेंच मिलने से विद्यार्थियों को बैठने में सुविधा मिलेगी, कक्षाओं में अनुशासन रहेगा और पढ़ाई का वातावरण और अधिक बेहतर होगा। इससे विद्यार्थियों की पढ़ाई में रुचि बढ़ेगी और शैक्षणिक गुणवत्ता में सुधार आएगा। विद्यालय परिवार की ओर से विधायक मनोज मेघवाल का आभार प्रकट करते हुए कहा गया कि विधायक की ओर से क्षेत्र के सरकारी विद्यालयों की मूलभूत सुविधाओं पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है, जिससे ग्रामीण क्षेत्र के विद्यार्थियों को भी बेहतर शिक्षा सुविधाएं मिल सकें। इस अवसर पर रतनलाल नेहरा, दुर्गाराम गोदारा, जीतूसिंह, मदनसिंह, खेताराम मेघवाल, गीगाराम मेघवाल, कानाराम नेहरा, प्रभुराम, थानाराम कताला सहित विद्यालय का समस्त स्टाफ उपस्थित रहा। सभी ने विधायक के इस जनहितकारी कार्य की सराहना की।

## बच्चों को अधिकारों के प्रति जागरूक होना आवश्यक



जयपुर टाइम्स

**चूरू(निस)।** राजस्थान महिला कल्याण मंडल चूरू की परियोजना एक्सेस टू जस्टिस फ़ोर चिल्ड्रन फ़ेस थ्री रुकैया पठान की नेतृत्व में राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय ढाढर में आयोजित किया गया।कार्यक्रम में संस्था की टीम से सुमन चोपड़ा की ओर से बच्चों को सुरक्षित व सुरक्षित स्पर्श की जानकारी दी गई। साथ ही सतर्क रहकर सुरक्षित रहने के लिए बच्चों को संबोधित किया गया विद्यालय के उपाप्राचार्य ने बच्चों को संबंध करते हुए कहा कि सुरक्षित बचपन से ही सुरक्षित भारत का विकास होता है। जब बच्चों का बचपन ही सुरक्षित नहीं रहेगा तो उनका विकास कैसे होगा, इसलिए बच्चों को अपने अधिकारों के प्रति जागरूक होना अति आवश्यक है। विद्यार्थियों का बाल विवाह एक अभिशाप है। थीम को लेकर नुक्कड़ नाटक किया गया नाटक को विस्तृत में उल्लेख करते हुए पोक्सो काउंसलर सुमन चोपड़ा की ओर से बाल विवाह के दुष्प्रभाव की जानकारी दी गई। संस्था के रेस्क्यू कोऑर्डिनेटर रिजवान खान, फिल्ड कोर्डिनेटर जयकरण काउंटीवाल, ज्योति बागड़ी की ओर से बच्चों के मध्य प्रतियोगिताएं करवाई गई।प्रतियोगिता में 50 से अधिक विद्यार्थियों ने भागीदारी ली। प्रतियोगिता में विजय पंकज व मनीषा होनहार बालक बालिकाओं सहित 20 बच्चों को संस्था के प्रतीक चिन्ह, मेडल, भेंट करके पुरस्कृत किया गया। बच्चों को बाल विवाह रोकथाम के लिए शपथ दिलवाई गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्यालय की प्रधानाचार्य हवासिंह सहारण ने की। प्राचार्य ने संस्था की भूरी भूरी प्रशंसा की। मंच का संचालन एमीचंद व्याख्याता ने किया। संस्था को धन्यवाद के रूप में प्रशंसा पत्र दियाद्व कार्यक्रम में वरिष्ठ अध्यापक मानसिंह सामौर पीटीआई खुर्शीद मोहम्मद, प्रियंका जांगिड़, उर्मिला, उषा कुमारी, राकेश कुमार, यासिन खान ,भुरवा राय, प्रियंका चौधरी आदि उपस्थित रहे।

## मूंग व मूंगफली की तुलाई में गड़बड़ी, जांच की मांग को लेकर सौंपा ज्ञापन



जयपुर टाइम्स

**सरदारशहर(निस)।** शहर के एसडीएम कार्यालय पर शनिवार को राष्ट्रीय लोकतांत्रिक पार्टी के कार्यकर्ताओं ने विरोध प्रदर्शन करते हुए मूंग व मूंगफली की तुलाई में हो रहे भ्रष्टाचार को रोकने की मांग को लेकर 8 सूत्रीय मांगों को लेकर एसडीम को कृषि मंत्री के नाम ज्ञापन देकर समस्याओं के समाधान की मांग की है। ज्ञापन में बताया कि कृषि उपज मंडी में सरकारी आदेश के बाद मूंग व मूंगफली की तुलाई कृषि उपज मंडी में नहीं करते हुए वहां से दूर अलग स्थान बनाकर मूंग व मूंगफली की तुलाई की जा रही है। जिससे किसानों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ता हैं। तुलाई कृषि उपज मंडी में करनी चाहिए। किसानों के साथ तुलाई में भ्रष्टाचार किया जा रहा है। जिसको लेकर कई बार किसानों की ओर से शिकायत की गई लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई है। हमारी मांगों पर शीघ्र ही किसानों की समस्या का समाधान नहीं किया गया तो बुधवार को राष्ट्रीय लोकतांत्रिक पार्टी के बैनर तले बड़ी संख्या में किसानों की ओर से एसडीम कार्यालय का घेराव कर धरना प्रदर्शन किया जाएगा। ज्ञापन देने वालों में राष्ट्रीय लोकतांत्रिक पार्टी के सांवरमल जाखड़, राकेश चौधरी, शिवा चौधरी, सुरेंद्र थाणक, राज जाखड़ भादासर, आदिल खान, दौलतराम सारण, हरि ज्याणी, महावीर घेतरवाल, राजू जाखड़, जेपी सैनी, धिरेन्द्र सैनी, गजानंद जाट, सांवरमल जाट, राजेन्द्र सिंह गोधा, आबिद खान, महेंद्र सरदारी, मनफूल सारण, जगदीश प्रसाद सैनी, अर्जुन सैनी सहित अनेक कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

स्वात्वाधिकारी, कैम्ब्रिज मल्टीमीडिया प्रा.लि. के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक रामेश्वरलाल जाट द्वारा कैम्ब्रिज मल्टीमीडिया प्रा.लि., सी-565 सी, 4 सी स्कीम, न्यू लोहा मंडी रोड, सीकर रोड़ जयपुर में मुद्रित एवं सी-565 सी, 4 सी स्कीम, न्यू लोहा मंडी रोड, सीकर रोड़ जयपुर -302013 से प्रकाशित।
सम्पादक : नीतू चौधरी, सी-588, 4सी स्कीम, न्यू लोहा मण्डी रोड, जयपुर-302013 मो. : 7014217770, E-Mail : jaipurtimes2007@gmail.com *पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के जिम्मेदार, समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र जयपुर।